4 रायपुर संभाग
छत्तीसगढ़ के किसानों के हक बिजली अन्य राज्यों को...

6 अभिमत
एक नए युग का ऐतिहासिंक शुभारंभ

09 विविध
कुंडा में विधायक भावना बोहरा ने जन-भावना मुलाकात में...

10 संस्कारधानी
ब्रेक मेरे लिए बहुत जरूरी था- नेहा

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 03 मार्च 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-191 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### बिहार को विकसित बनाएंगे : पीएम मोदी



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में विकसित बिहार बनाएंगे और इसके लिए वह कृतसंकल्पित और प्रतिबद्ध हैं। मोदी ने रतनुआ में आयोजित कार्यक्रम में करीब साढ़े 21 हजार करोड़ रुपये की लागत वाली अलग अलग विकास योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि एक बार फिर बिहार ने डबल इंजन सरकार के जरिए विकास की रफ्तार पकड़ ली है और आज औरंगाबाद की धरती से बिहार के विकास का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास की गंगा बहने वाली है।

### गौतम गंभीर ने लोकसभा चुनाव न लड़ने की जतायी इच्छा



**नयी दिल्ली।** लोकसभा की पूर्वी दिल्ली सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद गौतम गंभीर ने आगामी लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। गंभीर ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से उन्हें राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है ताकि वह अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केन्द्रित कर सकें। उन्होंने नड्डा को संबोधित एक एक्स पोस्ट में कहा कि उन्हें लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिये वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देते हैं।

### हिमाचल में कांग्रेस की सरकार कायम, बगावतियों पर होगी कार्रवाई : दिग्विजय



**मुरैना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पर कथित तौर पर संकट को लेकर कहा कि वहां सरकार कायम है और बगावतियों पर समय आने पर कार्रवाई की जाएगी। सिंह राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल होने के लिए आज यहां आए हुए हैं। इसी मौके पर उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार कायम है। सरकार के गिरने की अफ्वाहें वही षड़यंत्रकारी लोग फैला रहे हैं, जिन्होंने कांग्रेस की सरकारें गिराने का ठेका लिया हुआ है। उन्होंने कहा कि वक्त आने पर बगावतियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सुनील सोनी समेत नौ सांसदों की छुट्टी

## बृजमोहन रायपुर, सरोज कोरबा, विजय और संतोष को फिर मौका

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को 195 उम्मीदवारों की पहली सूची घोषित की। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में शनिवार शाम को प्रेस कांफ्रेंस में उम्मीदवारों की घोषणा की गयी। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने 16 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों से 195 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित किये हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी परंपरागत सीट वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा उम्मीदवारों में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत तथा 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री शामिल हैं। राज्यवार सूची में उत्तर प्रदेश की 51 , पश्चिम बंगाल की 26 , मध्य प्रदेश की 24, गुजरात की 15 , राजस्थान की 15 ,केरल की 12 , तेलंगाना की 9, असम की 11 , झारखंड की 11, छत्तीसगढ़ की 11 , दिल्ली की 5, जम्मू कश्मीर की 2 , उत्तराखंड की 3, गोवा , अंडमान और दमन की एक-एक सीट के लिए उम्मीदवार घोषित किये गये हैं।



भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर से कद्दावर मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। बृजमोहन वर्तमान में विष्णुदेव साय की सरकार में कैबिनेट मंत्री है। वहीं राज्य सभा में सरोज पाण्डेय को ना भेजकर लोकसभा के लिए कोरबा से प्रत्याशी बनाया गया है। राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय पर केन्द्रीय नेतृत्व में फिर भरोसा जताते हुए उन्हें दोबारा मौका दिया गया है। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से सांसद विजय बघेल को एक बार फिर से मैदान में उतारा गया है। विजय बघेल मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल को विधानसभा चुनाव के दौरान कड़ी टक्कर दी थी। वहीं बिलासपुर से तोखन साहू को प्रत्याशी घोषित किया गया है। सरगुजा से चिंतामणि महाराज को प्रत्याशी घोषित किया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान टीएस सिंहदेव की नाराजगी की वजह से चिंतामणि महाराज की टिकट काट दी गई थी। नाराज चिंतामणि ने भाजपा ज्वाइंन कर लिया। अब वह भाजपा के सरगुजा प्रत्याशी घोषित किए गए है। वहीं रूप कुमारी चौधरी को महासमुंद से प्रत्याशी बनाया गया है। महेश कश्यप को बस्तर से तथा भोजराज नाग को कांकेर से प्रत्याशी घोषित किया गया है। कमलेश जांगड़े को जांजगीर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। राधेश्याम राठिया को रायगढ़ लोकसभा के लिए प्रत्याशी बनाया गया है।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बनारस से एक बार फिर लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाए गए है। वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान को भी लोकसभा चुनाव में उतारा जा रहा है। शिवराज को विदिशा से प्रत्याशी घोषित किया गया है। इसके साथ ही वीडी शर्मा, ज्योतिराज सिंधिया को भी प्रत्याशी बनाया गया है। जनार्दन मिश्रा को रीवा से तीसरी बार प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं मंडला से फग्गन सिंह कुलश्ते को प्रत्याशी घोषित किया गया है।**



# शाह ने शहरी सहकारिता विकास निगम लिमिटेड का उद्घाटन किया

वार्ता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शहरी सहकारी बैंकों के अम्ब्रेला संगठन, राष्ट्रीय शहरी सहकारिता वित्त और विकास निगम लिमिटेड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सहकारिता राज्य मंत्री बी एल वर्मा और डॉ. आशीष कुमार भूटानी, सचिव सहकारिता मंत्रालय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि जब तक सहकारी संस्थाओं के बीच सहकार और परस्पर आगे बढ़ने की ताकत नहीं दी जाएगी, तब तक आगे नहीं बढा जा सकता। उन्होंने कहा कि लगभग 20 साल के संघर्ष के बाद विकास निगम लिमिटेड की स्थापना हो रही है और ये सबके लिए बहुत शुभ दिन है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले सहकारिता मंत्रालय और सहकारिता क्षेत्र अनेक मंत्रालयों में बिखरा हुआ था। उन्होंने कहा कि आज़ादी के 75 वर्षों के बाद अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकारिता को एक नया जीवन दिया गया है। उन्होंने कहा कि सवा सौ साल तक सहकारिता क्षेत्र जूझता रहा और अपने अस्तित्व को बचाता रहा, लेकिन अब सरकारी व्यवस्था के सहयोग से ये द्रुत गति से चलेगा तथा देश के अर्थतंत्र में अपना सम्मान हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन को जनआंदोलन के स्वरूप में बदलने का प्रयास किया जा रहा है। शाह ने कहा कि ये अंब्रेला संगठन समय की ज़रूरत था और स्वनियमन के लिए एक प्रकार की नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि इस संगठन के बनने के बाद देश में अर्बन कोऑपरेटिव बैंकों का विकास कई गुना बढ़ जाएगा। उन्होंने कहा, हमारी विश्वसनीयता के लिए बेहद ज़रूरी है कि हम खुद को अपग्रेड करें और भारतीय़ रिज़र्व बैंक के सभी नियमों का पालन करें। अगर हम ऐसा नहीं करते तो आने वाले समय में स्पर्धा में नहीं टिक सकेंगे। उन्होंने कहा कि अंब्रेला संगठन का एक प्रमुख काम छोटे से छोटे बैंक को तैयार करना होना चाहिए। उन्होंने कहा, हमें हर शहर में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक खोलने का लक्ष्य रखकर आगे बढ़ना चाहिए। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा कि कोऑपरेटिव फाइनेंस में अच्छा काम करने वाली क्रेडिट सोसाइटी को बैंक में बदलने के लिए इस अंब्रेला संगठन को एक व्यवस्था करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विकास निगम लिमिटेड का एक उद्देश्य क्रेडिट सोसाइटीज और अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की सेवाओं और संख्या में विस्तार करना भी होना चाहिए। हमें एक समयबद्ध कार्यक्रम बनाना चाहिए कि हर शहर में एक अर्बन कोऑपरेटिव बैंक कैसे बने। उन्होंने कहा कि कोऑपरेटिव मूवमेंट को जिंदा रखने के लिए इसे प्रासंगिक भी बनाना होगा।

## रामेश्वरम कैफे में बम विस्फोट करने वाला जल्द होगा गिरफ्तार

एजेंसी ◄ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारामैया ने रामेश्वरम कैफे में विस्फोट के पीछे के व्यक्ति को गिरफ्तार करने का भरोसा जताया क्योंकि सीसीटीवी कैमरों ने उसकी गतिविधियों को कैद कर लिया है। सिद्दारामैया ने कहा कि इस धमाके में 10 लोग घायल हो गए हैं। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि यह आतंकवादी हमला है या इसके पीछे किसी संगठन का हाथ है। हालांकि पुलिस इस संबंध में जांच कर रही है। सिद्दारामैया ने यह भी कहा कि यह पता लगाने के लिए गहन जांच चल रही है कि क्या वर्ष 2022 के मेंगलुरु कुकर विस्फोट और रामेश्वरम कैफे विस्फोट के बीच कोई समानताएं हैं। बाद में सिद्दारामैया ने ब्रुकफील्ड अस्पताल का दौरा किया और विस्फोट पीड़ितों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार सभी मरीजों के इलाज का खर्च वहन करेगी। उन्होंने कहा, लगभग 10 लोग घायल हैं। तीन यहां ब्रूकफील्ड अस्पताल में हैं, और छह अन्य वैदेही अस्पताल में भर्ती हैं। मैं भी वहां जा रहा हूं। मरीज ठीक हो रहे हैं। इस बीच राज्य के गृह मंत्री डॉ. परमेश्वर ने सिद्दारामैया के साथ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक की पुष्टि की है।

## राहुल गांधी की यात्रा पहुंची मध्यप्रदेश के मुरैना



**मुरैना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' राजस्थान के धौलपुर की सीमा से मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में पहुंची, जहां पर उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और अन्य नेताओं ने गांधी का मध्यप्रदेश पहुंचने पर स्वागत किया। इस दौरान हजारों की संख्या में भीड़ मौजूद रही। गांधी के काफिले का धौलपुर से मुरैना के बीच कई स्थानों पर स्वागत हुआ। यात्रा के मध्यप्रदेश में प्रवेश के दौरान मुरैना में पटवारी के अलावा विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव समेत लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित रहे। गांधी की यात्रा मुरैना जिले से शाम को ग्वालियर पहुंचेगी, रात्रि विश्राम होगा। यह यात्रा राज्य में छह मार्च तक रहेगी।

### विकास की गति में अवरोध बनी मोदी सरकार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय देश ने प्रगति की जो रफ्तार पकड़ी थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उस गति में अवरोध बनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नेतृत्व वाली सरकार ने गरीबों को मजबूती प्रदान कर देश को विकास की रहा दिखाई लेकिन मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में सिर्फमित्रों का हित साधा जा रहा है।




## पत्थलगांव में लिंक कोर्ट प्रारंभ करने की घोषणां

# 12 मार्च को किसानों को भुगतान की जाएगी धान के अंतर की राशि : मुख्यमंत्री साय

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



12 मार्च को किसानों को धान के अंतर की राशि लगभग 13 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम तामामुंडा में स्थित गिरी गोवर्धन धाम के सार्वजनिक सांस्कृतिक मंडप सहित अखिल भारतीय महाकुल (यादव) समाज लोकार्पण समारोह में शामिल होने के दौरान कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्थलगांव में लिंक कोर्ट प्रारंभ करने की घोषणा भी की। उन्होंने गिरी गोवर्धन पर्वत के सुगम सीसी मार्ग निर्माण के लिए 32 लाख रुपए, फरसाबहार में सांस्कृतिक मंडप के लिए 10 लाख रुपए, शिवमन्दिर से कासाटोली 12 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने सभा को संबोधित करते हुए कि आज आप लोगों ने जो स्वागत किया है उसे मैं हमेशा याद रखूंगा। मेरा अनेक जगह स्वागत फलों से, धान से, लड्डुओं, मिठाईयों आदि सामग्रियों से वजन कर किया गया है। मेरे पूरे राजनैतिक जीवन में पहली बार स्वागत घी से तौल कर किया गया। इसके लिए मैं पूरे यदुकुल समाज का आभारी रहूंगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमने ढाई महीने के अल्पकाल में छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर ले जाने का कार्य किया है। हमने 18 लाख लाख प्रधान मंत्री आवास स्वीकृत किए। जो युद्ध स्तर में बनना प्रारंभ हो गया है। हमने माताओं को महतारी वंदन योजना से आर्थिक रूप से सशक्त करने का प्रयास कर रहे है। इस साल हमने रिकार्ड धान की खरीदी की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि आने वाले 15 दिनों में तेंदुपत्ता की खरीदी समर्थन मूल्य में हो जाएगी। साथ ही तेंदुपत्ता संग्राहको के लिए चरण पादुका एवं बच्चो के लिए छात्रवृत्ति प्रारंभ की जाएगी। हमने मोदी के गारंटी के तहत कार्य करते हुए लोगों के सपने को साकार करने का कार्य कर रहे है। इस साल बजट में जशपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार पर फोकस किए है। जिसमें कुनकुरी में 220 बेड के सर्व सुविधा युक्त हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। जिसका कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। इसके साथ ही हमने जिले में 4 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किए है। जिसका सीधा लाभ निश्चित ही क्षेत्र के जनता को मिलेगा। इस दौरान पत्थलगांव विधायक गोमती साय, पूर्व विधायक भरत साय, पद्मश्री जोगेश्वर यादव, रोहित साय, विजय आदित्य सिंह जूदेव सहित समाज के तीन राज्य छत्तीसगढ़, झारखंड एवं उड़ीसा के प्रदेश अध्यक्ष, गिरी गोवर्धन धाम समिति अध्यक्ष लोचन प्रसाद यादव, जिलाध्यक्ष गणेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आनंदीबेन ने मिर्जापुर में किया स्वतंत्रता सेनानी झूरी बिंद की प्रतिमा का अनावरण

एजेंसी < मिर्जापुर
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मिर्जापुर शहर के दोमुहवां तिराहे पर स्वतंत्रता सेनानी झूरी बिंद के प्रतिमा का अनावरण किया। राज्यपाल ने पालिटेक्निक कालेज के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं इस वर्ष परीक्षा में जिले सर्वाधिक अंक पाने वाली छात्राओं को सम्मान स्वरूप साइकिलें भी बांटी। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए पटेल ने कहा कि बेटियों की पढ़ाई मेरी दृष्टि में सबसे आवश्यक है। हर महिला को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। महिलाओं का विकसित होना भारत के विकसित होने की गारंटी है। महिलाएं विकसित होती है तो भारत विकसित है। यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में जाती हूं और विशेष प्रदर्शन करने वाली लड़के लड़कियां उनका अवार्ड दिया जाता है उसमें 80 प्रतिशत गोल्ड मेडल लेने वाली लड़कियां और 20 प्रतिशत लड़के हैं। लड़कियां सरकारी स्कूल में फ्री में पढ़ती हैं वह कॉलेज में 80 प्रतिशत गोल्ड मेडल ले जाती है जो हम हाई फाई स्कूलों में लड़कों को पढ़ाते हैं वह 20प्रतिशत में आ जाते हैं। राज्यपाल ने सलाह दी कि आंगनबाड़ी से लेकर यूनिवर्सिटी तक एक चैनल बनना चाहिए। यूनिवर्सिटी के लोगो को कैंपस से बाहर निकलकर आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचना चाहिए। आंगनबाड़ी के बच्चों को यूनिवर्सिटी लाकर दिखाओ कि आप अच्छे से पढ़ोगे तो आपको यह यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिलेगा आप आगे बढ़ेंगे। पटेल ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण एवं विकसित भारत को केन्द्र में रखा और कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाएं जन जन तक पहुंचनी चाहिए। जिससे जनहित कारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि 2025तक भारत टीबी रोग मुक्त बनाना है। इस मुहिम को आंदोलन के रूप में चालाना होगा। स्वास्थ्य सुविधाओं से युक्त इस काल में टीबी रोग का अब भी होना एक अभिशाप है। राज भवन के माध्यम से सभी जनपदों में हम लोगों ने अभियान चलाया है पूरे उत्तर प्रदेश में 3 लाख से ज्यादा मरीज स्वस्थ हो चुके हैं। इससे पहले उनके यहां पहुंचने पर स्थानीय सांसद केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने स्वागत किया। भाजपा के विद्यायक रत्नाकर मिश्र राज्यसभा सांसद रामसकल, विनोद विंद रिंकी कोल सहित कई जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। हैलिपैड पर कमिश्नर मुथुकुमार स्वामी एवं जिलाधिकारी प्रिंयका निरंजन ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। सभा स्थल पर अनुप्रिया पटेल ने केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की विगत दस साल की संक्षेप में रिपोर्ट कार्ड रखा। तथा जिले के विकास कार्यों की चर्चा की।

## भजनलाल शर्मा ने 'शक्ति वंदन' कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जवाहर कला केन्द्र में जयपुर नगर निगम ग्रेटर द्वारा दो से चार मार्च तक आयोजित 'शक्ति वंदन' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शर्मा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने 'एक खत मोदी के नाम' स्टॉल पर जाकर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संदेश लिखा तथा सेल्फी पॉइन्ट पर सेल्फी भी ली। शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजनकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि 'सशक्त महिला से समृद्ध समाज की ओर एक पहल' थीम पर आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनियां, टॉक शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह एवं फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# हिमाचल में चार एनएच व 350 सड़कें यातायात के लिए बंद

एजेंसी < शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रेड अलर्ट के बीच हिमपात लगातार जारी है। शिमला सहित अन्य क्षेत्रों में बारिश हो रही है। हिमपात से चार राष्ट्रीय राजमार्ग और 350 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। कोई 1314 बिजली ट्रांसफॉर्मर व 10 पेयजल योजनाएं भी ठप हैं। कुल्लू और लाहौल स्पीति जिला में भारी बारिश हो रही है। सुबह 10 बजे तक केलांग ने 40 सेंमी, उदयपुर में 40, सिस्सू में 30, नार्थ पोर्टल 30, साउथ पोर्टल में 60 सेंटीमीटर, कोकसर में 45, दारचा रोहतांग में 90, बरालाचा में 100, कुंजम पास में 100, शिंकुला दर्रा 110 सेंटीमीटर हिमपात का अनुमान है। इसके अलावा जलोडी दर्रा में 30 और सोलंगनाला में 30 सेंमी ताजा हिमपात हुआ है। भारी हिमपात के चलते जनजातीय जिला किन्नौर के सभी ग्रामीण रूटों पर वाहनों की आवाजाही बंद है। ऊपरी शिमला, किन्नौर और आउटर सिराज के ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात का दौर जारी है। निचले क्षेत्रों में बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त है। किन्नौर के पूर्वणी, यूला, रल्ली और निगुलसरी में भूस्खलन से एनएच पांच बंद है। जिला कुल्लू और लाहौल में बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिला कुल्लू में दो दिनों बारिश का दौर जारी है। खासकर रात से मूसलाधार बारिश होने से ब्यास नदी के साथ सरवरी खड्ड का जलस्तर एकाएक बढ़ गया है। छरूडू के पास भूस्खलन होने से कुल्लू-मनाली वामतट बंद हो गया है। भुंतर मणिकर्ण सड़क में जगह जगह भूस्खलन हुआ है। हिमपात व बारिश से जिला में कई सड़कों के साथ कई क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई ठप हो गई है। भारी बारिश के बीच शनिवार को हजारों विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे। चंबा जिला में बारिश और हिमपात ने कहर ही बरपा दिया है। जनजातीय क्षेत्र पांगी और भरमौर की ऊपरी चोटियों में 20.32 सेंटीमीटर से 25.40 बर्फबारी हुई है। इसके अलावा शेष जिला में भारी बारिश से भरमौर-पठानकोट हाईवे धरवाला, दिनका घार, दुर्गेठी में भूस्खलन से बंद पड़ गया है। जबकि, जिला के 25 मार्गो पर वाहनों की रफ्तार थमी होने से लोगों विशेषकर विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# हिमाचल में भारी हिमपात से कुल्लू में शैक्षणिक संस्थान बंद



एजेंसी < शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में अटल टनल सहित रोहतांग केलांग, जिस्पा, दारचा, कोकसर और लाहौल घाटी में दो इंच तक ताजा हिमपात हुआ। शनिवार को भी हिमाचल के कई इलाकों में हिमपात व बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार मार्च से मई महीने में पूरे भारत में तापमान सामान्य से अधिक व 117 प्रतिशत अधिक बारिश होने का अनुमान है, लेकिन उत्तर भारत के लिए ये अनुमान फिर अन्य राज्यों से अलग है। मौसम विभाग के अनुसार मार्च महीने में उत्तर भारत में तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान बना हुआ है। वहीं दूसरी तरफ बारिश सामान्य से कम होगी। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश में भारी हिमपात व बारिश का दौर शुरू हो गया है और इसके मद्देनजर बीते कल से कुल्लू में स्कूल बंद रहेंगे। इधर, मनाली में भी हिमपात के कारण 1000 पर्यटक फंस गए थे, उन्हें पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस का कहना है कि कल्लू की पर्यटन नगरी मनाली में जहां शुक्रवार शाम के समय बर्फबारी का दौर जारी है, तो वहीं हिमपात का मजा लेने के लिए सैलानी भी सोलंग नाला व अन्य इलाकों का रुख कर रहे हैं। ऐसे में शाम के समय पर हिमपात अधिक होने के चलते सोलंगनाला में 1000 से अधिक सैलानियों के वाहन फंस गए थे। मौसम विभाग द्वारा कुल्लू जिले में बारिश व हिमपात की चेतावनी के मध्य नजर उपमंडलाधिकरीयों अधिकारियों द्वारा दो मार्च 2024 को शिक्षण संस्थानों में अवकाश घोषित किया गया है।

## सड़क दुर्घटना में हुई पिता-पुत्री सहित तीन की मौत

**ललितपुर।** उत्तरप्रदेश के ललितपुर के थाना महरौनी नगर में दो बाइकों की आमने सामने की भिडंत में गंभीर रूप से घायल हुए पिता -पुत्री का मौत हो गयी। थाना मड़ावरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्होरी कला निवासी नीलेश (19) पुत्र नाथूराम अपने भतीजे अभिराज 10 वर्ष व थाना पाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिमरधा निवासी अपने रिश्तेदार अनिल अहिरवार (25) के साथ मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ में अपने रिश्तेदार के यहां आयोजित शादी समारोह में गए थे। शादी में शामिल होने के बाद अपने गांव वापस लौट रहे थे कोतवाली महरौनी नगर के दाल मिल के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से भिड़ंत हो गई थी जिसमे नीलेश की मौके पर ही मौत गई थी । वहीं दूसरी बाइक पर सवार ग्राम उल्दना खुर्द निवासी 30 वर्षीय प्रीतम, उसकी 26 वर्षीय पत्नी उर्मिला और 03 साल की बेटी रंजना और 2 साल की बेटी अंजलि गंभीर रूप से घायल हो गई थी, सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौनी में लाया गया था । घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था।

जिला चिकित्सालय में चिकित्सक ने आज प्रीतम सिंह और उसकी पुत्री रंजना को मृत घोषित कर दिया। सीओ सदर अभय नारायण राय ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मध्यप्रदेश में हैरिटेज, फिल्म, एडवेंचर पर्यटन के क्षेत्र में अनंत संभावनाएं: लोधी

एजेंसी < उज्जैन
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के उज्जैन में रीजनल इण्डस्ट्री कॉनक्लेव के दूसरे दिन शनिवार को मध्यप्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में संभावनाएं एवं निजी निवेश को आकर्षित करने पैनल डिस्कशन सत्र हुआ। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने लगभग 100 करोड़ से अधिक के लेटर ऑफ अवार्ड का वितरण किया। उन्होंने सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश देश के मध्य में स्थित होने से भारत का हृदय कहा जाता है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का दूसरा बड़ा राज्य है। मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक, भौगोलिक, प्राकृतिक सुन्दरता के साथ ही ऐतिहासिक विरासत की भरमार है। यहां के लोग संस्कृति सम्पन्न हैं। भोजन एवं संस्कृति में विभिन्नता पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं बनाती हैं। प्रदेश में धार्मिक, हैरिटेज, फिल्म, एडवेंचर क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। बांधवगढ़ नेशनल पार्क में वन्यजीव के साथ बाघ देखने को मिलते हैं, खजुराहो मन्दिर की मूर्तियों में वास्तविक भारत को खोज सकते हैं। साथ ही समृद्ध प्राकृतिक विविधता, पशु-पक्षी, पेड़-पौधे यहां की प्राकृतिक सुन्दरता को और अधिक बढ़ाते हैं। खजुराहो, सांची और भीमबैटका को यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत स्थल घोषित किया गया है। उन्होंने उज्जैन में महाकाल लोक कॉरिडोर बनाया गया है। महाकाल लोक की तर्ज पर ही ओरछा में श्रीराम राजालोक, सलकनपुर में देवीलोक, मंदसौर में पशुपतिनाथ लोक, सागर में संत रविदास लोक, नीमच में भादवामाता लोक, जामसांवली में हनुमान लोक, बड़वानी में नागनवाड़ी लोक और जानापाव में परशुराम लोक का निर्माण धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। लोधी ने बताया कि पर्यटन क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश की पर्यटन नीति में विशेष प्रावधान किये गये हैं। निवेशकों की सहायता के लिये मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को नोडल एजेन्सी बनाया गया है। लगभग एक हजार हेक्टेयर से अधिक का लैंड बैंक बनाया गया है, जिसे ऑनलाइन टेण्डरिंग से निवेशकों को आवंटित किया जा रहा है। हैरिटेज होटल्स के लिये हैरिटेज परिसम्पत्तियां, किले, महल भी 90 वर्ष की लीज पर आवंटित करने की योजना है।

## बीजद विधायक अरबिंद धाली ने इस्तीफा दिया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में सत्तारुढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के विधायक एवं पूर्व मंत्री अरविंद धाली ने शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। धाली ने पार्टी अध्यक्ष नवीन पटनायक को अपना इस्तीफा भेजा है। उनके भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलें है। धाली ने अपना राजनीतिक करियर भारतीय जनता पार्टी के साथ शुरू किया था और 1992 में पहली बार उपचुनाव में भाजपा के टिकट पर मलकानगिरी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। उन्होंने 1995 और 2000 के विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा उम्मीदवार के रूप में लगातार दो बार सीट बरकरार रखी। बाद में उन्होंने भाजपा छोड़ दी और बीजद में शामिल हो गए तथा 2009 और 2019 के विधानसभा चुनावों में दो बार जयदेव निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा के लिए चुने गये। वह 2000 से 2004 तक नवीन पटनायक सरकार में सहकारिता, कपड़ा और हथकरघा, और वाणिज्य और परिवहन मंत्री रहे।

## मुख्यमंत्री से शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर के एक प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवास में शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति, पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सोरेन को प्रतिनिधिमंडल ने आगामी 8 मार्च 2024 को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल से महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले शिव बारात के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर के नंद किशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिड्ढा सहित अन्य उपस्थित थे।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर एक किशोर की मौत


**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में शनिवार सुबह से रुक-रुक कर बारिश के बीच कुरावली थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार कुरावली कसबा सुजरई के धर्मसिंह का पुत्र अंशुल (15) भैंस खोलने गया था,तभी आकाशीय बिजली गिरने से अंशुल घायल हो गया। परिजनों ने घायल किशोर को सीएचसी में कराया भर्ती,जहां चिकित्सकों ने अंशुल को किया मृत घोषित कर दिया। तहसील को घटना की सूचना दी गयी है।

## मातृभाषा के प्रति गौरव भाव जागृत करें: मंगुभाई पटेल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि समाज मातृभाषा के प्रति गौरव भाव का जागरण करे। भाषा की विविधता भारतीय समाज की अनूठी विरासत है। राज्यपाल पटेल ने माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान में आयोजित भारतीय भाषा महोत्सव के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया में बातचीत और सूचनाओं के आदान-प्रदान की सुविधा का हमारी भाषाओं पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। भाषाओं के अपभ्रंश स्वरूप का जिस तेजी से उपयोग किया जा रहा है, यह चिंतनीय है। उन्होंने कहा कि भाषा की विविधता की विरासत को मजबूत बनाने और विभिन्न भाषा-भाषी व्यक्तियों को एकता के सूत्र में पिरोनें में हिन्दी की सम्भावनाएं बहुत अधिक है। जरूरी है कि भाषागत आग्रह में उग्रता से बचा जायें।

## केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि शिवरात्रि को होगी तय

एजेंसी < चमोली
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड में स्थित विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि विधि -विधान एवं पंचांग गणना पश्चात आठ मार्च शिवरात्रि के अवसर पर तय होगी। इसी दिन भगवान केदार नाथ की पंचमुखी भोग मूर्ति के केदारनाथ धाम प्रस्थान का कार्यक्रम भी तय हो जायेगाा। यह जानकारी देते हुए बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डाक्टर हरीश गौड़ ने बताया कपाट खुलने की तिथि तय करने के लिए पंचकेदार गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में शिवरात्रि के अवसर पर सुबह नौ बजे से धर्मिक समारोह शुरू हो जायेगा। बदरीनाथ-केदारनाथ- मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में रावल आचार्य- वेदपाठीगण पंचकेदार गद्दी ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में पूजा-अर्चना,विधि- विधान, पंचांग गणना पश्चात केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय करेंगे। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तय होने के कार्यक्रम में पंचगाई हकहकूकधारी सहित केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग, बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मंदिर समिति सदस्यगण एवं मुख्यकार्याधिकारी योगेंद्र सिंह,कार्याधिकारी आरसी तिवारी, सहित विशिष्टजन और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

# विधायकों के पुतले जलाना, उन्हें गाली देना गलत: परमार

एजेंसी < शिमला
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, विधायक एवं विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष विपिन परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू का अपने ही विधायको को काला नाग बोलने वाला बयान 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। परमार ने शनिवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कांग्रेस विधायकों का रोष कांग्रेस सरकार के खिलाफ जाहिर हुआ। कांग्रेस विधायकों की सदस्यता एक फरमान से रद्द कर दी गई।
कांग्रेस की अन्तर्कलह, विधायकों की नाराजगी, मन्त्री द्वारा पीड़ा व दर्द बताना, मंडी के बल्ह के पूर्व विधायक, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान अध्यक्ष द्वारा सरकार का विरोध तथा कांग्रेस की वर्तमान स्थिति से यहीं आभास होता है कि कांग्रेस में अंदरूनी लड़ाई चरम पर है। परमार ने कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता में रहने का अधिकार एवं हक पहले ही खो चुकी है और इस प्रकार की बयानबाज़ी साफ दिखाती है कि मुख्यमंत्री और सरकार दोनों परेशान हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री को डॉक्टर या साइकैट्रिस्ट से चेक अप करवा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चल रहे राजनीतिक संकट के समय सुक्खू सरकार के एक महत्वपूर्ण मंत्री द्वारा त्यागपत्र की घोषणा, मुख्यमंत्री की कार्य प्रणाली की आलोचना तथा अपने परिवार की कांग्रेस में हो रही उपेक्षा के आरोप ये सिद्ध करते हैं कि प्रदेश की सुक्खू सरकार अपने राजनीतिक अंतर्द्वंद के कारण संकट में है। जिसकी जिम्मेवारी पूरी तरह से सरकार व कांग्रेस पार्टी की है। सरकार के मंत्री व विधायकों द्वारा अपनी उपेक्षा और अनदेखी के आरोपों से सरकार व कांग्रेस संगठन की असलियत जनता के सामने आ गई है। उन्होंने सुक्खू सरकार पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार की खींचतान व विधायकों की उपेक्षा से आज प्रदेश में राजनीतिक संकट पैदा हुआ है और सुक्खू सरकार अपना विश्वास खो चुकी है और अल्पमत में आ गई है । उन्होंने कहा कि योजनापूर्वक मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस सरकार जगह-जगह झगड़े करवा रही है। जबकि हिमाचल प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था बहाल रहनी चाहिए। यह योजनापूर्वक धरना प्रदर्शन एवं लड़ाईयां पूरी हिमाचल प्रदेश में करवा रहें है। छह बागी विधायकों को कांग्रेस पार्टी ने अपने विधायक पद से हटा दिया है। ज्यादातर यह धरना प्रदर्शन वही हो रही है। उन्होंने कहा, यह सरकार इस प्रकार काम कर रही है वो असंवैधानिक है लोकतंत्र के खिलाफ़है। जिस प्रकार से पहले 15 भाजपा के विधायको को बजट सैशन के दौरान निलंबित कर दिया गया और अपनी मेजोरिटी को इन्होंने पेश किया। वह भी अलोकतांत्रिक था।
अब वर्तमान में जिस प्रकार से छह विधायकों की विधानसभा की सदस्यता रद्द करी, वह भी अलोकतांत्रिक है।

# रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव में 12 राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने की सक्रिय भागीदारी

एजेंसी < उज्जैन
www.dailypioneer.com




मध्यप्रदेश के उज्जैन में आयोजित दो दिवसीय रीजनल इण्डस्ट्री कॉन्क्लेव में यूएसए, यूके, कनाडा, सीजी, जर्मनी, इजराईल, जापान, गेबोन, साउथ कोरिया, सिंगापुर, जाम्बिया और मलेशिया के प्रतिनिधि सहित लगभग 4 हजार प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 20 से अधिक प्रमुख औद्योगिक समूहों के पदाधिकारियों से चर्चा की। इस कॉन्क्लेव में 63 इकाइयों का वर्चुअल शुभारंभ किया गया, जिसके लिए प्रदेश के विभिन्न 21 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गये। इन इकाइयों से प्रदेश में 10 हजार 64 करोड़ रूपये का निवेश होगा, जिससे 17 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा। इस कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 283 बड़ी और एमएसएमई इकाइयों को 12 हजार 170 करोड़ रुपये से अधिक निवेश के लिए भूमि आवंटन आदेश भी प्रदान किये। कॉन्क्लेव के माध्यम से सबसे बड़ा निवेश अडानी समूह की तरफ से आया है, जो प्रदेश में 75 हजार करोड़ रूपये के निवेश के लिए आगे आये हैं। पेप्सिको समूह द्वारा 1250 करोड़ रूपये का निवेश किया जा रहा है, जिससे लगभग 500 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह एलटीआई माइंडट्री ने राज्य शासन के साथ एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत सुपर कॉरिडोर इंदौर में संस्थान के प्रस्तावित परिसर में 500 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके लिए सरकार की आईटी नीति के तहत संस्थान को 10 एकड़ जमीन आवंटित की है। इस निवेश से राज्य में लगभग 10 हजार तकनीकी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश में 20 से अधिक औद्योगिक समूहों द्वारा मुख्यमंत्री के साथ वन-टू-वन बैठक की गई, जिसमें लगभग 17 हजार करोड़ रुपये के निवेश संबंधी प्रस्तावों पर ठोस चर्चा हुई। लगभग 880 इकाइयों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक लाख करोड़ रूपये से अधिक निवेश के लिए इन्टेन्शन-टू-इन्वेस्ट प्रदर्शित किया गया। कॉन्क्लेव के दौरान ही मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई। यह सेवा निर्धन वर्ग के लिए वरदान सिद्ध होगी। इस सेवा के अंतर्गत एक हेली-एम्बुलेंस और एक फिक्स्ड विंग कन्वर्टेड फ्लाइंग आईसीयू विमान प्रदेश के सभी जिलों और प्रशासनिक प्रभागों के नागरिकों की सेवा में तैनात रहेंगे।

## किशन ने 'विकासित भारत संकल्प' दस्तावेज़ का किया अनावरण

**हैदराबाद।** केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने 'विकासित भारत संकल्प' दस्तावेज पेश किया। जनमत एकत्र करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार किया गया यह दस्तावेज, आगामी चुनाव घोषणापत्र में उल्लिखित सामूहिक विचारों के साथ तालमेल बिठाते हुए राष्ट्र को आगे बढ़ाने की पार्टी की पहल का एक महत्वपूर्ण घटक है। राज्य पार्टी मुख्यालय में दर्शकों को संबोधित करते हुए रेड्डी ने आसन्न संसदीय चुनावों के लिए योजनाओं को साझा किया, जिसमें स्वतंत्र रूप से 370 सीटें हासिल करने और सहयोगियों के सहयोग से एनडीए के लिए संचयी 400 सीटें हासिल करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों की रूपरेखा पेश की। रेड्डी ने नरेंद्र मोदी सरकार के सकारात्मक सार्वजनिक स्वागत पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने विकसित भारत को आकार देने के लिए राय और सुझाव मांगने के प्रति भाजपा के समर्पण पर जोर दिया। 'ज्ञान' एजेंडे में शामिल प्रमुख विषय गरीबों के कल्याण, युवा सशक्तीकरण, कृषि विकास और महिलाओं की पहल पर केंद्रित हैं। डिजिटल माध्यमों सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के माध्यम से विविध सार्वजनिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करते हुए रेड्डी ने चार और पांच मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तेलंगाना यात्रा की उम्मीद की।

## शिरोमणि कमेटी की बजट बैठक 29 मार्च को: धामी

वार्ता < अमृतसर
www.dailypioneer.com

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) की वार्षिक बजट बैठक 29 मार्च को होगी। यह निर्णय यहां शिरोमणि समिति कार्यालय में हरजिंदर सिंह धामी के नेतृत्व में समिति की बैठक के दौरान लिया गया। शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुये कहा कि अगले वित्तीय वर्ष का बजट 29 मार्च को पेश किया जायेगा। इस संबंध में आम बैठक दोपहर बाद एक बजे शिरोमणि कमेटी कार्यालय स्थित तेजा सिंह समुद्री हॉल में होगी। एडवोकेट धामी ने कहा कि शिरोमणि कमेटी ने सिख युवाओं को पीसीएस न्यायपालिका के लिए तैयार करने के लिये एक अकादमी स्थापित करने का भी निर्णय लिया है। यह न्यायिक अकादमी जत्थेदार गुरचरण सिंह टोहरा इंस्टीट्यूट, बहादुरगढ़, पटियाला में स्थापित की जायेगी, जिसमें एसजीपीसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ आवास और भोजन की व्यवस्था करेगी। इस अकादमी में यह पूरी तरह से योग्यता के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इससे पहले शिरोमणि कमेटी द्वारा चंडीगढ़ में आईएएस, आईपीएस, आईएफएस और पीसीएस जनरल की तैयारी के लिये 'निश्चय अकादमी' पहले से ही कार्यरत है। एडवोकेट धामी ने अंतरिम समिति के अन्य निर्णयों की जानकारी देते हुये कहा कि तख्त दमदमा साहिब से गुरबानी प्रसारण के लिये एक यूट्यूब चैनल स्थापित किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि शिरोमणि कमेटी के कर्मचारियों को तीन फीसदी महंगाई भत्ता देने को भी मंजूरी दे दी गयी है।

# किसानों के खरीदे गए धान का परिवहन की कछुआ गति से होने से समिति प्रबंधक हो रहे हैं परेशान

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पूरे प्रदेश में धान खरीदी के मामले में अहम स्थान रखने वाले बेमेतरा जिला में इस साल धान खरीदी समय सीमा पर्याप्त हो जाने के बावजूद परिवहन आज तक पूरा नहीं हो पाया है । अभी भी जिले के 102 समितियो के अंतर्गत आने वाले कुल 129 धान खरीदी सेंटरों में 21 लाख किवंटल धान परिवहन के अभाव में जाम पड़ा हुआ है। बफर लिमिट के बावजूद समय पर धान का परिवहन नहीं हो पाया जबकि यह क्षेत्र प्रदेश के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल का जिला है। धान खरीदी के 72 घंटे के भीतर धान का परिवहन कराया जाना अनिवार्य है नियम अनुसार अब तक जिले के किसी भी केंद्र में खरीदी के 72 घंटे के बाद परिवहन की प्रक्रिया शुरू से ही नहीं की गई और सभी 129 केंद्र में बफर धान का लिमिट हो चुका है। अब समिति प्रबंधकों को धान में सुखत आने की समस्या इस साल झेलनी पड़ रही है। परिवहन समय पर नहीं होने के कारण यही एक समस्या नहीं बल्कि लगातार अंचल में घनी बदली और बारिश तथा मौसम विपरीत रहने से भी खरीदे गये धान का बारिश से भारी नुकसान समितियो को हुआ है हालांकि समिति के प्रबंधक ताल पत्री के माध्यम से धान को सुरक्षित रखने का भरपूर प्रयास आज भी कर रहे हैं मगर आंधी तूफान के सामने समितियो के द्वारा किए गए मेहनत में कोई सफलता नहीं मिल पाई सबसे बड़ी समस्या धान परिवहन का ही शुरू से रहा है इसी परिणाम स्वरुप अब जीरो टॉलरेंस को लेकर प्रबंधक चिंतित है।



### प्रति बोरा डेढ़ किलो धान सुखत में आने लगा है

धान खरीदी की शुरुआती दिनों में स्टॉक किए गए धान का परिवहन जिले की किसी भी समिति से अब तक नहीं हो पाया है अब तेज धूप होने के साथ ही प्रति बोरा में एक से डेढ़ किलो सुखत आने लगा है हाल ही में परिवहन हो रहे धान राइस मिलरो के द्वारा उठाव करने के बाद मिलर धान का तौल कर रहे हैं जहां पर प्रति ट्रक 4 से 5 क्विंटल धान वजन में कम पहुंच रहा है परिवहन में धान की सुखत आ जाने के कारण परिवहन में धान कम पहुंचने पर मिलर्स भी परेशान है वही विलंब से धान का परिवहन कराए जाने के कारण यह समस्या आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है।

### केप कवर का अभाव, तालपत्री से ढकते है स्टेक

खरीदी सेंटरों में धान स्टेक करने के लिए शेड और सीमेंट का चबूतरे का निर्माण किया गया है ताकि खरीदे गए धान का स्टेक कर सके मगर धान को सुरक्षित रखने के लिए कैप कर नहीं मिल रहा है मजबूरन धान खरीदी केंद्र के प्रभारीयो के द्वारा प्लास्टिक के ताल पत्री से स्टेक किए गए धान को ढकने का प्रयास किया जाता है लेकिन आंधी तूफान के दरमियान ताल पत्री के फट जाने और आंधी तूफान से उड़ने के कारण स्टॉक में रखे गए धान के खुल जाने से बारिश से धान भीग भी चुका है जिससे समितितो को भारी नुकसान उठाना पड़ा है फिर भी कैप कवर को लेकर शासन और विभाग कतई गंभीर नहीं है।

### धन परिवहन करने को लेकर समिति के प्रबंधक कलेक्टर को सौंप चुके हैं ज्ञापन

बफर लिमिट से चिंतित होकर लगभग 15 दिनों पूर्व जिले के समस्त समिति प्रबंधकों के द्वारा कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौप पर शीघ्र ही धान का परिवहन करने का निवेदन पत्र प्रबंधकों के द्वारा जिला प्रशासन को सौपा जा चुका है फिर भी परिवहन में तेजी नहीं आ पाई जिला विपणन अधिकारी के लापरवाही को लेकर समिति प्रबंधकों में व्यापक रोष बना हुआ है धान परिवहन की पूरी जिम्मेदारी जिला विपणन अधिकारी और विभाग का रहता है लेकिन इस साल जिले में परिवहन की समस्या पिछले दो-तीन वर्षों के बनस्पति अधिक बढ़ती ही जा रही है जिसके कारण बेमेतरा जिले के 129 धान खरीदी समितियो को इस साल खरीदी से व्यापक नुकसान होने का अनुमान है और जीरो टॉलरेंस से धान खरीदी की योजना आधार में लटका हुआ है। आज भी जिले के 129 खरीदी सेंटरों में 21 लाख क्विंटल धान परिवहन के लिए जाम पड़ा हुआ है।

बेमेतरा जिले में प्रतिदिन 60 हजार क्विंटल धान का परिवहन हो रहा है इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएमओ उपेंद्र कुमार ने बताया कि अभी तक 79 लाख क्विंटल धान का डी ओ (रिलीज ऑर्डर) किया जा चुका है आगामी दिनों में रायपुर धान परिवहन के आदेश होने वाले हैं फिर हफ्ते भर के भीतर धान का परिवहन खत्म हो जाएगा शासन से आदेश का इंतजार है फिलहाल रायपुर और बेमेतरा के मिलर बराबर प्रतिदिन पूरे जिले में 200 ट्रक के माध्यम से धान का परिवहन कर रहे हैं।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी राजेंद्र वारे ने दावा किया है कि अंतर जिला परिवहन के लिए डी ओ कटना शुरू हो चुका है इससे जल्द ही परिवहन हो जाएगा जिससे समितियो में कोई खास सुखत आने वाला नहीं है और ना कोई ज्यादा अंतर होगा डी ओ जल्दी-जल्दी कट रहा है और आगे भी डी ओ काटा जाएगा थोड़ा बहुत सुखत तो लाजमी है समितियो को समय के अनुसार आ ही जाता है इस साल भी जीरो टॉलरेंस में धान की खरीदी बेमेतरा जिले की समितियो के द्वारा की जाएगी।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् अधिकारों का प्रयोग करते हुए नाला में डूबने और सर्प काटने के प्रकरण में उनके आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। कलेक्टर द्वारा सरोना तहसील के ग्राम लेण्डारा निवासी 65 वर्षीय बिसनाथ नेताम की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी मिलखो बाई और ग्राम सोनपुर निवासी 48 वर्षीय श्रीमती मीना नेताम की मृत्यु सर्प काटने से होने के कारण उनके आश्रित कचरूराम नेताम के लिए चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### कलेक्टर ने ग्राम हुड़तराई एवं भोमरा में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच के दिए आदेश

**कांकेर।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा जिले के कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम हुड़तराई एवं भोमरा के बीच जंगल में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की घटना की दण्डाधिकारी जांच के लिए आदेश जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत 25 फरवरी 2024 को ग्राम हुड़तराई एवं भोमरा के बीच जंगल पहाड़ी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में तीन अज्ञात माओवादियों की मृत्यु की दण्डाधिकारी जांच किये जाने बाबत् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की मांग अनुसार घटना की निष्पक्ष जांच, गंभीरता एवं आवश्यकता को देखते हुए अनुविभागीय दण्डाधिकारी पखांजूर ए.एस. पैकरा को दण्डाधिकारी जांच हेतु जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## किरन्दुल परियोजना क्षेत्र में महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों की सूची की गई चस्पा



पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के तहत लाभार्थियों के गाँवों और वार्डों के अनुसार किरन्दुल महिला बाल विकास विभाग द्वारा अंतिम सूची चस्पा किया गया हैं। जिसमें प्रदेश के सभी विवाहित महिलाओं को उक्त योजना का लाभ मिलेगा। सुपरवाइजर उषा मालवीय ने जानकारी देते हुए बताया कि किरन्दुल परियोजना क्षेत्र में कुल 5230 महिलाओं का इस योजना के लाभ हेतु स्वीकृति मिली हैं। जिन्हें 8 मार्च को इस योजना की पहली किश्त प्राप्त होगी।

## विभिन्न मांगों को लेकर प्रबल सिंह ने कलेक्टर, ब्लॉक आफिस में सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा किसान मोर्चा बेमेतरा के उपाध्यक्ष व पूर्व जनपद सदस्य प्रबल सिंह ने विभिन्न समस्याओं को लेकर ब्लॉक आफिस और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निराकरण करने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि तीन साल पहले ग्राम जेवरा में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत नलजल का कार्य प्रारंभ हुआ था जो अब तक अपूर्ण है फलस्वरूप योजना के लाभ से ग्रामवासी वंचित हैं जबकि गर्मी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग के लापरवाही के चलते ग्राम जेवरा सहित क्षेत्र के अनेक गाँव के उपभोक्ताओं को अनाप-शनाप बिल दिया गया है। सिंगल प्वाइंट और घरेलू कनेक्शन वाले लोगों को 15 हजार से लेकर 90 हजार रु तक का बिल थमाया गया है और भुगतान न करने पर कनेक्शन काटने और कानूनी कार्रवाई का नोटिस दिया गया है जबकि पिछले 4-5 वर्षों से न तो हर माह रीडिंग की गई और न ही हर माह बिल दिया गया है और कई घरों में तो मीटर ही नही लगा है, लगा भी है तो बहुत से मीटर बंद है। इसलिए बिल को कम किया जाए और किश्त में भुगतान की व्यवस्था किया जाए, उपभोक्ताओं को परेशान न किया जाए। उन्होने आगे कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की वर्ष 2022-23 की अंतिम किश्त की राशि 28-29 फरवरी को जारी की गई, जिसमें पिछले एक- डेढ़ वर्ष से छग में समय पर किसानों का केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण नही होने के कारण बहुत से किसानों के खाते में राशि अंतरण नही हो पाया है, किसान च्वाइस सेंटर और ब्लॉक आफिस (कृषि विभाग) का चक्क र लगा रहे हैं फिर भी उनका काम नहीं हो पा रहा है और वे राशि पाने से वंचित हैं इस पर तत्काल संज्ञान लिया जाना चाहिए।

## बच्चों का पोषण बढ़ाने न्योता भोज का आयोजन

### पिता ने अपनी पुत्री के शुभ विवाह पर कराया न्यौता भोज



पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत बच्चों को पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने समुदाय आधारित न्यौता भोज का आयोजन किया जा रहा हैं। न्योता भोज का उद्देश्य समुदाय की बीच अपने पन की भावना का विकास, भोजन के पोषक मूल्य में व्रद्धि सभी समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना बच्चों को स्वादिष्ट व पौष्टिक पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराना है। शनिवार बैग लेस डे पर जोन्दरा पदर प्राथमिक विद्यालय में ग्राम जोन्दरा पदर निवासी सन्तोष देवांगन ने अपनी पुत्री क्षमा के शुभ विवाह की खुशी में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी व परिजनों द्वारा बच्चों को पूड़ी, खीर ,पनीर की सब्जी दाल, चावल, मिठाई, परोसी गई। जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। शिक्षिका मधु ने बच्चों को घर पर आसानी से उपलब्ध फलों सब्जियो, अमरूद, पपीता केला, मुनगा भाजी आदी में पाए जाने वाले पोषक तत्वों की जानकारी दी व सेवन करने हेतु प्रेरित किया। न्यौता भोज में परिजन सहित स्कूली बच्चों की सहभागिता रहीं।

## एनएमडीसी किरंदुल द्वारा नडियापारा में प्रदाय किया गया ग्रीन नेट




पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

नवरत्न कम्पनी एनएमडीसी सदैव ही अपने नैगमिक सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए कटिबद्ध रही है।इसी तारतम्य में किरन्दुल बस्ती नडियापारा में शनिवार को एनएमडीसी परिक्षेत्र विकास निधि के तहत महुआ फूलों के संग्रहण हेतु 200 ग्रामीण परिवारों को एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक पद्मनाभ नाईक द्वारा ग्रीन नेट प्रदाय किया गया।मौके पर उपमहाप्रबंधक बी के माधव, सिविल एचओडी टी एस रामनाथ,सीएसआर प्रबन्धक विवेक रक्षक,एस आर गावड़े, के पी बंसोड़,अखिलेश दीवान,डी भास्कर राव उपस्थित थे।

## प्रधान अध्यापक बृजलाल कश्यप सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता ◂ चारामा
www.dailypioneer.com




पूर्व माध्यमिक शाला जनपद चारामा में पदस्थ प्रधान अध्यापक बृजलाल कश्यप अपनी शिक्षकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर शाला परिवार की ओर से उन्हें विदाई दी गई। बृजलाल कश्यप ने 43 वर्ष तक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवा दी । उनकी प्रथम नियुक्ति 01 दिसम्बर 1981 को शा बुनिपाडी प्रशिक्षण संस्था नगरी जिला धमतरी मे हुई। जिसके बाद 13 जुलाई 1983 को प्राथमिक शाला ऑवरी में सहायक शिक्षक पद पर पदस्थ रहे। 07 अगस्त 1991 से पूर्व माध्यमिक शाला कुरूटोला 22 जनवरी 1992 से प्राथमिक शाला जुवाडा ओरझा नारायण पुर 23 सितम्बर से पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई, 25 जनवरी 1996 से पूर्व माध्यमिक शाला कुरूटोला 23 जुन 2000 से पूर्व माध्यमिक शाला भिलाई, 11 सितम्बर 2001 से भोथा, 12 जुलाई 2007 से पूर्व माध्यमिक शाला मयाना, 07 अक्टूबर 2008 से उश्रेणी शिक्षक से पूर्व माध्यमिक शाला निघाली, और 30 जुन 2014 से 29 फरवरी 2024 तक वे प्रधान अध्यापक पूर्व माध्यमिक शाला जनपद पंचायत चारामा में अपनी सेवा दी। उन्होंने अपने विदाई समारोह में अपने 43 वर्ष के अनुभवन को सभी के बीच सांझा करते हुए कहाँ कि शिक्षक तीन शब्दों से मिलकर बना है, जिसमे शि का मतलब सिखाने और शिखर पर ले जाने वाला, क्ष का मतलब क्षमा करने वाला, क मतलब कामयाबी का रास्ता दिखवाने वाला बताया। उन्होने कहाँ कि शिक्षक को बच्चों के लिए उपर से कठोर और अंदर से नर्म होकर उनके साथ शिक्षकीय व्यवहार करना चाहिए। उन्होने बच्चों से अपील की कि वे अपने माता पिता और गुरुजन का हमेशा सम्मान करे। उनके इस विदाई समारोह के साथ साथ कक्षा आठवी के छात्र छात्राओं को भी विदाई दी गई। जिसमे कश्यप सर के कर कमलो से आशीर्वाद स्वरूप सभी बच्चो को पेन भेट दिया गया। वही प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और अग्रेजी माध्यन तीनो स्कुल की ओर से एवं शाला समिति की ओर से श्री कश्यप और कार्यकन में उपस्थित उनकी धर्मपत्नि का सम्मान करते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह भेट किया। इस कार्यक में बच्चो के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इस कार्यकन में सकूल प्रभारी प्राचार्य भानुशकर नागराज संकुल समन्वयक उत्तम बघेल, मुकेश पिदा प्रधान पाठक चिहरीपरा बड़े गौरी, कश्यप प्रधान अध्यापक अंग्रेजी माध्यम, लोचन यादव प्रधान पाठक जनपद प्राथमिक शाला, शिक्षक निलेश राय सर, रजनी देवांगन, संतोषी देवागन, योगेश्वर साहू देवेन्द्र सिन्हा रजनी यादव,रेहाना खान मैडम, स्नेहलता साहू, इंदु साहू, आसना जायसवाल, रूपाली निर्मलकर, रागिनी दुबे, विशाल बंजारे, सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सुकमा (छ.ग.)**
**(जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, जिला-सुकमा)**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना//**

नि.क्र. 265 एवं 266/नि.प्र./जे जे एम/डी.डब्ल्यू.एस.एम./लो.स्वा.यां.ख./सुकमा एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जल-जीवन मिशन के तहत शेड्यूल अनुसार 150 मि.मि. व्यास, 120 मीटर गहरा नलकूप खनन कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में ऑनलाईन Online निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स.क्र. | निविदा क्र./सिस्टम क्रमांक | लागत (लाख में) | ग्राम/विकासखण्ड/रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 265/153518 | 52.40 | विकासखण्ड कोण्टा के विभिन्न ग्रामों में 40 नग 150 मि.मि. व्यास एवं 120 मीटर गहरा नलकूप खनन कार्य (ग्रुप 01)/चतुर्थ निविदा |
| 2 | 266/153519 | 52.40 | विकासखण्ड कोण्टा के विभिन्न ग्रामों में 40 नग 150 मि.मि. व्यास एवं 120 मीटर गहरा नलकूप खनन कार्य (ग्रुप 02)/चतुर्थ निविदा |

**नोटः-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** पर दर्शित एवं डाउनलोड की जा सकती है। निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि 10.03.2024 तक है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**सुकमा**

G-08229/3

### भारतीय जनता पार्टी विकसीत भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ

## भाजपा अपने मूल मंत्र के साथ विकसित करने की ओर अग्रसर

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी विकसीत भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ छत्तीसगढ़ प्रदेश में की गई है। इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 26 फरवरी को इस अभियान की शुरूआत राष्ट्रीय स्तर पर की है। उक्त बातों की जानकारी केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम व भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा ने भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजीत कर बताया कि, भारतीय जनता पार्टी विकसीत भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान के माध्यम से आम लोगों से सुझाव एकत्रित करने के इस अभियान के तहत 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझाव एकत्रित करने के लक्ष्य के साथ इस अभियान में जुट चुकी है। विकसीत भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभांरभ के पश्चात इस अभियान को जिला स्तर पर आगे बढ़ाते हुए आज जिला स्तर पर छत्तीसगढ़ में विकसीत भारत संकल्प पत्र अभियान की लॉान्चिंग के साथ ही द्वितीय चरण27 फरवरी से 15 मार्च विकसित भारत कोहोर्ट मिलन एवं संवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न संस्थाओं के ज्ञापन एवं सुझाव लेना और विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियों में हम जुट कर जनता से सीधा संवाद करेंगे। साथ ही एलईडी प्रचार वाहनों के माध्यम से देश भर के 500 लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान चलाया जाएगा और छोटी सभाएं आयोजित कर जनता से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। घर-घर जनसंपर्क अभियान 8 मार्च से 10 मार्च इस अभियान के तहत हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता बूथ स्तरीय जनसंपर्क अभियान में निकल कर सघन जनसंपर्क करेंगे और जनता से सुझाव एकत्रित करेंगे। प्रकोष्ठों के कार्यक्रम (27 फरवरी से 15 मार्च) हमारे जो विभिन्न प्रकोष्ठ हैं उनके द्वारा इस अभियान के तहत जिला स्तरीय गोष्ठी एवं विधानसभा स्तर पर छोटी बैठकों के माध्यम से संबंधित कोहोर्ट से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। भारतीय जनता पार्टी हमेशा से जनजुड़ाव जनसंवाद और जनता से सतत संपर्क पर विश्वास रखती है और इसलिए हमारा नारा है सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सबका विश्वास। जनता से संवाद आगे बढ़ाने और जनता के सुझाव एकत्रित करने के लिए हमने हर एक माध्यम को अपने इस अभियान में शामिल किया हैं। साथ ही देश भर देश भर में 6 हजार सुझाव पेटी के माध्यम से सुझाव एकत्रित किए जा रहे है। इस दौरान जैनेंद्र सिंह ठाकुर, लक्ष्मी ध्रुव, जितेंद्र सुराना, दयाशंकर दीवान, संतोष पात्रे, संतोष नाग, विक्की रवानी, बंटी नाग, सोनमणि पोयम, सहित अन्य पददाधिकारी मौजूद रहें।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2, सिरपुर भवन परिसर रायपुर (छ.ग.)**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक-1116/NIT-36/2023-24/नि.लि. दिनांक 28/02/2024

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 06.03.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 12.03.2024 पूर्वान्ह 5.30 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :- 13.03.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
5. निविदा प्रपत्र की कीमत प्रत्येक हेतु (रू. में) :- रूपये 750.00
6. निविदा प्रपत्र का प्रकार :- प्रपत्र ''A''
7. निविदाकारों की श्रेणी :- द-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' श्रेणी तक
8. कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 28/02/2025 तक

| एन.आई.टी. क्र. निविदा क्रं. | कार्य का नाम No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 36 T0128 | S/R, M.O.W. & ORDINARY MAINTENANCE BUILDING WORK AT RAJBHAWAN SECTION, UNDER CONST. SUB DIVISION NO.-2 RAIPUR (द्वितीय आमंत्रण) | 19.80 15,000.00 2,97,000.00 |
| 36 T0129 | ORDINARY MAINTENANCE WORK IN DIFFERENT RESI. & NON RESI. BUILDING RAJBHAWAN SECTION, PWD NIRMAN SUB DIVISION NO.-2 RAIPUR (द्वितीय आमंत्रण) | 19.99 15,000.00 3,00,000.00 |

विशेष शर्ते :- राजभवन कार्य हेतु राजभवन एवं माननीय मंत्री बंगलों में कार्य किये जाने का अनुभव होना आवश्यक है। निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2**
**रायपुर (छ.ग.)**

G-08246/3

# छत्तीसगढ़ के किसानों के हक बिजली अन्य राज्यों को बेची जा रही : अंकित

## सोमवार तक स्थिति नही सुधरी तो मंगलवार को हाइवे का होगा चक्का जाम जिसके लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com



किसान संघर्ष समिति के संयोजक अंकित बागबाहरा ने बताया कि किसानों की तकलीफें को देखते हूए आज महासमुंद में सैकड़ों किसान स्वस्फूर्त जिलाधीश कार्यालय के घेराव करने नारेबाजी करते हूए निकले और वर्तमान भाजपा सरकार को जी भर के कोसा,अंकित ने बताया कि पांच सूत्रीय मांगों जिसमें बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या तत्काल बंद हो ।2) विद्युत कटौती के कारण किसान की फसल मरती है तो शासन को प्रति एकड़ 50 हजार रुपये मुआवजा किसान को देना होगा ।(इसमें आरबीसी का मामला नही आएगा क्योकि गलती सरकार कर रही है. किसानों को खरीफ की बेची फसल का पैसा लेने में एक एक महीना लग जा रहा है सहकारी बैंक पैसा नही है बोल रहे इस समस्या का भी निदान किया जाए । 3100 रुपये की घोषणा अनुरूप अन्तर्राशी तत्काल पंचायत पहुंचा कर किसानों को दिया जावे । पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय के बकाया बोनस का पैसा आज भी हजारों किसानों को नही मिला है उसका तत्काल समाधान किया जावे । आगे अंकित ने बताया कि विगत 10 से 15 दिवस से खल्लारी विधानसभा के पूरे क्षेत्र के साथ साथ पूरे महासमुंद जिले में जबरदस्त लो वोल्टेज व विद्युत कटौती का सामना किसानों के साथ साथ परीक्षा के दिनों में विद्यार्थियों को भी करना पड़ रहा है,जिससे एक तरफ किसानों की फसल मर रही है तो दूसरी तरफ प्रदेश के भविष्य के साथ खिड़वाल हो रहा है जिसका भारी नुकसान किसानों को व छात्र छात्राओं को उठाना पड़ रहा है । आगे किसानों ने बताया कि यदि बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या एक हफ्ते भी और चलेगी तो किसानों की फसल शत प्रतिशत शून्य हो जावेगी जनहित,किसान हित, छात्र छात्राओं के हित मे तत्काल उपरोक्त मांगों का निदान आवश्यक है जिलाधीश कार्यालय के सामने बहुत देर नारे बाजी करने व जिलाधीश महोदय से मिलने की जिद पर अड़े रहे,करीब डेढ़ घंटे जिलाधीश कार्यालय घेरने के बाद डिप्टी कलेक्टर व जिला बिजली अधिकारी के आश्वाशन के बाद सोमवार तक स्थिति नही सुधरी तो मंगलवार को हाइवे का चक्का जाम किया जाएगा जिसके लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होगा । इस घेराव में अंकित बागबाहरा के साथ बलराम चन्द्राकर, राजेश राजपूत, जगमोहन चन्द्राकर, रामलाल नायक, पुष्कर चन्द्राकर, केशव चन्द्राकर, देवा साहू, कोमल साहू, चंदुलालसाहू, शांतसाहू, रेवा सिन्हा, प्राणदास टंडन, ठण्डाराम यादव, सुरेश चन्द्राकर, बलराम ध्रुव,गौतम बरिहा, कार्तिक चक्रधारी, जितेंद्र क्षत्रीय, शत्रुघ्न साहू,राजू यादव, रिहान कोहली, राजा दुआ, अभिषेक यादव,भरत ध्रुव, इंद्रकुमार चौहान,केशव चन्द्राकर, हितेश चन्द्राकर, मनोज ध्रुव, जयराम वर्मा,विष्णु डड़सेना, रूपचंद, संजय चन्द्राकर, कोमसिंह, लेखराम, खेमराज, यशवंत कुमार, नरेंद्र, पूरनलाल, सोमप्रकाश, धीरेंद्र चन्द्राकर, नरसिंह चन्द्राकर, थानुराम, भुनेश्वर ठाकुर, भोजराम, हेमलाल नायक,भैयाराम यदु, ठण्डाराम यादव, खेमराज यादव, गोविंद चन्द्राकर, घनश्याम, मालिमराम, नकुल यादव, चंद्रिका, मिलराम, मोहर सिंह चक्रधारी, खेमचंद, दिलीप कुमार, शेखर चन्द्राकर, स्नेहल चन्द्राकर, चिनिराम साहू, नारायण, पुरुषोत्तम, सेवाराम साहू, गौतम सिंह, थानसिंग पटेल, पुनीत राम साहू, देवाराम साहू, दयानंद, इश्मन पांडे, बलतुराम साहू, दिलीप चक्रधारी, राजकुमार यादव,चूड़ामणि यादव,अशोक कुमार ध्रुव, टोपेश ध्रुव, गैंदु, केशव दीवान, दीपक दीवान, टेकराम ठाकुर, हीराराम दीवान, मोतीराम, ईश्वर, भुवन दीवान, खम्भन, विश्राम दीवान, रेजुराम, भागवत साहू, धनसिंह, तिलक, सुखु, जिराखन, ललित चन्द्राकर, लक्की, देवनारायण महोबिया, सीतेश ध्रुव,हेमंत चन्द्राकर, रमेश साहू, ललित कुमार साहू, नीलकंठ यादव, मनोज ध्रुव, तरुण चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में किसान साथी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री से कुमारी भास्कर ने विकास खंड के विभिन्न ग्राम पंचायत की मूलभूत समस्याओं को लेकर की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली जनपद पंचायत अध्यक्ष कुमारी भास्कर ने मूल भूत समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विधान सभा सत्र के दौरान मुलाकात कर सरायपाली के विकास खंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों की मूल भूत समस्याओं को एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अवगत कराया जिससे कि पंचायतो में कुछ विकसित कार्यों की मांग की मुख्यमंत्री ने मूल भुत सुविधाओ को जल्द ही पूरा करने का आश्वाशन दिया।

# आयशर ट्रक में अवैध गांजा तस्करी कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा अंतर्राज्यीय सीमा पर अवैध तस्करों पर सतत् निगाह रख उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गए हैं। जिसके लिए समय पर प्रभारियों को आसूचना तंत्र को मजबूत करते हुए एवं संदिग्ध आचरण के व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर आज थाना प्रभारी बोराई निरी प्रमोद अमलतास द्वारा बोराई चेक पोस्ट नाके पर मय स्टॉफके नाकाबंदी पाईट एवं जांच कार्यवाही की जा रही थी तभी उडिसा के तरफ से आते एक ट्रक क्रमांक आरजे .06 जीडी क्र .5696 को थाना बोराई के सामने बैरियर नाका के पास संदेह के आधार पर रोककर चेक किया गया जिसमें दो व्यक्ति बैठे मिले पुछताछ में गतिविधी संदिग्ध लगी तब उनका नाम पुछने पर अशोक शर्मा पिता भेरु लाल शर्मा, उम्र 27 वर्ष, साकिन डोडखेडा भीलवाडा जिला भीलवाडा थाना केरेंडा राजस्थान, जीवन लाल गुर्जर पिता भगवा राम गुर्जर उम्र 31 वर्ष साकिन ग्राम जोधा का खेडा तहसील आसिंद बोरेला भीलवाडा जिला भीलवाड थाना आसिंद राजस्थान के रहने वाले बताये जिससे तलाशी लेने पर 09 सफेद बोरे में 43 पैकेट खाखी टेप लिपटा हुआ मादक पदार्थ गांजा वजन 221.313 किलोग्राम कीमती करीबन 44,26,260 लाख रूपये एवं प्रयुक्त ट्रक भारत बेंज आयशर कीमती 2500000 लाख रु जुमला कीमती.रू69,26,260 रुपये का समक्ष गवाहों के जप्त किया गया गया। जप्ती सामान-मादक पदार्थ गांजा कुल 221.313 किलो ग्राम किमती करीबन 44,26,260 लाख रूपये तथा भारत बेंज आयशर ट्रक क्रमांक आरजे .06 जीडी .5696 पुराना इस्तेमाली कीमती करीबन 2500000 लाख रू, आरोपीयों से जुमला किमती करीबन 69,26,260 रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध बोराई के अपराध क्र 06/24 धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजी जा रही है एवं मामले में आरोपियों से पूछताछ कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार आरोपीगण के नाम अशोक शर्मा पिता भेरु लाल शर्मा उम्र 27 वर्ष साकिन डोडखेडा भीलवाडा जिला भीलवाडा थाना केरेंडा राजस्थान, जीवन लाल गुर्जर पिता भगवा राम गुर्जर उम्र 31 वर्ष साकिन ग्राम जोधा का खेडा तह आसिंद बोरेला भीलवाडा जिला भीलवाडा थाना.आसिंद राजस्थान । संपूर्ण कार्यवाही में थाना बोराई प्रभारी निरी.प्रमोद सउनि.देवनाथ सिन्हा, फरस राम निषाद,प्रआर वेदराम मरकाम,सौरभ पटेल, आर प्रमोद गाहडे का विशेष योगदान रहा।

# बेटी को उपहार ग्रुप धमतरी ने एक परिवार की दो बेटियों के विवाह हेतु दिए उपहार

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



ग्राम पोटियाडीह धमतरी में निवासरत दो सगी बहनों का अलग- अलग स्थानों पर, अच्छा वर और परिवार देखकर उनकी मां कीर्तन बाई और करीबियों ने रिश्ता करवा दिया था। पति के न होने की स्थिति में कीर्तन बाई ने दूसरों के यहां मेहनत मजदूरी करके बेटियों को यथासंभव पढ़ा लिखा लिया था। बेटियों के विवाह के लिए उनके समक्ष आर्थिक संकट बहुत बड़ा था। बेटी को उपहार ग्रुप के संबंध में उन्हें जानकारी मिली और उन्होंने संपर्क कर सहयोग के लिए निवेदन किया। इस विषय पर सहमति बनने पर ग्रुप के सदस्यों ने अपने एवं परिचितों के माध्यम से अनाज, मसाले ,शादी के पोशाक एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं एकत्रित कर कीर्तन बाई को सौंपा और एक नियत स्थान पर जाकर दोनों बेटियों को कुमकुम तिलक का नेग करके उपहार देकर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं । बेटी को उपहार ग्रुप की वरिष्ठ सदस्य सूर्या लुंकड़, सरला पारख़,रीता लुंकड़,ममता गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि बेटी के परिजनों के संपर्क करने के बाद बेटी के घर परिवार और परिस्थितियों की सही जानकारी लेकर उसे ग्रुप के सदस्यों के बीच रखा जाता है। फिर सहमति बनने पर अनाज, मसाले, तेल और बेटी के लिए आवश्यक उपहारों की व्यवस्था ग्रुप के सदस्य स्वयं तथा अपने रिश्तेदारों, मित्रों एवं परिचितों के सहयोग से करते हैं। ग्रुप की संयोजिका डॉ सरिता दोशी ने बताया कि बेटी को उपहार ग्रुप 2016 से कार्यरत है। और उनके माध्यम से अभी तक 16 बेटियों को विवाह के लिए जरूरी उपहार दिए गए हैं । बेटी का रिश्ता अगर ठीक.ठाक जगह हो गया है और कठिन परिस्थितियों में परिवार का गुजर बसर हो रहा है ऐसे में उन्हें राशन की मदद करके, बेटियों को विवाह के लिए जरूरी उपहार देकर हंसी खुशी के साथ विदा करना ही उनके ग्रुप का उद्देश्य है। सहयोग के लिए वे सोशल मीडिया का उपयोग विषयवस्तु की जानकारी देकर करते हैं लेकिन कोशिश यह भी रहती है कि बेटी अथवा माता पिता एवं परिवार के सदस्यों का आत्मसम्मान आहत न हो। माता अथवा पिता के न होने पर आर्थिक रूप से कमजोर, एकल पालक को बेटी के विवाह में बहुत कठिनाई होती है ।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सम्मान राशि बहाल कर मीसा बंदियों को लौटाया सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



वर्ष 1975 में लगे आपातकाल में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष की बात जब भी आएगी, तब लोकतंत्र के प्रहरी मीसाबंदियों के संघर्षो को सदैव याद किया जायेगा और इनसें प्रेरणा ली जाएगी कि इन्होंने लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी। आपातकाल के दौरान सैकड़ों लोगों को जेल में बंद रखा गया। इन मीसाबंदियों ने जेल में जो पीड़ा, जुल्म सहे उन जख्मों पर मरहम लगाने का काम प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बीते दिन विधानसभा में यह घोषणा कर की कि अब मीसाबंदियों को प्रदान की जाने वाली सम्मान निधि पुनः प्रारंभ की जायेगी। इस घोषणा से धमतरी जिले के मीसाबंदियों में हर्ष व्याप्त है। आपातकाल में धमतरी के मीसाबंदी के तौर पर सजा काटने वाले शिरोमणी कृष्णा राव घोरपड़े ने बताया कि वे स्वयं और उनके 11 अन्य साथियों को 1975 में मीसाबंदी बनाकर रायपुर स्थित नई जेल में रखा गया था। सरकार ने मीसाबंदियों की सम्मान राशि की बहाली के लिए जो पहल की है, वह सराहनीय है। इससे मीसाबंदियों का सम्मान लौट आया है। उन्होंने बताया कि आपातकाल के समय लोकतंत्र सेनानी जब जेल जाते थे, तो उस परिवार की स्थिति बड़ी पीड़ादायक हो जाती थी। इन परिवारों के सामने आजीविका का संकट हो जाता था। पूर्व में डॉ रमन सिंह की सरकार ने मीसाबंदियों के लिए सम्मान राशि देने की शुरुआत की थी, जिसे बंद कर दिया गया था। श्री घोरपड़े ने बताया कि मीसाबंदियों को सम्मान राशि देने की शुरूआत वर्ष 2008 से की गयी थी। धमतरी जिले में कुल 52 मीसाबंदी थे, जिनमें से अब सिर्फ 7 मीसाबंदी ही रह गए है। उन्होंने शासन से आग्रह किया है कि 2008 के पूर्व जिले के ऐसे मीसाबंदी जिन्हें किसी कारणवंश सम्मान राशि नहीं मिल पा रहा है, उनके परिजनों को भी मीसाबंदी के तहत् सम्मान राशि प्रदान किया जाये।

# भारतीय जैन संघटना महिला शाखा द्वारा स्कूल को प्रदान की गई पानी टंकी



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

भारतीय जैन संघटना महिला शाखा द्वारा नूतन स्कूल सिहावा चौक में 1500 लीटर की पानी की टंकी दी गई। भारतीय जनसंघ घटना की अध्यक्षता वंदना चौरडिया ने कहा जल ही जीवन है इसका दुरुपयोग ना करें संघटना द्वारा दिए गए इस पानी टंकी से आप सभी को स्वच्छ व शीतल पानी प्राप्त हो हमारी यही भावना है। नूतन स्कूल के प्राचार्य ने भारतीय जैन संगठन की सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया और कहा कि इस स्कूल में टंकी की काफी दिनों से समस्या थी आप सभी ने बड़ा ही नेक कार्य किया है। इस अवसर पर भारतीय जैन संघटना की कोषाध्यक्ष गौरी लोढा सचिव शिमला पारख, सहसचिव राजकुमारी पारख, संरक्षक सरला पारख, मधु दुग्गड,इंदिरा लुकडए,,प्रियंका बंगाली ,रूपाली मिन्नी सहित शाला की शिक्षक शिक्षिकाएं सभी उपस्थित थे।

# विद्युत विभाग के अधिकारी की तानाशाही

## पत्रकारों के सवालों का जवाब देने के बजाय कुर्सी छोड़कर भागे अधिकारी

### चोरी छिपाने ए ई .ने जवाब देने के बजाय पत्रकारों का बनाने लगे वीडियो

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com




विद्युत विभाग की सहायक यंत्री जिस पर अपने अधिनस्थ कर्मचारियों के सहारे हितग्राहियों को लूटने का एक बड़ा मामला सामने आया है । कथित अधिकारी अपनी चोरी छिपाने पत्रकारों को सवालो का जवाब देने के बजाय पत्रकारों के टीम का ही विडियो बनाकर वायरल करने? में लगे हुए हैं इससे अधिकारी किस कदर अपनी चोरी छिपाने का स्वांग रच रहे हैं वह उजागर हो रहा है। मामला छत्तीसगढ़ के बलौदा बाजार जिला सिमगा क्षेत्र का है । जहां का विद्युत विभाग के अधिकारी पर नियम के विपरीत कार्य करते हुए विद्युत कनेक्शन के नाम पर हितग्राहियों से शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक की राशि वसूली कराये जाने का आरोप है । गौरतलब हो कि संबंधित हथबंद क्षेत्र के विद्युत विभाग में हितग्राहियों को विद्युत कनेक्शन हेतु निर्धारित दर से अधिक 1383 रूपए अधिक की वसूली की जा रही थी ,जबकि शासन द्वारा निर्धारित दर का ही रसीद हितग्राहियों को दिया जा रहा है।यही नहीं उक्त रसीद में संबंधित अधिकारी (लेखा जोखा) का भी हस्ताक्षर नहीं है।इस मामले पर जब हितग्राहियों ने आपत्ति जताई तो संबंधित विभाग के कर्मचारियों का कहना था कि अतिरिक्त राशि की वसूली सहायक यंत्री के कहने पर किया जा रहा है। जिसका विडियो भी वायरल हुआ है। इस मामले पर हितग्राहियों को जवाब देने से कथित अधिकारी कतराते रहे हितग्राहियों से अभद्र व्यवहार किया गया। इस परिस्थिति में हितग्राहियों ने अपनी समस्या पत्रकारों का संगठन छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के समक्ष रखा । जब छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के टीम ने संबंधित सहायक यंत्री बी. के. साहू से मुखातिब होकर उन पर लगाए आरोप पर स्पष्टीकरण चाहा तो कथित अधिकारी ने जवाब देने के बजाय पत्रकारों का ही विडियो बनाने लगा ।वहीं उन्होंने इस मसले पर जवाब देने कतराते हुए डी ई से जानकारी लेने का मशविरा पत्रकारों को देते हुए कुर्सी से उठकर भाग खड़े हुए। पत्रकारों के टीम ने फोन के माध्यम से डी ई को समस्त घटनाओं की जानकारी देते हुए दोषी अधिकारी पर कार्यवाही की मांग किया है । इधर जानकारी में आया है कि हितग्राहियों को लूटने के मामले पर लिप्त सहायक यंत्री पत्रकारों के सवाल का ही विडियो बनाकर वायरल करने में लगे हुए हैं । यहां पर यह कहावत चरितार्थ हो रही है कि उल्टा चोर कोतवाल को डांटे।

# तिल्दा विकासखंड के छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विज्ञान भवन व हवाई अड्डा का अवलोकन कराया गया

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

विज्ञान दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय समग्र शिक्षा से प्राप्त निर्देशानुसार विकासखण्ड तिल्दा के 67 बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विज्ञान भवन व हवाई अड्डा का अवलोकन कराया गया।जिसमे जिला कार्यालय के जिला परियोजना अधिकारी अरुण शर्मा व विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक संतोष शर्मा का विशेष योगदान एवं प्रयास से बच्चो को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। बच्चो के लिए भ्रमण हेतु तिल्दा एवं खरोरा परिक्षेत्र के लिए बसों की व्यवस्था की गई थी। जिसमे तिल्दा परिक्षेत्र की बस को उक्त भ्रमण के नोडल व समन्वयक नरोत्तम ध्रुव व खरोरा परिक्षेत्र के नोडल व समन्वयक देवेंद्र ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बच्चो की देख रेख व अन्य सहयोग हेतु संकुल समन्वयक कौशल वर्मा व सुरेंद्र वर्मा के साथ-साथ पूर्व माध्यमिक विभाग की शिक्षिका जनक दुलारी वर्मा, - सांगिता रानी जेहोआस शबाना आजमी मेम भी थी। जिला कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा बच्चो के लिए सुबह नास्ते की व्यवस्था की गई। ततपश्चात सभी बच्चों को विज्ञान भवन अवलोकन हेतु ले जाया गया । जहाँ बच्चो ने विभिन्न प्रकार के ज्ञानवर्धक व शैक्षणिक जानकारियों को प्राप्त किये साथ ही विभिन्न प्रकार के विज्ञान से सम्बंधित वस्तुओ का अवलोकन भी किये।जिसे देखकर सारे बच्चे बहुत आनन्दित हुए। सभी बच्चों ने पहली बार नए नए विज्ञान की सामग्रियों को देखके आश्चर्य चकित हो गए साथ ही जिसे केवल किताबो में ही पढ़ते थे उन्हें आज अवलोकन करने का अवसर भी प्राप्त हो गया।लगभग तीन घण्टे तक बच्चो ने भवन के सामग्रियों व मशीनो का अवलोकन किया गया। जिला कार्यालय द्वारा स्वादिस्ट भोजन की भी व्यवस्था किया गया। भोजन उपरांत सभी बच्चों को स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा का भी सैर कराया गया व वहां के गतिविधियों से परिचय कराकर जानकारियां भी प्रदान की गई। व हवाई जहाज का अवलोकन भी कराया गया। परियोजना अधिकारी ने सभी को जूस पिलाकर अपने गंतव्य स्थान की ओर रवाना किया।

# छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसियेशन का समीक्षा मासिक बैठक सिमगा रेस्ट हाऊस में संपन्न

पायनियर संवाददाता ‹ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन का समीक्षा मासिक बैठक सिमगा रेस्ट हाऊस में सम्पन हुआ बैठक में जनहित से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया । छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के द्वारा लगातार जनहित से संबंधित मुद्दों को लेकर खबर प्रकाशन करने के साथ साथ विभागीय मुद्दो पर कार्रवाई को लेकर गंभीरता पूवर्क बरत्ता जा रहा है। जिससे की लोगों के मध्य छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के प्रति छवि बरकरार हो रही है। व लोगों का विश्वास जाग रहा है । छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के पत्रकारों का संध है। मासिक समीक्षा बैठक के दौरान चर्चा में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य व जिला अध्यक्ष रायपुर शैलेश सिंह राजपुत ने कहा कि हमारा मूल उद्देश्य जनता को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित कराना है। वह स्वतंत्र रूप से समाचार प्रकाशित कर पारदर्शिता अपनाते हुये लोगों के मध्य मिडिया एसोसियेशन की छवि बरकरार रखना है । छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के मासिक समीक्षा बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिलाध्यक्ष रायपुर शैलेश सिंह राजपूत , विधानसभा बलोदा बजार मिडिया प्रभारी अजय नेताम, तिल्दा नेवरा ब्लांक उपाध्यक्ष अविनाश वाधवा, ब्लांक महासचिव सौरभ यादव, सिमगा प्रभारी थानेश्वर साहू , सिमगा प्रभारी सचिव ओंकार साहू , ब्लाक सिमगा प्रभारी उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा , सदस्य प्रकाश जोशी सहित अन्य पत्रकार गण उपस्थित थे।

# भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन, गांडा समाज के 150 सदस्यों ने भाजपा में हुए शामिल

### समाजिक सदस्यों का जिला अध्यक्ष रुपकुमारी चौधरी ने पुष्पहार से किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



व्यवहार न्यायालय के सामने भाजपा के लोकसभा चुनाव कार्यालय उद्घाटन पर गांडा समाज के 150 सदस्यों ने भाजपा की रीति नीति व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशहित व विकास की नीति से प्रभावित होकर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में शामिल होने पर आप सभी को बधाई तथा भाजपा आपके सुख व दुख में हमेशा खड़ी रहेगी यह भाजपा का वायदा है । उक्त विचार सरायपाली व्यवहार न्यायालय के सामने महलपारा में भाजपा के लोकसभा कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर गांडा समाज के 150 सदस्यों द्वारा भाजपा में शामिल होने के अवसर पर कुरूद विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर द्वारा व्यक्त किया गया । पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुवे कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता जब जब भी सक्रिय होता है तब तब भाजपा उतनी ही तेजी से मजबूत व विजयी होती है । सरायपाली में भाजपा की जीत भले ही नही हो पाई किंतु राज्य में पहली बार भारी व स्पष्ट बहुमत वाली सरकार बनाई । यदि कार्यकर्ता ठान ले तो जीत निश्चित है और यदि कारण पर जाए तो हार मिलनी स्वाभाविक है । हमे आगामी लोकसभा चुनाव में कौन प्रत्याशी यह नही देखना है व्यक्ति नही नरेंद्र मोदी जी लड़ रहे हैं यह भावना से हमे कार्य करना है । छत्तीसगढ़ में धोखे से आम मतदाताओ ने कांग्रेस की सरकार बनाई किंतु कांग्रेस की सरकार द्वारा जनहित व विकास पर ध्यान न देते हुवे सिर्फ लूट खसूट को प्राथमिकता दी । आज उनके किसी भी योजनाओं को खोलो तो सिर्फ भ्रस्टाचार ही सामने आ रहा है । हर 10 दिनों में एक घोटाले कांग्रेस के सामने आ रहे हैं । पिछले विधानसभा चुनाव में आम मतदाताओ को समझना नही पडा उन्होंने कांग्रेस को बुरी तरह से हरा दिया । मोदी की गारंटी के तहत हमने जी प्राथमिकता के तौर पर घोषणा की थी उसे हम बजट सत्र के पहले किसानों को बोनस ,महतारी वंदन योजना , पीएससी घोटाला की जांच आदि को हमने पूरा किया । रामलला पर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि 500 वर्षो के संघर्ष , बलिदान , त्याग का यह परिणाम केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद संभव हो सका ।विराट व भव्यता इतनी की विश्व के 154 देशों ने प्राणप्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण किया । भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में 5 वे नम्बर है । जो कि एक कीर्तिमान है । आज देश के विपक्षी दल सिर्फ झूठा गठबंधन सिर्फ भाजपा को हराने व हटाने के लिए बना है पर देश में देशप्रेमी , सक्रिय , देशभक्त भाजपा समर्पित कार्यकर्ता ओ के कारण विपक्ष सफल कभी नही हो पायेगा । पार्टी की मजबूती कार्यकार्यकर्ताओ के कंधों पर होती है आप जहां भी है बस उसे संभलकर रखना है । राष्ट्र निर्माण व भव्य भारत का निर्माण कार्यकर्ताओ के बल पर ही होता है । पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती रुपकुमारी चौधरी ने आश्वत किया कि पिछले विधानसभा चुनाव में हम भले ही पीछे रह गए पर इस लोकसभा चुनाव में उसके डबल अनुपात में भाजपा को विजयी बनाएंगे । इस अवसर पर पूर्व विधायक द्वय त्रिलोचन पटेल , रामलाल चौहान , शंकरलाल अग्रवाल , अमर बग्गा , छतर सिंह नायक , विश्वनाथ पाणिग्रही , डॉ आर के बाजपेयी , विपिन उबोवेजा , कामता पटेल , धनेश नायक , प्रदीप साहू , चंद्रकुमार पटेल , गुंजन अग्रवाल , स्वर्णसिंह सलुजा , देवेंद्र शर्मा , संजय शर्मा ,कैलास अग्रवाल , पुष्पलता चौहान के साथ ही भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष , युवा मोर्चा व अन्य सैकड़ो की संख्या में उपस्थित थे । जिन 150 गांडा समाज के सदस्य शामिल हुवे उनके प्रमुख रूप से पंचराम चौहान ,जगदीश चौहान , चमरा दीप , सुंदरलाल , हेमलाल चौहान , सुरेश कुमार , राधेश्याम तांडी , श्यामलाल , लक्ष्मीप्रसाद नंद , रवि चौहान , विभिन्न परिक्षेत्रों के अध्यक्ष सहित अनेक सामाजिक महिला सदस्य भी शामिल हुवे । भाजपा में शामिल सभी सामाजिक सदस्यों का जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया ।

# एक रात में जंगली हाथी ने तोड़े चार मकान सो रही महिला के पैर में आई चोट, अस्पताल में भर्ती

पायनियर संवाददाता ◂ रायगढ़
www.dailypioneer.com

## सरसो व आलू की फसल को भी पहुंचाया नुकसान



रायगढ़ जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर जुनवानी गांव में बीती देर रात एक जंगली हाथी ने गांव में दस्तक देते हुए तीन मकान और एक मकान के बाउण्ड्री को तोड़ दिया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद शुक्रवार की सुबह वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के बंगुरसिया-जुनवानी क्षेत्र के जंगलों में पिछले लंबे समय से जंगली हाथियों ने डेरा डाला हुआ है। यहां के जंगलों में रहने वाले जंगली हाथी कभी भी रिहायशी क्षेत्र में पहुंचकर जमकर उत्पात मचाते हुए वापस जंगलों में लौट जाते हैं। इसी बीच रायगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जुनवानी गांव में बीती देर रात तकरीबन 3 बजे एक नर हाथी ने गांव में दस्तक दी और फिर भोजन की तलाश में एक-एक करके तीन घरों को तोड़ दिया है। जंगली हाथी ने जिनके मकानों को तोडा उनमें बसंत मालाकार, हरिहर मैत्री, शांति बाई यादव के अलावा महावीर साहू के मकान को तोड़ा है। इस घटना में घर में सो रही शांति बाई यादव के पैर में चोट लगने की वजह से मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि गुरूवार की देर रात बंगुरसिया की तरफसे भटकते हुए एक नर हाथी गांव पहुंचा था और फिर उसके घर तोड़े जाने के बाद गांव के ग्रामीणों में भय का माहौल निर्मित हो गया था लोग अपनी जान बचाने भागते नजर आये।

जंगली हाथी ने यहां सरसो और आलू की फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम शुक्रवार की सुबह गांव पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई।

# पीएम आवास के आवेदन पत्र विक्रय एवं जमा करने की तिथि बढ़ी

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत किरायेदारी में निवासरत परिवारो के लिए तृतीय चरण में सूर्या विहार के पीछे वार्ड क्र. 01 खम्हरिया में कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे, एनार स्टेट एवं माईल स्टोन स्कूल के पीछे में निर्मित आवास आबंटन के लिए उपलब्ध है। जिसके आबंटन के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 29 फरवरी तक जमा करना निर्धारित किया गया था। उस तिथि में वृद्धि करते हुए 5 मार्च तक आवेदन पत्र विक्रय करने एवं 7 मार्च तक आवेदन पत्र जमा किया जायेगा। भिलाई निगम के विभिन्न स्थलो में निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो के आबंटन के लिए निगम मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक-16 योजना शाखा के काउन्टर में कार्यालयीन दिवस में प्रतिदिन शाम 4 बजे तक नागरिक अपने आधार कार्ड की छायाप्रति प्रति के साथ 100 रूपये का नगद भुगतान कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है और आवेदन जमा भी कर सकते है।

## जवाहर उत्कर्ष प्रवेश परीक्षा 10 मार्च को

**दुर्ग।** प्रयास आवासीय विद्यालय (कन्या) मालवीय नगर चौक, हनुमान मंदिर के पास जीई रोड दुर्ग में 6वीं की कक्षा में प्रवेश हेतु वर्ष 2024-25 के लिए पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष प्रवेश परीक्षा का आयोजन 10 मार्च 2024 को दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास दुर्ग के अनुसार अनुसुचित जाति/जनजाति के छात्र-छात्राएं जो ग्रामीण/नगर पंचायत क्षेत्र में निवासरत है तथा 5वीं में अध्धयनरत है, छत्तीसगढ़ राज्य में मान्य अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग का हो, इस हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक हो, वही छात्र परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। उक्त परीक्षा हेतु 7 फरवरी 2024 तक आवेदन प्रस्तुत करने वाले समस्त पात्र विद्यार्थियों को अपने मूल अभिलेख (समस्त प्रमाण पत्रों) के साथ 10 मार्च 2024 को सुबह 10.30 बजे निर्धारित परीक्षा केंद्र में उपस्थित होना होगा।

# सण्डे मार्केट सुपेला को व्यवस्थित करने व्यपारियों का सहयोग आवश्यक : आयुक्त ध्रुव



पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक लगने वाले सण्डे मार्केट को व्यवस्थित करने एवं यातायात को सुगम बनाने निगम की टीम मार्केट क्षेत्र में लगातार मुनादी एवं दुकानदारो को समझाईस दे रही है. निगम के जोन कार्यालय नेहरू नगर एवं वैशालीनगर की टीम ने शनिवार को मार्केट क्षेत्र में सड़क के दोनो किनारे फिर चुना मार्किंग किया और व्यापारियो को समझाईस दिये है कि लाईनिंग के बाहर कोई भी दुकानदार अपने विक्रय वस्तु को प्रदर्शन के लिए न लगाये अपने सामानो को निगम द्वारा आबंटित दुकान के क्षेत्र में रखे इसी प्रकार सड़क पर लगने वाले पसरा, ठेला, खोमचे के फुटकर व्यपारियो से भी कहा है कि कोई भी व्यापार सड़क पर न करे जिससे यातायात प्रभावित हो। निगम द्वारा सण्डे मार्केट क्षेत्र मे इस आशय का मुनादी भी करवाया जा रहा है। रविवार 3 मार्च को भी निगम का राजस्व व स्वास्थ्य अमला, जोन आयुक्त के नेतृत्व में घड़ी चौक से गदा चौक तक दुकान के बाहर फैले सामान तथा सड़क पर लगने वाले ठेले, खोमचे की जॉच के लिए निकलेगी। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने व्यापारियो से अपील करते हुए कहा है कि निगम द्वारा यातायात को सुगम बनाने एवं मार्केट क्षेत्र को व्यवस्थित करने लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसमे व्यापारियो का सहयोग आवश्यक है। ताकि जन सामान्य को आवागमन में किसी तरह की कोई असुविधा न हो।

# जिला कलेक्ट्रेट में प्रतिदिन ईवीएम मशीन का किया जा रहा है प्रदर्शन, लोग समझ रहें है कार्य प्रणाली

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्ट्रेट में ईवीएम मशीन का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इसका अवलोकन कर इसकी कार्य प्रणाली से अवगत हो रहे हैं। इसके लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रतिदिन लोग मशीन को देखकर दिलचस्पी के साथ इसकी जानकारी ले रहे हैं और साथ ही अपना नाम, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज कर रहे हैं। संपूर्ण मशीन का सेट इस प्रकार जमाया गया है जिस प्रकार मतदान के दौरान ईवीएम मशीन का उपयोग किया जाता है। मशीन के सेट में कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीपी पेट मशीन लगा हुआ है। लोगों को पूरी प्रक्रिया की जानकारी इन कर्मचारियों द्वारा दी जाती है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इन मशीनों का प्रदर्शन किया जा रहा है, ताकि लोग मशीनों की जानकारी हासिल कर बेझिझक अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

कोई भी व्यक्ति कार्यालयीन समय में आकर मशीनों का अवलोकन कर प्रक्रिया समझ सकते हैं।

## जॉब फेयर में 632 युवाओं का चयन

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन दुर्ग द्वारा संचालित सृजन रोजगार अभियान एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण के संकल्प परियोजना के अंतर्गत संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस द्वारा पालीटेक्निक और आईटीआई के विद्याथियों के लिए जॉब फेयर का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर विजय ध्रुव ने बताया कि विगत 24 फरवरी को भिलाई कैम्पस आर-2 में आयोजित इस कार्य म में टाटा मोटर्स, टाटा इलेक्ट्रॉनिक, इस्कोल, इसकेटीच, सिम्प्लेक्स, बजाज मोटर्स जैसी बड़ी कंपनियों सहित कुल 20 कंपनियों द्वारा 2700 रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार लिए गए। इसमें कुल 632 विद्यार्थियों का चयन हुआ, 125 विद्यार्थी शॉर्ट लिस्ट किये गए।

# महतारी वंदन योजना के हितग्राही 5 मार्च तक अपने खाते को डीबीटी करवायें

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने वाले आवेदिकाओं के खाते को डी.बी.टी (प्रत्यक्ष लाभ भुगतान) से जोड़ने के लिए अवकाश दिवस रविवार को बैंको को खुला रखने का आदेश जारी कर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने हितग्राहियो को बड़ी राहत प्रदान की है। कलेक्टर ने प्रबंधक अग्रणी बैंक दुर्ग के नाम पर पत्र जारी कर निर्देशित किये है कि छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन की कार्यवाही की जा रही है। इस योजना के तहत 21 वर्ष से अधिक उम्र की विवाहित महिलाएं (तलाकशुदा/ परित्यक्ता भी शामिल) को प्रतिमाह राशि 1000 उनके आधार लिंक बैंक खाते में डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान किया जाना है। जिले में बैंक खातो को आधार लिंक करने हेतु 59420 का लक्ष्य है, जिसमें से जिले के अधिकांश महिलाओ का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं हुआ है। उक्त कार्य समय सीमा में 5 मार्च तक पूर्ण किया जाना है। इस हेतु अवकाश दिवस रविवार को अर्थात 3 मार्च को महिलाएं बैंक में उपस्थित होकर अपना खाता आधार लिंक व डी.बी.टी. सक्रिय करवा सकते है। बैंक में रविवार को सिर्फ महतारी वंदन योजना के कार्य ही स्वीकार होंगे। इसके अलावा बैंकर्स प्रत्येक बैंक मे 2 से 5 मार्च तक महतारी वंदन योजना के आधार लिंक एवं डी.बी.टी क्रियान्वयन के लिए विशेष काउन्टर की सुविधा भी उपलब्ध करायेगे। भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र में संचालित 148 आंगनबाड़ी केन्द्रो में उन हितग्राहियो की सूची उपलब्ध कराई गई है जिन्होने महतारी वंदन योजना के साथ जो बैंक खाते संलग्न किये है वे आधार लिंक एवं डायरेक्ट बेनिफिट ट्रॉसफर (डी.बी.टी.) से जुड़े नही है।

# छत्तीसगढ़ लाईवलीहुड कालेज एण्ड आईसीआईसीआई एकेडमी फॉर स्किल्स द्वारा किया गया विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ लाईवलीहुड कालेज एण्ड आईसीआईसीआई एकेडमी फॉर स्किल्स सेक्टर-6 भिलाई (दुर्ग) के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम एवं आईसीआईसीआई फाउंडेशन के सेन्टर हेड अशफाक अहमद के मार्गदर्शन से हुआ। जिसमें आईसीआईसीआई फाउंडेशन के टीचर तपन मिस्त्री, प्रदीप समल, अंजली, मोनीका, नाजिया एवं छात्र-छात्राओं द्वारा रक्तदान किया गया। यह रक्तदान शिविर छत्तीसगढ़ लाइवलीहुड कालेज एण्ड आईसी आईसीआई एकेडमी फॉर स्किल्स सेक्टर-6 भिलाई द्वारा 9 साल से लगातार किया जा रहा है। इसमें जिला चिकित्सालय दुर्ग को 80 यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ। इस शिविर में जिला चिकित्सालय दुर्ग के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. ए.के. साहू, ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, ब्लड बैंक रक्त कोष अधिकारी डॉ. नेहा नलवाया, डॉ. अजेला सोना, डॉ. यशश्री खुरानिया, डॉ. निखिल सिंह, लैब पैथोलॉजिस्ट रोशन सिंह, काउंसलर एंथोनी, स्टाफ नर्स तरूणा रावत, लैब सिनियर टेक्नीशियन महेन्द्र चंद्राकर, मधुसूदन देवांगन, कु. कुसुम चंद्राकर, मिनाक्षी, ब्लड बैंक अटेंडेंट हिमांशु चंद्राकर, माला देशमुख, अशोक मनिकपुरी प्रशिक्षणार्थी दिपेश वर्मा, विवेक देशमुख, कु. रजनी बंजारे, कु. भूपेश्वरी साहू और जीवन दीप समिति के अध्यक्ष दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोंनगावरकर उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के 16वीं किस्त की राशि का हुआ हस्तांतरण

■ जिले के 79 हजार 170 कृषकों को 17 करोड़ 53 लाख रूपए का हुआ भुगतान

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा यवतमाल महाराष्ट्र में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 16वीं किस्त की राशि का हस्तांतरण किया गया। उप संचालक कृषि एल.एम. भगत से मिली जानकारी अनुसार जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा में पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का प्रसारण वर्चुअल माध्यम से किया गया, जिसमें संयुक्त संचालक कृषि वैज्ञानिकगण, कृषि विभाग के अधिकारीकण, कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा के 80 कृषक, कृषि विज्ञान केन्द्र अंजोरा के 70 कृषक, विकासखण्ड स्तर में 134 कृषक तथा ग्राम स्तर पर 1001 कृषक उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत नोडल अधिकारी द्वारा कृषकों को बैंक खाते को आधार सीडिंग कराने व इससे प्राप्त होने वाले लाभ एवं पीएम किसान पोर्टल पर उपलब्ध केवायसी मॉड्यूल के माध्यम से बैंक खाता सत्यापन के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत जिले के 79 हजार 170 कृषकों को 17 करोड़ 53 लाख रूपए के 16वीं किस्त की राशि का भुगतान उनके खाते में सीधे आधार बेस्ड प्रणाली के माध्यम से किया गया।

## अग्निवीर (वायुसेवा) भर्ती हेतु 2 मार्च को नि:शुल्क मॉक टेस्ट का आयोजन

**दुर्ग।** भारतीय वायु सेना में अग्निवीर की भर्ती हेतु 11 फरवरी 2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिले के आवेदकों के लिए 17 मार्च 2024 को कम्प्यूटर आधारित ऑनलाइन लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र के उपसंचालक आर.के. कुर्रे के अनुसार उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक आवेदकों का नि:शुल्क ऑनलाइन मॉक टेस्ट 2 मार्च 2024 को स्थान- शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पावर हाउस भिलाई (महिला आई.टी.आई. के सामने नया भवन) में दोपहर 2.30 बजे आयोजित किया जायेगा। मॉक टेस्ट देने हेतु इच्छुक आवेदक उक्त स्थान व समय पर उपस्थित हो सकते है। आवेदक को अग्निवीर वायुसेना के आवेदन उपरान्त प्राप्त एकनालेजमेंट एवं रोजगार कार्यालय का पंजीयन क्रमांक साथ लेकर आना होगा।

# तालाबों को भरने नहर व नालों की सफाई, शहर के नालों एवं नालियों की सफाई का कार्य निरंतर जारी

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम स्वस्थ्य अमला द्वारा नहर- नाला-नालियों की सफाई हेतु विशेष अभियान के तहत नहर,नाला-नालियों की साफ-सफाई का कार्य जोन स्तर पर निरंतर जारी है। शंकर नाला उरला और बोरसी स्थित नालों की सफाई बेहतर ढंग से कर पानी के बहाव को व्यवस्थित करने के लिए अनेक जोन क्षेत्रों में मशीन से नालों की सफाई की जा रही है जबकि नालियों की सफाई का कार्य नए क्रय किये चैन माउंटेन मशीन के माध्यम से किया जा रहा है। ताकि तालाबो को भरा जा सके। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा निरन्तर सफाई कार्य का मॉनिटरिंग कर रहें है। उन्होंने बताया कि नगर निगम महापौर व आयुक्त के दिशा निर्देश पर नहर,नाला-नालियों की साफ-सफाई का कार्य जोन स्तर पर शुरू किया गया है। मशीन से नाला-नालियों की सफाई बेहतर ढंग से कर पानी के बहाव को व्यवस्थित करने के लिए अनेक जोन क्षेत्रों में मशीन से बड़े नालों की सफाई शुरू की गई है जबकि नालियों की सफाई का कार्य मशीन और सफाई अमले के माध्यम से किया जा रहा है। बता दे की पोटियाकला, कसारीडीह, पद्मनाभपुर, केलाबाड़ी आदर्श नगर रोड, मुक्त नगर क्षेत्र, कन्हैयापुरी, पोलसाय पारा के अलावा अन्य नाली व नालों की सफाई चैन अक्सवेटर मशीन के माध्यम से सफाई किया जाएगा।


## कार्यालय जनपद पंचायत डोंगरगांव

// सूचना //

क्रमांक/4180/ज.प./स्था./2023-24 डोंगरगांव, दिनांक 02/03/2024

छ.ग. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 65 सहपठित छ.ग पंचायत (स्थावर संपत्ति का अंतरण) के नियम, 1994 के तहत जनपद पंचायत द्वारा निर्मित व्यावसायिक परिसर की किराये पर दिये जाने हेतु निलामी की कार्यवाही दिनांक 04/03/2024 को किये जाने वाली निलामी की कार्यवाही अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है। निलामी के आगामी तिथी की सूचना पृथक से की जावेगी।

(अनुविभागीय अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित)


मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत डोंगरगांव


## राजिम, रायपुर, सिमगा और सलधा, भिलाई सहित कई स्थानों में शंकराचार्य जी धार्मिक आयोजनों में होंगे शामिल

# ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य का 8 दिवसीय छत्तीसगढ़ में दिव्य आगमन

■ छत्तीसगढ़ सरकार के अथिति रूप में शंकराचार्य जी का 3 मार्च को रायपुर आगमन

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में 'परमाराध्य' परमधर्माधिस उत्तराम्नाय ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामि श्रीः अविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती '1008' महाराज का दिव्य आगमन हो रहा है शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया कि पूज्यपाद जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज 8 दिवसीय प्रवास के लिए छत्तीसगढ़ आगमन होगा। तय समयानुसार शंकराचार्य महाराज छत्तीसगढ़ के अतिथि रूप में राजधानी रायपुर 3 मार्च रविवार को पहुंच जाएंगे। बताते चले कि शंकराचार्य महाराज का आगमन छत्तीसगढ़ सरकार के विशेष विमान से दोपहर में होना है। शंकराचार्य जी के आगमन पर रायपुर विमानतल में सैकड़ो सनातनियों द्वारा दिव्य दर्शन कर पूज्यगुरुदेव जी का स्वागत अभिनन्दन होगा। ब्रह्मचारी डॉ इंदुभवानंद के अगुवाई में श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला के लिए प्रस्थान करेंगे जहां अल्प समय विश्राम कर 'संत सम्मेलन उद्घाटन' समारोह के लिए राजिम प्रस्थान करेंगे। संत सम्मेलन के मंच से सनातनियों को दर्शन व आशिवर्चन देंगे। ततपश्चात पुनः श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला प्रस्थान कर रात्रिविश्राम करेंगे।

**3 दिनों तक भक्तों को श्री शंकराचार्य आश्रम में मिलता रहेगा दर्शन लाभ-** छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान 3 से 5 मार्च तक शंकराचार्य जी श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला में विराजमान रहेंगे। इस दौरान आश्रम में विशेष पूजन दीक्षा विशिष्ठ लोगों से चर्चा व आमजनों को दर्शन लाभ मिलता रहेगा। वही आश्रम प्रभारी ब्रह्मचारी डॉ इंदुभवानंद ने बताया कि बड़े ही सौभाग्यशाली है हम, हमारे पूज्यगुरुदेव ज्योतिष्पीठाधीश्वर के 3 दिवसीय प्रवास शंकराचार्य मठ पर हो रहा हैं, जिसकी खबर मिलते ही भव्य तैयारी हो रही हैं। आश्रम को फूलों से सुसज्जित किया गया है और शंकराचार्य जी के दर्शन लाभ लेने आने वाले सनातनियों के लिए प्रसाद भंडारे की भरपूर व्यवस्था की गई है।

**रायपुर शहर में भी आयोजन की तैयारी-** मीडिया प्रभारी अशोक साहू ने बताया शंकराचार्य जी के रायपुर प्रवास के दौरान शहर के अलग अलग स्थानों के सनातनियों ने पूर्व में भेट कर भविष्य में शहर आगमन होने पर निवास कर पदार्पण व धर्मसभा के लिए समय मांगा था, वही अब पूज्यगुरुदेव के प्रवास के दौरान यह कार्यक्रम भी बनाया जा सकता है, जिसे लेकर सनातनी उत्साहित हैं।

**सिमगा में होगी धर्मसभा-** पूज्यगुरुदेव का 6 मार्च को शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर से सिमगा आगमन होगा जहां बहोरन लाल ताम्रकार के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकालकर शंकराचार्य जी को सिमगा बसस्टैंड स्थित हनुमान मंदिर के पास धर्मसभा स्थल लाया जाएगा, जहां मंच के माध्यम से दर्शन एवं आशीर्वचन लाभ मिलेगा। वही ताम्रकार निवास में शंकराचार्य महाराज रात्रिविश्राम करेंगे।

**शंकराचार्य करेंगे सपाद लक्षेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर विशेष पूजन-** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शंकराचार्य महाराज जी 7 मार्च को दोप. 12 बजे सिमगा से कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। इस दौरान बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के निवास में पदुकापुजन पश्चात कोइलारी जिला कबीरधाम के लिए प्रस्थान करेंगे। वही, ग्राम कोइलारी में श्रीमद्भागवत कथा मंच से दर्शन आशिवर्चन देंगे। तत्पश्चात ग्राम सलधा सपाद लक्षेश्वर धाम में श्री शंकराचार्य आश्रम के प्रस्थान व रात्रि विश्राम करेंगे।

**शंकराचार्य के सानिध्य में हजारों श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक-** सपाद लक्षेश्वर धाम (सवा लाख शिवलिंग मंदिर) के प्रभारी ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयानंद ने बताया कि महाशिवरात्रि महापर्व पर जगद्गुरु शंकराचार्य का सपाद लक्षेश्वर धाम आगमन हो रहा हैं, जिसकी सूचना मिलते ही सम्पूर्ण सलधावासी सहित बेमेतरा जिलावासीयो में भारी उत्साह हैं। जगद्गुरु महाराज के आगमन पर हर जगह स्वागत ग्राम सलधा में शोभायात्रा सहित पारंपरिक वाद्ययंत्र के साथ स्वागत अभिनंदन की तैयारी की जा रही है।


## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## जल संसाधन संभाग, क्रमांक, 02 रामानुजगंज जिला-बलरामपुर (छ.ग.)

Main Portal : http://cgeprocurement.gov.in
WRD Portal : http://wrd.cgeprocurement.gov.in

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

क्रमांक-01/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 27/02/2024

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक : 07/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 12.01.2024 सिस्टम क्र. 151335 व ''जी'' नम्बर 07107/3 दिनांक 16.01.2024 एवं निविदा सूचना क्र. 04/व.ले.लि./2023-24 दिनांक 22.12.2023 सिस्टम क्र. 150256 है व ''जी'' नम्बर 06682/4 दिनांक 27.12.2023 है, को अपरिहार्य कारणों के तहत् निविदा निरस्त की जाती है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. 02 रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर (छ.ग.)
कृते-मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

G-08221/5

संपादकीय


# संदेशखाली प्रकरण शेख शाहजहां गिरफ्तार

संदेशखाली में भगोड़े आरोपी शेख शाहजहां की 55 दिन बाद गिरफ्तारी का श्रेय टीएमसी और भाजपा, दोनों ले रही हैं। संदेशखाली में सामूहिक बलात्कार व जमीनों पर कब्जे के आरोपी तृणमूल कांग्रेस के फरार बाहुबली शेख शाहजहां की गिरफ्तारी के बाद भी पश्चिम बंगाल में राजनीति और गरमाने के आसार हैं। इससे ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार तथा भाजपा के बीच बयानबाजी और उग्र होगी। शेख शाहजहां 5 जनवरी से ही फरार था जब उसके घर पर राशन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय-ईडी टीम ने छापा मारा था और टीम पर उग्र भीड़ ने प्राणघातक हमला कर दिया था। आखिरकार 55 दिन से फरार शेख को कोलकाता उच्च न्यायालय के इस आदेश के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया कि सीबीआई, ईडी या राज्य पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। लेकिन इस विलंबित घटनाक्रम ने राजनीतिक क्षेत्रों में तूफान पैदा कर दिया है। सत्तारूढ़ टीएमसी का कहना है कि उच्च न्यायालय द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर स्थगनादेश के मामले में विरोधाभासी स्थिति स्पष्ट करने के बाद उसे पकड़ा गया। लेकिन विपक्षी भाजपा का दावा है कि आरोपी को पुलिस बचा रही थी और उसकी गिरफ्तारी 'सुनियोजित' हैं क्योंकि 'हमने सरकार पर भारी दबाव डाला था।' पश्चिम बंगाल में इस नाटकीय घटनाक्रम से एक चीज स्पष्ट है कि शेख की गिरफ्तारी से उन प्रमुख शक्तियों में टकराव बढ़ गया है जो राज्य पर अपना राजनीतिक प्रभुत्व स्थापित करना चाहती हैं। हालांकि, इस घटनाक्रम ने पूरे राज्य में सनसनी पैदा की है, पर इस पर तेजी से चले राजनीतिक दांवपेंच भी समझ में आते हैं। टीएमसी और भाजपा इस स्थिति का लाभ उठाना चाहते थे क्योंकि लोक सभा चुनाव बहुत निकट हैं और संदेशखाली प्रकरण दोनों पार्टियों के लिए 'गेम चेंजर' साबित हो सकता है। टीएमसी के लिए यह भ्रष्टाचार के खिलाफ तथा कानून का शासन स्थापित करने के पक्ष में प्रतिबद्धता प्रकट करने का अवसर है। इसी कारण पार्टी ने बिना कोई समय गंवाये इस गिरफ्तारी को स्वच्छ प्रशासन और जवाबदेही के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है।

दूसरी ओर भाजपा ने इस गिरफ्तारी को पश्चिम बंगाल की राजनीति में अपने बढ़ते प्रभाव के प्रमाण की तरह पेश किया है। पार्टी इसे अपने भ्रष्टाचार-विरोधी अभियान तथा इस दावे की पुष्टि मानती है कि टीएमसी नीत सरकार में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त है। हालांकि, गहराई से गौर करने पर यह राज्य के उथलपुथल भरे राजनीतिक परिदृश्य में वर्चस्व स्थापित करने का संघर्ष है। शेख की गिरफ्तारी के साथ चुनावी प्रभुत्व के लिए संघर्ष और तेज हुआ है और हर पार्टी अपनी चुनावी संभावनायें बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है। लेकिन इस राजनीति में हमें भगोड़े बाहुबली की गिरफ्तारी के व्यापक प्रभावों को अनदेखा नहीं करना चाहिए। राज्य की राजनीति में एक 'मुहरे' के रूप में सक्रिय शेख उस भयानक भ्रष्टाचार को रेखांकित करता है जो पश्चिम बंगाल के प्रशासन में प्लेग की तरह फैल गया है। शेख शाहजहां की गिरफ्तारी राज्य में स्वच्छ व पारदर्शी प्रशासन की खोज में आने वाली चुनौतियों की याद दिलाती है, भले ही संबंधित लोगों का राजनीतिक जुड़ाव चाहे जो हो। राज्य में दावों और जवाबी दावों के बीच सच्चाई यह है कि बंगाल का राजनेता वर्ग भष्टाचार और राजनीति के अपराधीकरण जैसी समस्याओं का समाधान करने में विफल रहा है, जबकि इनसे राज्य की प्रगति व विकास को भयंकर नुकसान होता है।

# एक नये युग का ऐतिहासिक शुभारम्भ

## अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक नवोत्साह की लहर का संचार हुआ।



**रामलाल**
(लेखक, आरएसएस के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख हैं)



22 जनवरी 2024 को, अयोध्या की प्राचीन नगरी में एकता, श्रद्धा, भक्ति और समरसता का अविस्मरणीय संगम देखा गया। जहां देश के प्रत्येक कोने से, भिन्न भिन्न पृष्ठभूमियों से, सहस्त्रों राम-भक्त भव्य राम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए एकत्र हुए। श्री रामलला के आगमन के नाद से भारत वर्ष में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व में एक नवोत्साह की लहर का संचार हुआ।

भारत के इतिहास में इस तरह का भव्य आयोजन कदाचित ही हुआ होगा, जिसमें सूक्ष्म स्तरीय योजना एवं वृहद् स्तरीय समायोजन का अनोखा मेल देखने को मिला। अयोध्या में भारत और सनातन सभ्यता की प्रत्येक ध्वनि, प्रत्येक भावना और प्रत्येक परम्परा को प्रभु श्रीराम के छत्र में प्रतिछाया मिली। लक्षद्वीप और अंडमान के एकांत द्वीपों से लद्दाख के सुदूर पर्वतों तक, मिज़ोरम एवं नागभूमि के हरित वनों से लेकर मरुभूमि की रेत तक, भारत के 28 राज्य एवं 8 केंद्र शासित प्रदेश इस महा-आयोजन के साक्षी बने और भारत की सभी भाषाओं ने कहा की 'राम सभी के हैं।'

कार्यक्रम का स्वरूप पूर्णतयः धार्मिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रखा गया। इस हेतु सभी राष्ट्रीय और प्रांतीय दालों के राष्ट्रीय अध्यक्षों और गृह प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त किसी केंद्रीय मंत्री अथवा मुख्य मंत्री को निमंत्रण नहीं दिया गया। उस दिन आमंत्रित विशिष्ठ अतिथियों में यह भी एक चर्चा का विषय था।

आमंत्रित महानुभावों में 10 रुपए से लेकर करोड़ों तक का दान करने वाले सभी दान-दाता वर्गों का प्रतिनिधित्व था, राष्ट्र और सनातन सभ्यता के विभिन्न उद्गम स्थलों से निकलने वाली 131 प्रमुख और 36 जनजातीय; नवीन एवं प्राचीन धार्मिक परम्पराओं का प्रतिनिधित्व था। इनमे सभी अखाड़े, कबीर पंथी, रैदासी, निरंकरी, नामधारी, निहंग, आर्य समाज, सिंधी, निम्बार्क, पारसी धर्मगुरु, बौद्ध, लिंगायत, रामकृष्ण मिशन, सत्राधिकर, जैन, बंजारा समाज, मैतेई , चकमा, गोरखा, ख़ासी, रामनामी आदि प्रमुख परम्पराएं सम्मिलित थी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन-जाति, घुमंतू समाज के प्रमुख जनों का भी प्रतिनिधित्व था। विभिन्न मत-पंथ जैसे इस्लाम, ईसाई, पारसी का भी यहाँ प्रतिनिधित्व था। 1949 में रामलला के पक्ष में निर्णय लेने वाले ज़िला न्यायाधीश श्री नय्यर के परिवार के साथ साथ तत्कालीन ड्यूटी कांस्टेबल अब्दुल बरकत, जिन्होंने गवाही दी थी, उनके परिवार को भी आमंत्रित किया गया था। रामलला के विरुद्ध मुक़दमा लड़ने वाले परिवार के साथ तत्कालीन अधिकारियों के परिवारों को भी निमंत्रण दिया गया था।

रामजन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व करने वाले और इस आंदोलन में बलिदान हुए भक्तों के परिवार के सदस्य, रामजन्मभूमि की न्यायिक प्रक्रिया में सहभागी अधिवक्ता-गण भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए। भारत की माननीया राष्ट्रपति और माननीय उप-राष्ट्रपति जी के साथ पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित थे। भारत की सुरक्षा में तत्पर तीनों सेनाओं के सेवानिवृत्त सेनाध्यक्ष और परमवीर चक्र विजेता भी यहाँ थे और भारत को चंद्रमा तक ले जाने वाले इसरो के वैज्ञानिकों से लेकर भारतीय कोविड-वैक्सीन बनाने वाले वैज्ञानिक भी यहाँ थे। उच्चतम न्यायालय के तीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश सहित अनेक पूर्व न्यायाधीश, सेवानिवृत्त प्रशासनिक पुलिस एवं अन्य अधिकारी, विभिन्न देशों में रहे भारत के राजदूतों से लेकर बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, नोबेल पुरस्कार, भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्म श्री और मैग्सेसे पुरस्कार के साथ साथ साहित्य अकैडमी पुरस्कार से सम्मानित महानुभाव भी सम्मिलित हुए। प्रख्यात अधिवक्ता, चिकित्सक, समाचार पत्रों और चैनल्स के संचालक/सम्पादक, प्रख्यात सोशल-मीडिया इंफ्ल्युएंसर्स आदि के साथ साथ देश के बड़े औद्योगिक परिवार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। भारत के प्रमुख राज परिवारों के सदस्यों से लेकर अनेक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी; चित्रकारी, शिल्पकारी, गायन, लेखन-साहित्य, वादन, नृत्यकला आदि ललित कलाओं के कलाकार; हिंदी, कन्नड़, मलयालम, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, बंगाली, ओडिया, असमिया, भोजपुरी, पंजाबी एवं हरियाणवी फ़िल्म उद्योग की अनेक हस्तियाँ भी इस आयोजन में सम्मिलित हुईं। 53 देशों से आये 150 प्रतिनिधि भी इस समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्य पूजा में 15 यजमान बैठे थे, जिनमे सभी जातियों-वर्गों (सिख, जैन, नवबौद्ध, निषाद समाज, वाल्मीकि समाज, जनजाति समाज, घुमंतू जातियाँ आदि) और भारत की सभी दिशाओं (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, उत्तर-पूर्व) से आए व्यक्तियों का प्रतिनिधित्व था। देश का पोषण एवं विकास करने वाले किसान और मज़दूर बंधुओं के साथ सहकारिता और ग्राहक संगठनों के प्रतिनिधि भी यहां उपस्थित थे। जिन श्रमिकों ने प्रभु श्री राम के मंदिर के निर्माण को आकार दिया, प्रधानमंत्री जी ने स्वयं उन पर पुष्प-वर्षा करके उनका अभिनंदन किया। संघ और विश्व हिंदू परिषद के अनेक प्रबंधक कार्यकर्ताओं से लेकर संघ के पूजनीय सरसंघचालक माननीय श्री मोहन भागवत और भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी ने भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर जहां विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों कार्यकर्ता दिन-रात लगे थे, वहीं ट्रस्ट के ही आग्रह पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व अन्य कई स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों के अनेक कार्यकर्ता इस आयोजन की व्यवस्था में थे। उनके प्रबंधन के अनुभव का लाभ सूक्ष्म दृष्टि से व्यवस्था के चिंतन में हुआ। सभी कुछ सूक्ष्म चिंतन करके तैयार किया गया था। अयोध्या के नागरिक और प्रशासन भी ट्रस्ट के साथ समन्वय करते हुए अयोध्या को संवारने में लग गए। अयोध्यावासी सामान्य-जन के लिए यह एक कौतूहल का विषय था कि कैसे 4 माह में अयोध्या नगरी का स्वरूप सहसा परिवर्तित हो गया। भक्त-जन, पूज्य साधु संत और अनेक महानुभावों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण विषय था, जो कि स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य सुरक्षा दलों के बिना सम्भव नहीं था। उत्तर प्रदेश और अयोध्या पुलिस के सहयोग पूर्ण, मित्रवत् व्यवहार से सभी प्रभावित हुए। उसी का परिणाम था कि इतना बड़ा कार्य सरलता से निर्विघ्न व यशश्विता के साथ सम्पन्न हुआ। सभी के साथ प्रभु श्री राम का आशीर्वाद तो था ही।

तीन दिनों में अयोध्या में बिना किसी राजनैतिक या व्यावसायिक आयोजन के 71 निजी विमान गतिमान हुए। लखनऊ तथा अयोध्या के विमानतल एवं लखनऊ, अयोध्या, काशी, गोरखपुर, गोंडा, सुल्तानपुर, प्रयागराज आदि रेल-स्टेशनों पर केसरिया पटके के साथ स्वागत एवं यातायात की पूर्ण व्यवस्था की गयी। विभिन्न उपस्थित लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, सभी के लिए आवास व्यवस्था सावधानीपूर्वक तैयार की गई थी। टेंट सिटी, होटेल, आश्रम, धर्मशाला सहित कुछ विद्यालयों तथा 200 स्थानीय परिवारों में रुकने की व्यवस्था की गयी थी। सम्पूर्ण अयोध्या 'राम आएंगे' गीत की ध्वनि से गुंजायमान थी। अयोध्या की गलियों में सांस्कृतिक कार्यक्रमोंकाआनंद देर रात्रि तक सभी ने लिया।

भारत का इतिहास साक्षी है कि यह स्वयं में ऐसा एक ही कार्यक्रम था जहां इस स्तर के व्यक्ति 4-5 घंटों तक सामान्य कुर्सियों पर बैठे। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री देवेगौड़ा जी वहां 4 घंटे व्हील-चेयर पर बैठे। ना तो वहां किसी के सहयोगी थे, ना ही सुरक्षाकर्मी। प्रसाद स्वरूप सभी को जल सेवा एवं जलपान अपनी कुर्सियों पर ही दिया गया। प्रभु श्री राम के घर में सभी जातियाँ, सभी वर्ग, सभी क्षेत्र, एक समान थे, एक साथ थे। सभी ने अपने औहदे, अपनी सामाजिक-आर्थिक महत्ता से ऊपर उठकर अयोध्या के सादगी-पूर्ण आतिथ्य को सहृदय स्वीकार किया।

भारत के हर नगर, हर गांव में सभी प्रभु श्री राम के शुभागमन हेतु आतुर थे। सम्पूर्ण भारत का हर गांव, हर मोहल्ला, हर मंदिर अयोध्या बन गया था। जो अयोध्या नहीं आ पाए, उन्होंने स्थानीय मंदिरों में पूजन किया, रात्रि में दीपोत्सव मनाया। सभी का मन एवं आत्मा उस दिन अयोध्या में ही थे। श्री रामलला के स्वागत हेतु अयोध्या नगरी एवं मंदिर परिसर को भी असंख्य क्विंटल पुष्पों से सुसज्जित किया गया, भारत के सभी प्रांतों के परम्परागत वाद्य-वादक, 30 से अधिक कलाकारों ने वातावरण को राम-गीतों से संगीतमय कर दिया और आरती के समय सहस्त्रों पीतल की घंटियों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। रामलला के अवतरण के साथ ही, हेलिकॉप्टर द्वारा मंदिर परिसर पर की गयी पुष्प वर्षा से लग रहा था मानों सम्पूर्ण देवलोक प्रसन्ना होकर पुष्प-वर्षा कर रहा है। यह आयोजन एक समारोह मात्र के स्तर से ऊपर उठ गया था, यह एक दैवीय अनुभूति, एक आध्यात्मिक यात्रा में परिवर्तित हो चुका था। लोग भाव विभोर थे, वातावरण दिव्य लोक के समान एक अलौकिक आभा से आच्छादित हो गया। कुछ श्रद्धालुओं की आँखो में आँसू थे, कुछ नृत्य-लीन थे। कोई स्वर्ग की अनुभूति कर रहा था, कोई त्रेता युग की। सभी के लिए श्री राम पुनः लंका से अयोध्या लौट रहे थे। अगले दिन तो प्रातः 3 बजे से ही श्रद्धलुओं ने श्री रामलला के दर्शन हेतु पंक्ति-बद्ध होना प्रारम्भ कर दिया था। 23 जनवरी को लगभग 5 लाख लोगों ने उत्साह और पूर्ण अनुशासन के साथ श्री रामलला के दिव्य दर्शन किए।

अयोध्या के इस दैवी आयोजन ने जाति, वर्ग, भाषा, प्रांत, मत-पंथ की सीमाओं को पार करते हुए, परंपरा से ओत-प्रोत, फिर भी प्रगति को गले लगाते हुए, एक राष्ट्र की सामूहिक चेतना का जागरण किया। प्रभु श्री राम की चिर-विरासत का एक प्रमाण, जो विश्व भर में करोड़ों लोगों को प्रेरित और एकजुट करता है, यह आयोजन; एकता, अखंडता, समरसता और श्रद्धा के 'रामोत्सव' के रूप में युगों-युगों तक जीवित रहेगा। अब समय आ गया है कि हम प्रभु श्रीराम का स्मरण कर, भारत को सुखी, संपन्न, स्वस्थ, समर्थ और सम्मानित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लें। भारत को 'विश्व-गुरु' के रूप में स्थापित करें।

# वैश्विक एजेंडे के बीच घरेलू राजनीति

> पीएम मोदी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक, भारत-अमेरिका संबंधों को ऊपर उठाना और इसे भारत-प्रशांत संदर्भ में स्थापित करना है।



**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक गुरु हैं)

जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपलब्ध राजनयिक मंचों पर वैश्विक दक्षिण के मुद्दों की वकालत करने के बजाय लगातार भारत के दक्षिण का दौरा कर रहे हैं। एक कारण यह है कि दक्षिण में उनकी पार्टी की उपस्थिति कमज़ोर दिख रही है। इससे पहले, एक रणनीतिक विकल्प के रूप में, पीएम मोदी ने मौजूदा कार्यकाल में अपनी आखिरी विदेश यात्रा के दौरान एक मुस्लिम देश में एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने का फैसला किया था। ऐसा करते हुए भी, नीतियों और दृष्टिकोण की निरंतरता के बारे में बयान सूक्ष्मता से दिए गए जब पीएम मोदी ने आत्मविश्वास से अपने दर्शकों को बताया कि उनके पास पहले से ही 2024 के मध्य और उत्तरार्ध के लिए कई विदेशी सरकारों से निमंत्रण है, जो उनके संभावित तीसरे कार्यकाल में विश्वास का संकेत देता है।

मोदी के तीसरे कार्यकाल में कई मुद्दों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, विदेश नीति का तो जिक्र ही नहीं, भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत और आत्मविश्वास को देखते हुए, यह वैश्विक मामलों में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन जाएगा। पीएम मोदी के अगले कार्यकाल में भारत के अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है, जिसके कंधे पर कुछ सितारे लगाने के अलावा, जिम्मेदारियों का भारी बोझ भी होगा।



श्री मोदी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक, विशेष रूप से उनके दूसरे कार्यकाल के दौरान, भारत-अमेरिका संबंधों को ऊपर उठाना और इसे भारत-प्रशांत संदर्भ में स्थापित करना है। जबकि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय अब तक के इतिहास में सबसे मजबूत है, दोनों देश कई बहुपक्षीय प्लेटफार्मों के माध्यम से काम करने में कामयाब रहे हैं, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण क्वाड (अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान का एक समूह) है। भारत-प्रशांत क्षेत्र में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी और हित रखते हुए, इस क्षेत्र में ड्रैगन से सावधान रहने के साथ-साथ, अपने मुखर एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए किसी भी प्रकट या गुप्त साधन का उपयोग करने से कभी नहीं चूकता।

जबकि दुनिया के कुछ बेहतरीन राजनयिक, नीति निर्माता और थिंक टैंक पिछले सप्ताह वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श कर रहे थे, विदेश मंत्री जयशंकर को क्वाड की प्रासंगिकता और आगे की राह पर नीति रणनीतिकारों के एक पूरे समूह से बात करने के लिए कुछ समय मिला। विदेश मंत्री ने पिछले दशक में भारत की विदेश नीति के दृष्टिकोण की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डाला जब उन्होंने तीन क्वाड भागीदारों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय बदलाव का उल्लेख किया। अमेरिका के साथ, हमने इतिहास की वैचारिक झिझक को पीछे छोड़ दिया है। जापान के साथ हमने लंबे समय से चली आ रही सद्भावना को और अधिक व्यावहारिक आकार दिया। और ऑस्ट्रेलिया के साथ, हमने वास्तव में गंभीरता से एक वास्तविक शुरुआत की।

भले ही पिछले साल मई के बाद से क्वाड नेताओं का शिखर सम्मेलन नहीं हुआ है, लेकिन क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर चर्चा के लिए सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के बीच पर्दे के पीछे की बैठकें बंद नहीं हुई हैं। राजनीतिक मजबूरियों को देखते हुए, भारत के लिए इस साल क्वाड नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि जब तक नई भारत सरकार बनेगी तब तक अमेरिकी चुनाव बहुत करीब होंगे। हालाँकि, भारत का लक्ष्य क्वाड समूह के माध्यम से जिन महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करना है, जैसा कि रेखांकित किया है, अर्थात, यह एक बहुध्रुवीय व्यवस्था के विकास को दर्शाता है। दो, यह गठबंधन के बाद और शीत युद्ध के बाद की सोच है। तीन, यह प्रभाव क्षेत्र के विरुद्ध है। चौथा, यह वैश्विक स्थान के लोकतंत्रीकरण और एकपक्षीय नहीं बल्कि सहयोगात्मक दृष्टिकोण को व्यक्त करता है। और पांचवां, यह एक कथन है कि इस दिन और युग में, अन्य लोग हमारी पसंद पर वीटो नहीं कर सकते, फोकस में रहेगा। यह नीतियों की निरंतरता का संदेश है जिसे भारत सरकार घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के सामने ऐसे समय में उजागर कर रही है जब अस्थिरता दुनिया के शक्तिशाली देशों सहित अधिकांश के लिए आदर्श है।

भारत ने क्षेत्र में सभी सदस्यों के साझा हितों के साथ, नाटो के विपरीत, एक गैर-सैन्य व्यवस्था के रूप में क्वाड को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया है। श्री जयशंकर ने अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला, हमारे रणनीतिक दृष्टिकोणों में मजबूत सहमति को देखते हुए क्वाड देशों के बीच एक-दूसरे के साथ काम करने में सहजता बढ़ रही है। इन तीन क्वाड देशों में से प्रत्येक के साथ भारत की द्विपक्षीय साझेदारी भी हाल के वर्षों में बदल गई है। संदेश स्पष्ट हैः भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उचित हिस्सेदारी के साथ बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था पर जोर देना जारी रखेगा।

## आप की बात

### आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### रेल पटरियों पर मौतें

**दिल्ली** में हर सप्ताह रेल की पटरियों पर होने वाले हादसों में 11 लोग अपनी जान गंवा देते हैं। अक्सर रेलवे ट्रैक पर होने वाली इन मौतो की सबसे बड़ी वजह शॉर्टकट की कोशिश में फुट ओवर ब्रिज इस्तेमाल करने के बजाय रेल पटरी पर से रास्ता पार करना है। कई हादसे तो मोबाइल पर बात करते हुए या इयरफोन लगाकर ट्रैक पार करते हुए भी हुए हैं। ऐसे हादसे कम करने के लिए पुलिस रेलवे की मदद से जागरूकता अभियान चलाती रहती है। रेलवे कोशिश करती है कि भीड़भाड़ वाली जगह पर रेलवे ट्रैक पार करने के लिए फुटओवर ब्रिज अवश्य बनाया जाए। ट्रेन की चपेट में आने वाले अधिकतर लोग रेलवे ट्रैक के पास बसी झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले होते हैं जो अक्सर ट्रैक के दूसरी तरफ आते-जाते रहते हैं। रेलवे के अनुसार, पिछले वर्ष ट्रेन की चपेट में आने से 688 लोगों की मौत हुई थी। ऐसे हादसे केवल दिल्ली ही नहीं है देश के दूसरे स्थानों पर भी हुए हैं। अक्सर फुटओवर ब्रिज रहते हुए भी हर शहर में रेलवे स्टेशनों पर अनेक आम राहगीर पटरी पार करने का आसान रास्ता अपनाते हैं। रेल पटरियों पर होने वाली मौतें रोकने में आम लोगों को भी पूरा सहयोग देना चाहिए। किसी को भी अपनी जान सस्ती नहीं समझनी चाहिए क्योंकि उसके बच्चे, पत्नी, माता-पिता भी उससे जुड़े होते हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### यूक्रेन की पीड़ा

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति ज़ेलेन्स्की ने रुसी घुसपैठ के दो वर्ष पूरे होने पर संवाददाताओं को बताया कि यूक्रेन ने इस युद्ध में 31 हज़ार से अधिक सैनिकों को खोया है। युद्ध में इससे अधिक सिविल नागरिकों की जान गई है। नाटो के कुछ देशों ने यूक्रेन में सैनिक भेजने की बात शुरुआत में कही थी, लेकिन उनको अधिकांश सदस्य देशों के विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि जब पुतिन ने अपने टैंकों को यूक्रेन में घुसने का आदेश दिया तब उन्होंने सोचा था कि दुनिया झुक जाएगी, मगर यूक्रेन के लोग बहुत मजबूत हैं। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन एकजुट एवं टिकाऊ है। वर्तमान समय में यूक्रेन के अन्य क्षेत्रों पर भी रूस कब्जा करता जा रहा है जिससे यूक्रेन में हताशा का माहौल है। यूक्रेन का लगभग पांचवां भाग रूस के कब्जे में है और उसकी अर्थव्यवस्था भयानक संकट का सामना कर रही है। पुतिन ने धमकी दी है कि यदि यूक्रेन में नाटो सैनिक पहुंचे तो तीसरा विश्वयुद्ध होकर रहेगा। यूक्रेन का भविष्य इस वर्ष के अंत में होने वाले अमेरिकी चुनावों पर भी टिका है। यदि येन-केन-प्रकारेण ट्रंप फिर राष्ट्रपति बन जाते हैं तो यूक्रेन की संप्रभुता गंभीर संकट में पड़ जाएगी। यूक्रेन की पीड़ा असहनीय है।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### पेपर लीक समस्या

**प्रतियोगी परीक्षाओं** के ठेकेदार देश के सुनहरे भविष्य के लिए आस्तीन के सांप हैं। यह अपराध परीक्षा व्यवस्था को हानि पहुंचाने के साथ युवाओं के सपनों को भी तोड़ देता है। पेपर लीक मामलों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई के लिए भेजना चाहिए। कोचिंग संस्थानों को संलिप्तता मिलने पर उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। हमें युवाओं को शिक्षित करने और उन्हें नकल व शार्टकट अपनाने से बचाने की भी जरुरत है जो अंततः उनकी क्षमता और प्रगति प्रभावित करती है। शिक्षा संस्थानों में आदर्शों की शिक्षा देने के साथ ही युवाओं को उपयुक्त अवसर प्रदान किए जाने चाहिए ताकि वे स्वयं को दृढ़ और समर्थ बना सकें। परीक्षा आयोगों को भी पेपर की सुरक्षा के लिए नवाचारी तकनीकों का उपयोग करना चाहिए ताकि पेपर लीक की संभावना कम से कम हो सके। देश में कुछ संस्थानों ने पेपर लीक जैसी समस्याओं के समाधान के लिए तकनीक प्रयोग के कई प्रयास किए हैं। उद्योगपतियों के सहयोग से निजी क्षेत्र में भी नौकरियों व रोजगार के अवसरों को सबके लिए आकर्षक बनाने के प्रयास होने चाहिए ताकि सरकारी नौकरियों की ओर अंधी दौड़ व उसके लिए पेपर लीक जैसे अनुचित साधनों के प्रयोग की जड़ पर ही प्रहार किया जा सके।

–**अवनीश कुमार गुप्ता**, आजमगढ़

# कांग्रेस की हुंकार से गूंजा ज़िला मुख्यालय

## आक्रोश रैली के जरिये बड़ी संख्या में विभिन्न मुद्दों को लेकर किया कलेक्ट्रेड घेराव

पायनियर संवाददाता कवर्धा/कुंडा
www.dailypioneer.com




जिले में बढ़ते हत्याओं, आपराधिक घटनाओं, लचर कानून व्यवस्था सहित देश भर में व्याप्त कमर तोड़ महंगाई, बेरोजगारी सहित लालपुर कांड पीड़ित यादव परिवार, नागा डबरा आदिवासी परिवार के न्यायिक मांगो को लेकर बड़ी हजारों की संख्या युवाओ द्वारा युवा कांग्रेस, एनएसयूआई संगठन के बैनर तले विशाल युवा आक्रोश रैली निकाली गई! भारत माता चौक पर आयोजित सभा के पश्चात हजारों युवा कलेक्ट्रेड घेराव करने विशाल रैली के साथ नारे बाजी करते सड़क पर दिखे व घेराव हेतु कलेक्ट्रेड पहुंचे जहा पहले ही से ही जिला प्रशासन ने बड़ी संख्या में पुलिस बल बेरीकेट लगा रखा था जहां वही उन सभी कार्यकर्ताओं को रोक लिया गया जिसके चलते आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच काफी देर तक अत्यधिक धक्का मुक्की हुई युवा बेरीकेट तोड़ना चाहते थे परंतु वहा उपस्थित युवा नेतृत्वकर्ता आनंद सिंह ने मोर्चा सम्हालते हुवे युवाओं के गुस्से और जिद्द को शांत कर वही जमीन पर बैठा दिया जहा काफी देर तक नारेबाजी हुई तत उपरांत प्रशासन की ओर से उपस्थित अधिकारी मा.राज्यपाल जी के नाम अपने मांगो का ज्ञापन सौपा गया।

आयोजन में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा व एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे कल सैकड़ों गाड़ियों के विशाल काफिले के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे जहां दोनो संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्म जोशी के साथ अपने दोनो प्रदेश अध्यक्षों का भव्य स्वागत किया कार्यकर्ताओं ने रायपुर बाई पास से सैकड़ों बाईक रैली निकाली और अतिथियों का स्वागत कर उन्हे निर्धारित सभा स्थल तक लेकर गय! उक्त आंदोलन में उपस्थित यु.व.कां. प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने छत्तीसगढ़ सरकार और कवर्धा विधायक गृह मंत्री विजय शर्मा को घेरा कहा की प्रदेश में जबसे भाजपा की सरकार आई है तब से लगातार हत्या, डकैती , लूट आत्महत्या जैसे अपराधो का सैलाब आ गया है वही स्व. साधराम यादव हत्याकांड पर कहा की गृह मंत्री के गृह क्षेत्र में बीते महीने भर से ज्यादा हो गया जब यादव समाज पीड़ित परिवार के लिए न्याय मांग रही पर उन्हे नही मिल रहा वही खड़सरा में चुनावी धांधली हुई और नागा डबरा में आदिवासी पीड़ित परिवार को भ्रमित कर हत्या को दुर्घटना बोल अपनी असंवेदनशील कार्यो और बढ़ते अपराधो को देख गृह मंत्री को अपने पद से स्तीफा दे देना चाहिए और कहा की जैसे बिरनपुर घटना में ईश्वर साहू को टिकट दिया उसी तर्ज पर कोई एक सीट खाली करते हुवे या खुद अपनी सीट से लालपुर के साधराम यादव जी के परिवार के उनके पुत्र को विधायक बनाना चाहिए। वही एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे जी ने कहा की देश सहित प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को लेकर भाजपा सिर्फ बोल बच्चन करती है दस करोड़ नौकरी की बात कही थी दो लाख भी नही दे पाए वही महंगाई कम करने की बात तो छोड़ो किसानों की एमएसपी पर किसान आंदोलन को बेदर्दी से कुचल रही भाजपा सरकार । पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व युवा कांग्रेस अथवा एनएसयूआई संगठन ने किया था जिसमें युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रभान कोशले एनएसयूआई जिलाध्यक्ष षितेस चंद्रवंशी, युवा कांग्रेस वि.अध्यक्ष कवर्धा वाल्मिकी वर्मा समन्वयक अस्वनी वर्मा पंडरिया युवा कांग्रेस वि. अध्यक्ष तेजस्वी चंद्रवंशी विधानसभा के युवा नेता इंजीनियर योगेश्वर चंद्राकर, समन्वयक प्रशांत सिंह सहित पूरी टीम व सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष महिला कांग्रेस, सेवा दल सहित सभी प्रकोष्ठ के मुखिया उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम का सम्पूर्ण रूप रेखा व युवाओं के समन्वय को स्थापित कर कार्यक्रम की सफलता के लिए युवा नेता आनंद सिंह व गोपाल चंद्रवंशी ने काफी मेहनत की ।

# गुंडरदेही में थाना की पाठशाला कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## सायबर प्रहरी के सम्बंध में किया गया जागरूक



पायनियर संवाददाता बालोद
www.dailypioneer.com

शनिवार को गुंडरदेही थाने में थाना की पाठशाला जागरूकता कार्य म का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में गुंडरदेही आत्मानंद विद्यालय के छात्र-छात्रा व शिक्षगण उपस्थित रहें। सायबर फ्राड, नाबालिग, बच्चे, महिलाओ से संबंधित अपराध व यातायात नियमो के संबंध में जानकारी दी गई। एवं सायबर प्रहरी के संबंध में जागरूक किया गया। दरअसल एसपी एसआर भगत के निर्देशानुसार गुंडरदेही एसडीओपी गीता वाधवानी के पर्यवेक्षण में गुंडरदेही थाना प्रभारी वीणा यादव के नेतृत्व में व पद्मश्री शमशाद बेगम की उपस्तिथि में शनिवार को गुंडरदेही थाना परिसर में थाना की पाठशाला जागरूकता कार्य म का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को थाना का भ्रमण कराया गया और उन्हें थाना तथा थाना की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। कार्य म में पद्मश्री शमशाद बेगम के द्वारा आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राओ को महिला कमाण्डो के कार्य के संबंध में जानकारी दिया गया। थाना प्रभारी वीना यादव एवं स्टाफ सहायक उपनिरीक्षक लता तिवारी, डोमन सिंह साहू, नरेंद्र सिंह राजपूत के द्वारा आनलाईन सायबर फ्राड, उनसे बचाव के उपाय, नाबालिग बच्चो/महिलाओ से संबंधित अपराध तथा यातायात के नियमो की जानकारी, तथा सायबर प्रहरी एप के संबंध मे जानकारी देकर बालक बालिकाओं को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्य म मे थाने के स्टाफसहित आत्मानंद स्कूल के करीबन 100 छात्र-छात्राएं तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# पूर्व के सरकार में आए भारी भरकम बिल पर नए सरकार में वसूली और मीटर उखाड़ने का खेल

## जिला पंचायत सभापति राहुल टिकरिहा ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन




पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बिजली विभाग द्वारा कांग्रेस सरकार में भेजे गए भारी भरकम बिजली बिल पर अभी के सरकार में कार्यवाही और लगातार अघोषित बिजली कटौती मामले पर जिला पंचायत के सभापति राहुल टिकरिहा ने किसानों/ग्रामीणों को राहत प्रदाय हेतु जिलाधीश रणबीर शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पत्र में लिखते हुए बताया गया है कि बेमेतरा जिला के किसान लगातार बिजली कटौती से हताश है जिससे किसान चक्काजाम तक मजबूर हो गए है, वहीं पूर्व की सरकार में भेजे गए भारी भरकम बिजली बिल पर अब विभाग द्वारा कोर्ट से नोटिस व मीटर उखाड़े जाने की कार्यवाही की जा रही है। जो निंदनीय है और किसानों को ऐसा प्रताड़ित कर विभाग नव गठित सरकार की क्षवि धूमिल करने में लगी हुई है। विद्युत केंद्र कठिया रांका के ग्रामीणों को 2 साल पूर्व 50 हजार से लेकर 2 लाख तक के बिजली बिल भेजे गए थे। जिसको क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य राहुल टिकरिहा ने आड़े हाथों लेते हुए कई बार आंदोलन किया और कठिया में तत्कालीन मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात के दौरान प्रदर्शन करने पर 3 दिन जेल भी भेजा गया था। जिसके बाद विद्युत विभाग ने कार्यवाही रोक रखा था। लेकिन नए सरकार बनते ही न्यायालय नोटिस और मीटर उखाड़ने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई जिसको लेकर जिला पंचायत सदस्य ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा।

हाल में बेमेतरा के किसान अघोषित बिजली कटौती से प्रताड़ित होकर मुख्यमंत्री आवास और बेमेतरा में चक्काजाम तक मजबूर हो गए। वहीं किसानों से नए सरकार में वर्ष 2016 के बाद अटल ज्योति का बिल भेज दिया गया है। जिससे किसान आक्रोशित है इन समस्याओं को दूर करने राहुल टिकरीहा ने किसानों व ग्रामीणों के समर्थन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

### जिला न्यायाधीश द्वारा पैरालीगल वालिंटियर्स को दिया प्रशिक्षण

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा संचालित 'स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन कलैंडर 2024 के तहत अध्यक्ष/जिला न्यायाधीश, बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के अध्यक्षता में एवं मती जसविंदर कौर अजमानी मलिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की उपस्थिति पर लीगल एड डिफेंस कौसिंल सिस्टम एवं पैरालीगल वालिंटियर्स को प्रशिक्षण कार्यकम जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में नालसा एवं सालसा द्वारा संचालित योजनाएँ वरिष्ठजनों के अधिकार, मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण अधिनियम, नालसा टोल फ्री नं. 15100, हमर अंगना स्कीम, सचेत अभियान एवं निःशुल्क विधिक सहायता व कानूनी अधिकारों के विषय में प्रशिक्षण दिया गया।

# अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त कार्यवाही के दिए निर्देश

## सायबर प्रहरी एवं त्रिनयन एप के संबंध में दिये आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग (भा.पु.से) ने जिला बेमेतरा में थाना परपोड़ी, पुलिस सहायता केंद्र बिरनपुर एवं थाना साजा एवं थान खम्हरिया का पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के साथ आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियो व जवानो को मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। सभी अधिकारियो व जवानो को आमजन/ महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली कूचे मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। तथा थाना प्रभारी को अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, साथ ही जवानों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा गया। त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिले के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस है जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने, सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाकर अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू, रक्षित निरीक्षक बेमेतरा मनीष राजपूत, थाना प्रभारी साजा राजकुमार साहू, थाना प्रभारी थानखम्हरिया राकेश साहु, थाना परपोडी ओमकार साहू एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिव संस्कार धाम में होगा दो दिवसीय महा आयोजन

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



वार्ड क्रमांक 8 टाउनशिप में क्रिकेट ग्राउंड के पास स्थित भगवान महादेव की आराधना स्थल शिव संस्कार धाम में महाशिवरात्रि उत्सव के पावन अवसर पर दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है । इस आयोजन के तहत 7 मार्च दिन गुरुवार को दोपहर 3 बजे हरिद्रा लेपन एवं भस्म अभिषेक होगा द्य शाम 7 बजे अतिथि स्वागत समारोह एवं संध्या 7:30 बजे शिव विवाह की संगीत संध्या का कार्यक्रम भोले के दीवाने खिलेश्वर यादव मां चंडी ग्रुप दुर्ग के द्वारा होगा द्य दूसरे दिन 8 मार्च दिन शुक्रवार को सुबह 11:00 बजे रुद्राभिषेक एवं पूर्णाहुति होगी द्य दोपहर 2:00 अनुपम झांकी के साथ भोलेनाथ की अनुयायियों के द्वारा भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली जाएगी । गोधूलि बेला में भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की वरमाला होगी तथा संध्या 7:30 बजे से महा आरती एवं महा भंडारा का आयोजन शिव संस्कार धाम की ओर से किया जा रहा है । जिसमें आप सभी नगरवासी सादर आमंत्रित हैं। शिव संस्कार धाम के अध्यक्ष निलेश श्रीवास्तव, संगठन मंत्री संजय सिंह, कोषाध्यक्ष हेमशंकर साहू ने इस आयोजन के लिए राजहरा नगरवासियों से अपील की है कि इस आयोजन में सहयोग करना चाहते हैं तो शिव संस्कार धाम समिति से संपर्क कर सकते हैं ।

# नया राशन कार्ड का वितरण किया गया



पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वार्ड 26 व 27 के कार्ड धारियों को नया राशन कार्ड वितरण 29 फरवरी को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूपसे नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी ,वार्ड 26 पार्षद टी. ज्योति, मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, ,भाजपा कार्यकर्ता मोनू चौधरी ,फूड इंस्पेक्टर शशी सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनन गुप्ता, प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र श्रीवास ,वार्ड 25 पार्षद राजेश कांबले , राजकुमारी यादव, नगर पालिका कर्मचारी एलन चंद्राकर , धरमू बक्शी, शिवाजी , सुधीर दास , सुमित जैन व पालिका कर्मचारी रिंकी के द्वारा वार्ड वासियों को नए राशन कार्ड का वितरण किया गया। टी. ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया कि भारत सरकार द्वारा प्रमुख योजनाओं की संतृप्तिकरण के लिए आउटरेज गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक समय बद्ध तरीके से पहुंचा जा सके। राज्य में आयोजन हेतु तिथि की जानकारी पृथक से दी जाएगी ।भारत सरकार एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जैसे स्वच्छ भारत मिशन आवश्यक वित्त पोषण सेवाएं एलपीजी कनेक्शन ,गरीबों के लिए आवास खाद्य सुरक्षा उचित पोषण विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ पेयजल सुविधा ,गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए तथा प्रमुख योजनाओं मिशन के माध्यम से संतृप्त के लिए सभी लक्षण और पात्र लाभार्थियों के लिए आवश्यक सेवाएं सुलभ बनाने हेतु जागरूकता सुनिश्चित करना होगा ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाया जा सके । इस उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार द्वारा राज्यों के सहयोग से प्रारंभ की जा रही है भारत सरकार द्वारा राज्यों के सहयोग से प्रारंभ की जा रही है यह यात्रा आप सभी को बताने के लिए है कि सभी नागरिक सरकारी योजनाओं के हकदार हैं इन योजनाओं के क्या लाभ है योजनाओं से कैसे जुड़े कहां पर आवेदन देना है यह सब हम आपको आपकी पंचायत या निगम या पालिका में आकर बताएंगे आपका हक को आपके घर तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आरंभ हुआ है।

# सेवा निवृत्ति पर सम्मान एवं बिदाई, शिक्षक नंदकुमार सिंह को दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com

शा.कन्या उ. मा विद्यालय के शिक्षक एवम व्यायाम निदेशक नंदकुमार सिंह चालीस वर्ष की लंबी सेवा के सफर एवम निर्विवाद जीवन व्यतीत कर आज सेवा निवृत हो गए। शाला परिवार ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पं. ओम प्रकाश जोशी जिला भाजपा अध्यक्ष, विशेष अतिथि के रूप में राजेश ठाकुर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवम विशेष अतिथि राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय सलाहकार महेंद्र विरदी ,शाला के पूर्व सेवा निवृत प्राचार्य डी.आर .भुवार्य भी उपस्थित रहे। मां सरस्वती की पूजन अर्चना के पश्चात अतिथियों का स्वागत फिर नंदकुमार सिह का अभिनंदन फूलमाला ,तिलक लगाकर ,साल,श्रीफल , प्रतीक चिन्ह के साथ जैकेट पहनाकर सम्मानित किया गया । प्रांतीय सलाहकार महेंद्र वीरदी ने संबोधित करते हुए कहा शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक होता है क्योंकि किताबें बंद होती है तब शिक्षक की आंखें मार्ग निर्देशित करता है, सादा जीवन- उच्च विचार रखने वाले एवं अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी निष्ठा रखने वाले आदर्श शिक्षक नंद कुमार सिंह का सम्मान कर हम सब सम्मानित हो रहे हैं इस अर्थ प्रधान एवं राजनीति प्रधान के दौर में अपने निपैसे से विद्यालय परिसर में विद्या की देवी मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित करने वाले सेवा निवृत्ति शिक्षक नंदकुमारसिह ने जो किया इस क्षेत्र के लिए प्रेरणा है वीरदी ने उनके स्वास्थ्य की स्वस्थ होने की कामना करते हुए कहा-

**जहां भी जाएगा तू रोशनी लुटाएगा।**
**किसी चिराग का अपना मकां नहीं होता।।**

मुख्य अतिथि जोशी ने निर्विवाद एवम संस्कारवान शिक्षक के रूप में सिंह सर सदैव प्रतिष्ठित रहेंगे।छात्र शिक्षक कभी रिटायर नही होते जीवन भर सीखते एवम सिखाते रहते है ।राजेश ठाकुर ने सरल एवम धार्मिक व्यक्तिके के रूप में विद्यालय में एक पालक के रूप में शिक्षक की भूमिका को याद किया। विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र यादव ने अपने साथ शिवपुरी(ग्वालियर) में बी. पी. एड साथ करने के अवसर को याद किया। विद्यालय के शिक्षक साथियों ने बीते पल को याद करके सफलता के लिए बधाई दी एवम उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जिला शिक्षा कार्यालय बेमेतरा से निलेश पाण्डेय,दिनेश शर्मा और उपेंद्र सेंगर उपस्थित होकर इन्हे सहसम्मान विदाई दी।

# जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा. संजय कन्नौजे ने 28 फरवरी को डौण्डी विकासखण्ड के विभिन्न ग्राम पंचायतों का निरीक्षण कर वहाँ चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान जनपद पंचायत डौण्डी के सभाकक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर विकास कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान डा. कन्नौजे ने ग्राम पंचायत गुजरा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत चल रहे तालाब के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान तालाब निर्माण के कार्य में लगे श्रमिकों से बातचीत कर मजदूरी भुगतान, मनरेगा हितग्राही श्रमिक पंजीयन के संबंध में जानकारी ली। डा. कन्नौजे ने मौके पर उपस्थित कर्मचारियों को गांव के दिव्यांग श्रमिक को महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत पानी पिलाने के कार्य हेतु रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर उपस्थित श्रमिकों को श्रम पोर्टल में शत प्रतिशत पंजीयन कराने तथा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित भी किया। डा. कन्नौजे ने ग्राम पंचायत गुजरा में प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को इसे शीघ्र पूरा कराने के निर्देशित भी दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डा. संजय कन्नौजे ने ग्राम पंचायत अरमुरकसा में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किए जा रहे चिक्की उत्पादन कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिक्की निर्माण इकाई के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डा. कन्नौजे ने ग्राम कामता में पहुँचकर जय माँ तुलसी स्वसहायता समूह द्वारा किए जा रहे मशरूम उत्पादन कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्वसहायता समूह की महिलाओं की मांग पर मनरेगा से मशरूम शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने तथा मशरूम की बिक्री हेतु उचित मार्केटिंग की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम कामता में अटल स्वसहायता समूह द्वारा कचरा संग्रहण कार्य का भी निरीक्षण किया। डा. कन्नौजे ने जनपद पंचायत कार्यालय डौण्डी में पहुँचकर कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूरा करने हेतु निर्देशित भी किया। उन्होंने जनपद पंचायत के सभाकक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन आदि के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के रूके कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने तथा सभी प्रगतिरत आवास निर्माण के कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। डा. कन्नौजे ने सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत अधिक से अधिक कार्य स्वीकृत करने तथा अधिक से अधिक मजदूरों को कार्य में नियोजित करने के भी निर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटेली में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में शामिल होकर ग्रामीण एवं मतदाताओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान करने की अपील भी की।

### राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम आज से 5 मार्च 2024 तक चलेगा अभियान

**बेमेतरा** । राज्य कार्यालय के निर्देश अनुसार विकासखण्ड नवागढ़ में दिनाँक 03 मार्च 2024 से 05 मार्च 2024 तक पल्स पोलियो कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 03.03.24 को विकासखण्ड नवागढ़ के 215 बूथ में शून्य से 05 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी , एवम 04 एवम 05 मार्च को घर घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। डॉ एम एम रजा खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवम सी के देवांगन बीपीएम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग नवागढ़ द्वारा 215 दलों का गठन किया गया है जिसका प्रशिक्षण सेक्टर स्तर पर पूर्ण किया जा चुका है, एवम कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु 05 सेक्टर अधिकारी एवम 31 सुपरवाइजर नियुक्त किये गए है।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ सड़क में उतरी कांग्रेस, कार्यकर्ताओं ने जमकर किया हंगामा, भाजपा पर बोला हमला



पायनियर संवाददाता बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में शनिवार को कांग्रेस ने देशभर में बढ़ती महंगाई के खिलाफप्रदर्शन किया। महंगाई के खिलाफ झंडे लेकर कांग्रेसी शहर में प्रदर्शन करते नजर आए। बालोद शहर के घड़ी चौक में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की विफलताओं एवं गलत नीतियों के कारण देश में बढ़ती महंगाई जैसे खाद्य पदार्थ, सब्जी, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। जिसके खिलाफ घड़ी चौक में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

### महंगाई के बोझ तले दब रहा आम इंसान–हिरवानी

प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने कहा कि देश में तेजी से महंगाई बढ़ रही है और जरूरी चीजों के दाम दोगुना हो गये हैं। एक आम भारतीय के लिए अपने घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। उसे अपने रोजाना के खर्च के लिए बहुत जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

### प्रदर्शन में ये रहे शामिल

कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल यादव, पुरुषोत्तम पटेल, रामजी भाई पटेल, प्रेमचंद क्षीरसाग जनपद सदस्य राकेश उईके, श्रवण श्रीवास्तव, विनोद बंटी शर्मा, महामंत्री शंभू साहू, एनु राम साहू, धर्मेंद्र रामटेके, रोहित सागर, युवा कांग्रेस से शहर अध्यक्ष साजन पटेल, अंचल प्रकाश साहू ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मोहनिश पारकर, आदित्य दुबे मौजूद रहे।

# जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से गुटखे की बिक्री जारी, धंधे में लिप्त अवैध कारोबारियों के इरादे बुलंद

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com




देश की एक तिहाई आबादी गुटखे और तंबाकू का सेवन करती है जो कि स्वास्थ्य के लिए बहुत ख़तरनाक है। तम्बाखू युक्त जर्दा गुटखा एक धीमा जहर है जो इसका सेवन करने वाले हर व्यक्ति को धीरे-धीरे अंदर से खोखला कर देता है। इससे कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी हो सकती है। इसके बावजूद अक्सर लोग हर गली कूचे में इसका सेवन करते दिखते हैं। नतीजतन रोजाना गुटखा-तंबाकू से हजारों की संख्या में लोग बीमार हो रहे हैं। उन्हे मुंह को खोलने में भी दिक्कत होती है लेकिन लत बन जाती है इसलिए मानते नहीं। वर्ष 2006 से पहले गुटखा कंपनियां अपने प्रोडक्ट्स में तंबाकू मिलाती थी, लेकिन साल 2006 में फूड सेफ्टी एक्ट में हुए बदलाव के बाद किसी भी खाने की वस्तु में तंबाकू नहीं मिला सकते। गुटखा कंपनियों ने इसका भी तरीका निकाल लिया और पान मसाला बनाना शुरू कर दिया और इसके साथ ही तंबाकू अलग से बेचने लगीं हैं।तो वंही दूसरी और जिम्मेदार अधिकारियों से सांठगांठ कर धड़ल्ले से तम्बाखू युक्त जर्दा गुटखा की बिक्री की जा रही हैं।

इस ज़हर के सेवन से दांत पीले, काले और लाल होने लगते हैं। इसी के साथ धीरे-धीरे दांत गलने भी लग जाते हैं। इस धीमे जहर से जहां अमीर लोग अपना इलाज करवा लेते हैं,वहीं गरीब मौत के मुंह में चले जाते हैं। गुटखा-तंबाकू का सेवन करने वाले हर साल लाखों लोग समय से पहले अपनी जान गंवा देते हैं। कैंसर इंस्टिट्यूट के साइंटिस्ट ने दावा किया है कि गुटखा, खैनी, जर्दा का देश की एक तिहाई जनता सेवन करती है। गुटखे के अंदर 70 प्रकार के पदार्थ होते हैं। इसमें जर्दा सबसे ज्यादा हानिकारक होता है।जर्दे में पाया जाने वाला निकोटीन और गुटखे में मिले 70 पदार्थ शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं।हमारे देश में मुंह का कैंसर बहुत कॉमन है।बताना लाजमी होगा कि राज्य में तम्बाकू युक्त जर्दा गुटखा एवं पान मसाला को प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद भी जिला मुख्यालय के सामने सहित नगर और ग्रामीण इलाकों में तम्बाखू युक्त जर्दा गुटखा का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से गुटखे की बिक्री जारी है। गुटखा खाना और दूसरों को खिलाना अब फैशन बन गया है।जर्दा गुटखे के इस कारोबार में बड़े थोक विक्रेता शामिल हैं। अधिकांश छोटे-बड़े किराना दुकान समेत पान ठेलो की दुकानों में आसानी से लोगों को तम्बाकू युक्त गुटखा उपलब्ध है। पान की दुकानों में भी गुटखे की लड़ियां सजा के रखी जाती है। वहीं दूसरी ओर लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। राज्य के फूड एंड सेफ्टी कमिश्नर ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायादेश के आलोक में गुटखा एवं पान मसाला के निर्माण, भंडारण, वितरण, प्रदर्शन, खरीद-बिक्री और परिवहन पर 10 जून 2019 से ही प्रतिबंध घोषित है। हालांकि खुले आम हो रही बिक्री को रोकने के लिए समय-समय पर अभियान चलाया गया। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से इस धंधे में लिप्त अवैध कारोबारियों के इरादे बुलंद है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक व्यवसायी ने बताया कि तम्बाखू युक्त गुटखे की बिक्री प्रतिबंधित है। लेकिन क्षेत्र में गुटखे की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। प्रतिबंध लगाने के बाद स्वाभाविक रूप से कीमतें बढ़ जाती है और व्यवसायी अधिक मुनाफा कमाते हैं।ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन के प्रतिबंध व कोर्ट के आदेश के बाबजूद भी समूचे छत्तीसगढ़ अन्तर्गत दुकानों में तम्बाखू युक्त जर्दा गुटखा खुलेआम बिक रहा है। दिखावे के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी छापा मार कार्यवाही की बात जरूर कहते हैं किंतु वो भी पहले से ऐलान करके। छत्तीसगढ़ के शहरी व कस्बो से लेकर ग्रामीण इलाकों में इतनी मात्रा में गुटखा कहां से पहुंच रहा है, विभाग इसकी पड़ताल नहीं करता हैं।

# महिलाओं के साथ उत्पीड़न, रेप, हत्या के विषय को लेकर ममता बनर्जी व सरकार तथा आरोपी का पुतला दहन किया गया




पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा ने संयुक्त रूप से पश्चिम बंगाल संदेशखाली में महिलाओं के साथ उत्पीड़न, रेप,हत्या के विषय को लेकर ममता बनर्जी व सरकार तथा आरोपी शाहजहां का नगर के परशुराम चैक में पुतला दहन किया गया। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय से महिला मोर्चा एवं युवामोर्चा कार्यकर्ता पुतला लेकर निकले और भगवान परशुराम चैक पुराना बस स्टैंड में पहुँचकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार तथा ज्डब् नेता शाहजहां के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उसका पुतला दहन किया। इस अवसर पर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष वर्षा सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगातार मुख्यमंत्री रहते हुए एक महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महिलाओं की रक्षा नहीं कर पा रही है। अपने पार्टी के अपराधी नेता शाहजहां के खिलाफ1300 शिकायतों के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं कर उन्होंने उसे बढ़ावा ही दिया है ऐसे मुख्यमंत्री व सरकार के खिलाफ महिला मोर्चा ने मोर्चा निकाल कर आज उसका पुतला दहन किया है। जिला पंचायत सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की भ्रष्ट सरकार महिलाओं को संरक्षण नहीं दे पा रही है। महिलाओं के साथ रेप हत्या होते रहे फिर भी ममता बनर्जी सरकार सोती रही। इन्हीं सब विषयों को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा ने आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, सरकार व शाहजहां का पुतला दहन किया है। इस अवसर पर अंजना जायसवाल, सरस्वती ठाकुर, सावित्री राजपूत, अनीता साहू, सुनीता साहू, पायल नायक, गायत्री भोई, कलींद्री साहू, मुकेश्वरी यादव, श्वेता सोनी, अनामिका श्रीवास, नीता सोनी, लक्ष्मी ठाकुर, सती ठाकुर, आदि महिलाएं तथा जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, जिला महामंत्री द्वय निश्चल गुप्ता, गुरमीत सलूजा, द्वारिका जायसवाल, श्रीकांत पाण्डेय, पवन पाण्डेय, राणाप्रताप सिंह, शंकर सिंह, दिनेश साहू, महाजन जायसवाल, रोहित साहू, कोटू दादवानी, अनुराग सिंह, संदीप सिंह, उपस्थित रहे।

# लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम के संयोजक व सह संयोजकों की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी जिले के 9 मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री व लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम के संयोजक व सह संयोजकों की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में हुई। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक ने कहा कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने देश के प्रत्येक नागरिकों के लिए कुछ न कुछ हितग्राही मूलक कार्य किए हैं ऐसे लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें योजनाओं की जानकारी देकर जो लाभान्वित नहीं है उन्हें लाभान्वित करने जो लाभान्वित हो चुके हैं उनसे संपर्क कर उनकी मोदी सरकार के प्रति क्या सोच है इस बारे में जानकारी लेने हेतु घर-घर जाकर उनसे संपर्क करने, उन्हें साहित्य देने, योजनाओं से अवगत कराने आदि के लिए तथा मोदी कैलेंडर उनके घरों में लगाने हेतु कार्यकर्ताओं को वितरित किया गया। लाभार्थी संपर्क अभियान के लोकसभा के सहसंयोजक एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय ने बताया कि सभी बूथों में जाकर, लाभार्थियों से संपर्क करके उनके साथ सेल्फी लेकर उनके मोबाइल से कॉल कर के केंद्र के योजनाओं की जानकारी लेनी है कि उन्हें क्या लाभ मिल रहा है और क्या-क्या से वे अभी तक वंचित हैं, ऐसी योजनाओं के लाभ उन्हें दिलाने के लिए प्रयास करना है। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री गुरमीत सलुजा ने बैठक का संचालन किया वहीं जिले के महामंत्री निश्चल गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर 9 मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री व लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम के संयोजक व सह संयोजक गण उपस्थित रहे।

# मसाला पौधों के उत्पादन, प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन पर कार्यशाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कृषि विज्ञान केन्द्र चातरखार में मसाला एवं सगंध पौधों के उत्पादन, प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन पर दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर. एल. शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में किसानों को लेमनग्रास, पमारोजा, स्ट्रोनीला से साबुन बनाने की विधि बारे में जानकारी दी गई। मसाला एवं सगंध पौधों का उत्पादन, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन हेतु किसानों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना प्रभारी डॉ. एस. एस. टुटेजा, प्रमुख वैज्ञानिक औषधीय डॉ. पी. के. जोशी, डॉ. एम. पी. त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं कृषि विज्ञान केन्द्र मुंगेली के अधिकारी-कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## जिले में बैंकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त, विवेक शर्मा ने ली बैंकर्स की बैठक

**सक्ति।** वर्तमान में धान के बोनस वितरण और महतारी वंदन योजना के फॉर्म भरने के कारण बैंको में काफी भीड़ भाड़ हो रही है, और जिसका फायदा उठाने असामाजिक अपराधिक तत्व और ठग चोर गिरोह सक्रिय हो जाते हैं, जो लोगों के साथ ठगी राहजनी जैसी घटनाएं करते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षिका सक्ति अंकिता शर्मा ने सभी थाना प्रभारियों को सतत बैंको की चेकिंग करते रहने, पेट्रोलिंग स्टाफलगाने और बैंक मैनेजरों की मीटिंग लेकर उन्हें सुरक्षा और सतर्कता संबंधी समझाइश देने के निर्देश दिए हैं।

# मुख्यमंत्री के संभावित आगमन के दृष्टिगत कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली



www.dailypioneer.com

विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम चातरखार में 27 फरवरी से शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 04 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संभावित आगमन को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर द्वारा अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारी दी गई है। इसी तारतम्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और तैयारियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर हेलीपेड, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, साफ-सफाई, बैठक सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की और दी गई जिम्मेदारियों को पूर्ण दायित्व के साथ निर्वहन करने कहा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय, एसडीएम मुंगेली प्रवीण तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 12वीं बोर्ड परीक्षा 01 मार्च से शुरू , 08 हजार 369 परीक्षार्थियों ने हिन्दी विषय का परीक्षा दिलाया



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 01 मार्च से शुरू हो गई है। आज पहले दिन जिले के 08 हजार 369 परीक्षार्थियों ने हिन्दी विषय का परीक्षा दिलाया। जिसमें मुंगेली विकासखण्ड से 03 हजार 372, लोरमी विकासखण्ड से 03 हजार 293 और पथरिया विकासखण्ड से 01 हजार 704 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुई। नकल प्रकरण निरंक रहा। उन्होंने बताया कि हिन्दी विषय की परीक्षा में 115 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

स्थानीय गर्ल्स स्कूल में बनाये गये परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य ने बताया कि 3 स्कूलो का सेन्टर यहां बनाया गया है, बारहवी कक्षा में पहले दिन हिन्दी विषय का पेपर था जिसमें 216 परिक्षार्थियों ने परीक्षा दिया। वही दो छात्र अनुपस्थित रहे। उडन दस्ता टीम के सदस्य ने बताया कि 12 वी बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गई है इसके लिए प्रशासन द्वारा 4 टीमो का गठन किया गया है वही शिक्षा विभाग से 1 टीम का गठन किया है, प्रथम दिन नगर के परीक्षा केन्द्रो का निरिक्षण किया गया। सभी केन्द्रो में शातिपूर्ण परीक्षा आयोजित की जा रही है।

# 7 एवं 8 मार्च को सक्ति में होगा सामूहिक दिव्यांग युवक-युवतियों के विवाह समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



आगामी 7 एवं 8 मार्च को दिव्यांग विवाह समारोह समिति शक्ति द्वारा शहर की हटरी धर्मशाला में सामूहिक दिव्यांग युवक युवती विवाह समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें 7 मार्च को शाम 4:00 बजे से मेहंदी रस्म संगीतमय एवं 8 मार्च को दोपहर 1:00 बजे से पाणिग्रहण कार्यक्रम संपन्न होगा, उपरोक्त जानकारी देते हुए दिव्यांग विवाह समारोह समिति के सदस्यों ने बताया कि इस सामूहिक दिव्यांग युवक युवती विवाह समारोह का आयोजन जन सहयोग से किया जा रहा है, एवं इस अवसर पर नवयुगल जोड़ों को विवाह उपरांत सामग्री भी दी जाएगी तथा आगंतुक परिवारों के भोजन एवं आवास की संपूर्ण निशुल्क व्यवस्था हटरी धर्मशाला में रखी गई है, आयोजन समिति ने समस्त नागरिक बंधुओ को इस विवाह समारोह में शामिल होकर नवयुगल दिव्यांग जोड़ो को आशीर्वाद देने की अपील की है, तथा इस आयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए मोबाइल नंबर- 8770133 997, 62630 79724, 9301233234 एवम 8319111850 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है, तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी आयोजन समिति जुटी हुई है एवं इस सामूहिक दिव्यांग युवक युवती विवाह समारोह में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न स्थानों से दिव्यांग जोड़े शामिल होंगे जिनका विधि विधान एवम रीति रिवाज के साथ विवाह संपन्न कराया जाएगा।

## अग्रवाल सभा शक्ति की बैठक संपन्न,15 मार्च तक शहर में चलेगा सदस्यता अभियान

**सक्ति।** अग्रवाल सभा शक्ति की बैठक 1 मार्च को श्री राधा कृष्ण मंदिर शक्ति के सभागार में संपन्न हुई, बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि विगत 8 जनवरी से प्रारंभ हुआ अग्रवाल सभा शक्ति का सदस्यता अभियान 15 मार्च तक जारी रहेगा एवं अग्रवाल समाज शक्ति के प्रत्येक घरों से एक सदस्य जोड़ने हेतु विशेष रूप से शहर में 6 अलग-अलग स्थान पर स्थाई रूप से सदस्यता केंद्र रहेंगे, जहां से अग्रवाल समाज का कोई भी व्यक्ति सदस्यता ग्रहण कर सकेगा, इस कार्य के लिए सदस्यता शुल्क 500/-रुपये निर्धारित किया गया है, एवं शक्ति शहर में पूर्व में 05 सदस्यता प्रभारी बनाए गए थे, जिन्होंने बैठक में अपनी सदस्यता प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें प्रमुख रूप से अजय अग्रवाल अज्जू, गजेंद्र डालमिया गज्जू, संजय रामचंद्र,प्रकाश चंद्र अग्रवाल ट्राली एवं मुकेश अग्रवाल साईं कंप्यूटर प्रमुख है।

# शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न






पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ जिला - सक्ती की बैठक 28फरवरी 2024 को शा उ मा विद्यालय कुटरबोड व साराडीह बैराज में सम्पन्न हुई। यहाँ जिले भर किसे आये खेल शिक्षको ने रायपुर में होने वाले महासम्मेलन की सफलता के साथ ही छत्तीसगढ़ की सफलता के साथ ही छत्तीसगढ़ की शिक्षा में शारीरिक शिक्षा को पाठ्य पुस्तक में अनिवार्य रूप से शामिल करने पर चर्चा की। शारीरिक शिक्षा से संबंधित शिक्षको की बहुप्रतीक्षित मांग पदोन्नति एवम शारीरिक शिक्षा एवं खेल को विषय के रूप में पाठ्य पुस्तक पाठ्यक्रम में शामिल करने हेतु वर्षो से संघर्षरत हैं। इस संबंध में पूर्ववर्ती सरकार को भी अवगत कराया गया है। इस पर आज तक कोई भी निर्णय नही लिया गया हैं। भारत सरकार की नई शिक्षा नीति में शारीरिक शिक्षा और खेल को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। शिक्षको की मांग हैं कि केंद्र के अनुरूप राज्य भी पाठ्यक्रम में शारीरिक शिक्षा और खेल को शामिल करें ।साथ ही शारीरिक शिक्षा से संबंधित शिक्षको को व्याख्याता पद पर पदोन्नति प्रदान किया जाए। महासम्मेलन में पुनः अधिकाधिक संख्या में सहभागिता का संकल्प दोहराया गया। बैठक में संघ अध्यक्ष राजेश कुमार नायक, उपाध्यक्ष विजेंद्र कुमार पांडल, राजकुमारी गबेल, सचिव खगेश कुमार भारद्वाज, धनेशवार पटेल, भोग सिंह कंवर, कलेश्वरी साहू, विनोद उराँव, मोहन सिंह राठिया, झसेन्द्र गबेल, लता चंद्रा, मीना महेश, बबिता गोंड, देवनारायण सिदार, विनोद कूर्रे, यशवंत पटेल, एक्का, जय प्रकाश नायक, दिनेश चौधरी, भास्करन, विमल शर्मा, अजय आर्मो , आदि मौजूद रहे।

## 17 गांव में सिंचाई सुविधा होगी सुदृढ़

# भिलाई खुर्द में एनीकट बनने के बाद शहर वासियों को मिलेगा पेयजल

पायनियर संवाददाता ◄ कोरबा
www.dailypioneer.com



जल संसाधन विभाग के द्वारा हसदेव नदी पर ग्राम भिलाई खुर्द और मड़वारानी सहित जिले के विभिन्न छोटे नदी-नालों में 12 एनीकट का निर्माण कराये जाने की जानकारी दी जा रही हैं। जीवन दायनी हसदेव पर एनीकट बनने से कोरबा शहर के मानिकपुर क्षेत्र में पेयजल के अलावा मड़वारानी पहाड़ से लगे 17 ग्रामो में सिंचाई सुविधा सुदृढ़ होगी। जानकारी के अनुसार 53.78 करोड़ की लागत से तैयार होने वाली एनीकट निर्माण पर शासन की स्वीकृति की मुहर लग चुकी है। राशि जारी होते ही कार्य शुरू हो जाएगा। शहर के गेरवाघाट में सर्वेश्वर के बाद हसदेव नदी में तैयार होने भिलाईखुर्द एनीकट से शहर में जलापूर्ति सुविधा समृद्ध होगी। सर्वेश्वर एनीकट के निगम क्षेत्र के 23 वार्डों को पानी आपूर्ति के लिए किया गया है। वहीं भिलाई खुर्द में एनीकट बनने से मानिकपुर, खरमोरा, दादरखुर्द, रविशंकर नगर आदि क्षेत्र के 23 हजार आबादी तक नदी का पानी पहुंचेगा। नदी में दो एनीकट के अस्तित्व में आने से वर्षा जल का संरक्षण होगा। इसी तरह मडवारानी पहाड़ के निकट हसदेव नदी पर 26 करोड़ की लागत से कार्य पहले जिला खनिज न्यास से पूरा होना था। तय समय पर राशि स्वीकृति नहीं होने से यह योजना अंततः निरस्त हो गई। अब जल संसाधन विभाग ने इसे विभागीय मद से पूरा कराने का निर्णय लिया है। तैयार प्राक्कलन के अनुसार 340 मीटर लंबा और 4.30 मीटर चौड़ा इस एनीकट की ऊंचाई 3.50 मीटर ऊंची होगी। पहाड़ के आसपास बसे ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिगत जल कमजोर होने की वजह से नदी से जल आपूर्ति की आवश्यकता महसूस की जा रही है। मड़वारानी एनीकट बनने से जिन गांवों में पेय जल व सिंचाई की सुविधा मिलेगी उनमें ग्राम महोरा, देवलापाठ, बगधर, चिचोली, कछोरा, गितारी, बीर तराई, संडैल, भैंसामुड़ा, ढनढनी, जोगीपाली, कनकी, बैगपाली, भादा तरदा आदि शामिल हैं। इससे रेत चोरी पर भी लगाम कस जाएगी। एनीकट के अस्तित्व में आने से नदी में चल रहे अवैध रेतघाट बंद हो जाएगें। एनीकट बनने से नदी में तीन किलोमीटर तक जल भराव रहेगा। इससे नदी कछार योजना के तहत तट से लगे आसपास के गांव के किसानों को लाभ मिलेगा। उद्यानिकी और जिला कृषि विभाग की ओर से संचालित योजनाओं से भी किसान जुड़ सकेंगे। पहाड़ के ऊपर मंदिर तक पहुंचेगा पानी एनीकट निर्माण की जिम्मेदारी जल संसाधन की होगी। फिल्टर प्लांट से 17 ग्रामो में पानी पहुंचाने के लिए प्राक्कलन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने पहले ही तैयार कर लिया है। योजना के तहत गांव में ही नहीं, बल्कि पहाड़ के ऊपर भी पानी पहुंचाया जायजा। जल आपूर्ति सुनिश्चित होने से मड़वारानी मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुविधा होगी। विभागीय अधिकारी के अनुसार पहाड़ के ऊपर जल पहुंचाने के लिए पिरामिड पद्धति से पानी संग्रहण टैंक बनाया जाएगा। इससे ऊपरी छोर तक पानी पहुंचाने में आसानी होगी। इससे ग्राम कनकी से चांपा शहर की दूरी 22 किलोमीटर घट जाएगी। वर्तमान समय में मड़वारानी-चांपा मार्ग पहुंचने के लिए लोगों को उरगा मार्ग से पहुंचना होता है। विभागीय अधिकारी की माने तो एनीकट से दो पहिया व चार पहिया वाहनों के आवागन की अनुमति होगी। सामान्य आवागन के लिहाज से एनीकट की ऊंचाई तय की गई है। एनीकट कनकेश्वर धाम के निकट होगा इसलिए आसपास के ग्रामीणों को जलापूर्ति हो सकेगी। साथ ही निस्तारी की सुविधा भी उन्हे मिलेगी।

KVB Karur Vysya Bank
Smart way to bank

**द करूर वैश्य बैंक लिमिटेड, रायपुर शाखा**
ईपीआई सेंटर, यशवंत अस्पताल के पास,
जी.ई. रोड, तात्या पारा चौक, रायपुर-492001
संपर्क नंबर : 0771-2223355 ईमेल: raipur@kvbmail.com

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।**

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, सुरक्षित लेनदार, करूर वैश्य बैंक लिमिटेड, रायपुर शाखा को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक कब्ज़ा करूर वैश्य बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी, सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, को बेचा जाएगा। रुपये की वसूली के लिए 22 मार्च 2024 (22.03.2024) को 'जैसा है, जहां है', 'जैसा है, जो है' और 'जो कुछ है'। 29.02.2024 को 16,51,591.98 (सोलह लाख इक्यावन हजार पांच सौ निन्यानवे और अट्ठानबे पैसे मात्र) करूर वैश्य बैंक लिमिटेड, सुरक्षित ऋणदाता को कानून के अनुसार 01.03.2024 से अतिरिक्त ब्याज के साथ भुगतान करना होगा। (1)**मैसर्स. पुनरासर पल्सेस (उधारकर्ता)**, मालिक: श्रीमती सुनीता देवी झंवर, दुकान नंबर 54, दूसरी मंजिल, भैरस्थान रोड, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़ (2) **श्री रतन झंवर (गारंटर)**, पुत्र - श्री रामगोपाल झंवर, ई-560, राधाकृष्ण मंदिर के पास, समता कॉलोनी, रायपुर-492001, छत्तीसगढ़ संपत्ति का आरक्षित मूल्य रु. होगा 12,00,000/- (बारह लाख रुपये मात्र) और संपत्ति के लिए बयाना राशि 1,20,000/- रुपये (एक लाख बीस हजार रुपये मात्र) होगी।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**ऑफिस नंबर 54 का वह सारा टुकड़ा और पार्सल, दूसरी मंजिल पर, राधा मोहन टॉवर, क्षेत्रफल 100 वर्ग फुट, ख. पर स्थित है। क्रमांक 353/08 एवं 354/04, पी.एच.नंबर 106 ए/46, मौजा-रायपुर खास, रामसागर पारा वार्ड क्रमांक-17, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़। संपत्ति श्री रतन कुमार झंवर के नाम पर है।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया हमारे बैंक/सुरक्षित ऋणदाता में दिए गए लिंक को देखें वेबसाइट यानी www.kvb.co.in/Property की नीलामी वेब पोर्टल www. Indianbankseauction.com पर भी की जा रही है। सेवा प्रदाता, कैनबैंक कंप्यूटर सर्विसेज लिमिटेड

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिनों का नोटिस**

उधारकर्ताओं और गारंटरों को उपरोक्त उल्लिखित देय राशि का भुगतान अद्यतन तिथि के साथ करने के लिए सूचित किया जाता है। ई- नीलामी की तारीख से पहले ब्याज और सहायक व्यय, अन्यथा अनुसूची संपत्ति होगी नीलाम/बेची गई और शेष बकाया राशि, यदि कोई हो, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

दिनांक: 01.03.2024
स्थान : रायपुर

**प्राधिकृत अधिकारी**
**करूर वैश्य बैंक लिमिटेड,**

# कुंडा में विधायक भावना बोहरा ने जन-भावना मुलाकात में क्षेत्रवासियों की समस्या के तत्काल निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

## समस्याओं के निराकरण के साथ ही जनता के सुझाव भी हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं,तभी होगा क्षेत्र का विकास : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधानसभा के विकास और जनता की समस्याओं के लिए निरंतर कार्य करते हुए विधायक भावना बोहरा ने आज ग्राम कुंडा में जन-भावना मुलाकात कार्यक्रम के तहत जनता से रूबरू हुईं। विधानसभा सदन हो या विधानसभा क्षेत्र, भावना बोहरा द्वारा जनहित के लिए लगातार प्रयास किये जा रहें हैं जिससे क्षेत्र की जनता को भी लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में भावना बोहरा ने कुंडा मंडल में जन-भावना मुलाकात÷ के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और वहां उपस्थित समस्त शासकीय विभागों के अधिकारियों को उनके तत्काल निराकरण के लिए निर्देश दिए। भावना बोहरा ने कहा कि आज कुंडा क्षेत्र में जनता की समस्याओं से अवगत होने व उसके निराकरण के लिए हमने जन भावना मुलाकात कार्यक्रम के जरिए एक प्रयास किया है कि क्षेत्रवासियों को उनके गाँव के समीप ही सुविधा मिल सके। आज यहां बहुत से क्षेत्रवासी अपनी समस्या, क्षेत्र में व्यापत विभिन्न आवश्यकताओं को लेकर पहुंचे हैं इसमें कुछ ऐसी समस्याएं जिनका यथास्थल पर तत्काल निराकरण किया गया है और बाकि मांगों, सुझावों व समस्याओं के लिए यहां उपस्थित अधिकारियों को तत्काल निराकरण के लिए निर्देश भी दिए हैं। एक जनप्रतिनिधि का यह दायित्व होता है कि वह अपने क्षेत्र, वहां की जनता के विश्वास पर खरा उतरे, उनसे मिलकर उनकी समस्याओं का निराकरण करें, क्षेत्र का विकास करे। इसलिए हमने यह प्रयास किया है और प्रतिमाह ऐसे प्रयास हम करते रहेंगे, जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने व उसके निवारण के लिए हम कार्य करते रहेंगे। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता से मुलकात में बहुत सी मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं के आभाव होने की सूचना थी। पूर्व की कांग्रेस सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि की उदासीनता के कारण उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं होपाता था और क्षेत्र का विकास भी पूरी तरह ठप्प था। लेकिन अब छत्तीसगढ़ में



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में सुशासन का सूर्योदय हुआ। इससे जनता में भी एक नया विश्वास आया है और उनके इस विश्वास को पूरा करना हमारा प्रथम कर्तव्य है। क्षेत्र के विकास एवं जनहित से जुड़े हर विषय को लेकर हम संवेदनशील हैं और उसका समाधान करना ही हमारा उद्देश है। ऐसे कार्यक्रम जनता से जुड़ने का भी एक बहुत ही अच्छा माध्यम भी है जहाँ वे बिना किसी झिझक के अपनी समस्याओं को बता सकते हैं। वो एक उम्मीद के साथ आते हैं और उनकी इन उम्मीदों को पूरा करने के लिए ही हमने यह प्रयास किया है ताकि एक जनप्रतिनिधि व जनता के बीच बेहतर सामंजस्य हो, किस प्रकार क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा इसके लिए उनके सुझाव हमें मिले। इन्हीं सुझावों व आपसी सामंजस्य से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। भावना बोहरा ने आगे कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझपर विश्वास कर जो जिम्मेदारी दी है उसे निभाने के लिए मैं कटिबद्ध हूँ। क्षेत्रवासियों समस्याओं के निराकरण के लिए भटकना न पड़े इसके लिए प्रतिमाह इस कार्यक्रम के माध्यम से हम जनता के बीच जाएंगे, उनके गाँव में जाकर ÷जन-भावना मुलाकात÷ के माध्यम से उनकी मूलभूत सुविधाओं, प्रमुख मांग व समस्या से अवगत होंगे तथा तत्काल उसका समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इसी प्रकार हमने कुछ क्षेत्रों में जनसेवा ही भावना केंद्र की स्थापना भी की है, जहाँ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लेकर क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों, अव्यवस्थाओं एवं समस्याओं के समाधान किये जाते हैं और बाकि कुछ जगहों में भी इस केंद्र की स्थापना हम जल्द ही करने वाले हैं, जिससे क्षेत्र की जनता को अपनी तकलीफों के लिए जिला मुख्यालय अथवा ब्लॉक कार्यालय आने-जाने की असुविधा न उठानी पड़ें और उनके गाँव के समीप ही इन सभी परेशानियों का समाधान हो सके। आज कुंडा में हमें जन-भावना मुलाकात÷ के दौरान क्षेत्रवासियों से प्राप्त जो भी सुझाव हैं उसपर अमल करेंगे और क्षेत्र तथा जनहित से जुड़े जो विषय, समस्या व मांग संज्ञान में आए हैं उसमें कुछ का निराकरण किया गया है और बाकि के लिए वहां उपस्थित विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है जिनका समाधान भी जल्द हो जाएगा।हमें विश्वास है की इस प्रयास से क्षेत्रवासियों व आमजनों को लाभ मिलेगा। विदित हो कि चुनाव से पहले, विधायक भावना बोहरा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र ÷भावना दीदी की गारंटी÷ में विधानसभा के 7 प्रमुख स्थानों में जनसेवा ही भावना केंद्र की स्थापना करने की घोषणा की थी। अपने घोषणा को मूर्त रूप देते हुए वनांचल क्षेत्र कुकदुर सहित पंडरिया एवं पांडातराई में इसकी स्थापना की जा चुकी है और बाकि शेष 4 स्थानों में भी इस केंद्र की स्थापना जल्द ही की जाने वाली है। इस केंद्र में क्षेत्र की समस्या हो या निजी, शासकीय योजनाओं से सम्बंधित जानकारी हो या उसका लाभ लेना। इस वन स्टॉप सेंटर में सभी सुविधाएँ क्षेत्रोवासियों को उनके गाँव के समीप ही मिल रही हैं और उन्हें दूर दराज जाने की समस्या से मुक्ति भी मिली है जिससे उनके समय व पैसों की भी बचत हो रही है। इसी के साथ जन भावना मुलाकात के माध्यम से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना, निराकरण करना यह प्रयास भी क्षेत्र एवं जनहित से जुड़े विषयों के लिए अपने आप में बेहतर प्रयास होगा जो पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा किया जा रहा है,

# खिलाड़ी को खेल भावना से खेलना चाहिए : वाल्मिकी वर्मा

## बावातालाब और रेंगाखार जंगल के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला



पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम पंचायत रेंगाखर जंगल में क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का आयोजन 22 फरवरी से 01 मार्च के बीच किया गया।रोमांचक मुकाबले में दोपहर 3:00 बजे बावातालाब और रेंगाखार जंगल के बीच खेला गया,जिसमें पहले बैटिंग करते हुए बावातालाब की टीम ने 6 ओवर में 128 रन का लक्ष्य दिया।लक्ष्य का पीछे करते हुए 6 ओवर में रेंगाखार की टीम ने केवल 79 रन ही बना पाई।इस प्रकार बावातालाब ने रेंगाखार जंगल को 49 रनों से फाइनल रोमांचक मुकाबले में जीत कर प्रथम पुरस्कार 15001/- पर कब्जा किया।वहीं द्वितीय पुरस्कार 7500/- रेंगाखार जंगल की टीम को मिला। जनपद पंचायत बोड़ला अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभाती मरकाम जी ने कहा कि खिलाड़ी को उत्साह उमंग ऊर्जा के साथ खेल भावना से खेलना चाहिए।हमेशा नदी की धार की तरह बहते रहना चाहिए अर्थात सतत अभ्यास करते रहना चाहिए,जीत एक दिन जरूर मिलेगी। वहीं अध्यक्ष युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि खेल हमारे दैनिक जीवन एवं स्वास्थ्य से जुड़ा रहता है,हर प्रकार से शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं।जिस तरीके से एक सिक्के के दो पहलू होते हैं एक हार और दूसरा जीत,जीत से हमको खुशियां मिलती है, और हार से हमको सिखाने की जरूरत होती है। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को बेस्ट बैट्समैन,बेस्ट बॉलर,बेस्ट फिल्डर मैन ऑफ द मैच के रूप में शील्ड भेट कर अलग-अलग पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम क्रिकेट प्रतियोगिता समापन समारोह में वन परिक्षेत्र अधिकारी विजेन्द्र तिवारी,जनपद प्रीतिनिध लेखराम पंचेश्वर,पूर्व प्राचार्य मदन कश्यप,फान सिंग मरावी,पूर्व एसआई अमर सिंह खुसरे,तानसेन चौधरी,युवा कांग्रेस लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश पटेल,पूर्व एल्डर मेन चंद्रशेखर नागराज,कमलेश राठौर, पदम सिंह मरावी, राजकुमार ओगरे, बीरेंद्र मरकाम, सोमल मरावी, अर्जुन वासनिक,किसन मारकंडे, उपसरपंच ललिता बाई मारकंडे, संतोष यादव,आशु नेताम,धंजय ध्रुवे,रा केश यादव,राजकुमार मारकंडे,युवा कांग्रेस रूपलाल साहू,गजराज सिंह टेकाम,अजय भाई,कप्तान विकास यादव,अध्यक्ष शिवराज नेताम विशेष नेतृत्व विष्णु सिंह नेताम एवम पूरी टीम क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## प्राथ शाला हटकेशर में चिराग चौरडिया के एमएमबीएस में चयन होने पर कराया न्योता भोजन कार्यक्रम

**धमतरी।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला हटकेशार विकासखंड धमतरी में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया जिसमें वंदना चौराडिया के सुपुत्र चिराग चौरडिया के एमएमबीएस में चयन होने के होने पर गौरव लोहाना के सहयोग से केला एवं संतरा फल का वितरण किया गया। बच्चो ने बडे ही उत्साह के साथ लुत्फ उठाया । इस आयोजन से सामुदायिक सहभागिता को बढावा मिल रहा है। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठिका गीता मेहता, शिक्षिका भुनेश्वरी नेले एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# भाजपा समन्वय समिति कोर ग्रुप कुरूद विस का बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी/कुरुद
www.dailypioneer.com

महासमुंद लोकसभा प्रभारी मोतीलाल साहु , सह प्रभारी भावना बोहरा, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, बस्तर सहप्रभारी निरंजन सिन्हा, धमतरी जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बैठक में कुरूद विधानसभा समन्वय



समिति और प्रबंधन समिति के सदस्यगण भाजपा के सभी नेतागण बैठक सम्मिलित होकर कुरूद विधानसभा से लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए संकल्प पारित किया गयाए कुरूद भाजपा कार्यालय मे माण् मोतीलाल साहु एवं भावना बोहरा विधायक निर्वाचित होने के बाद प्रथम आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा जोशीला स्वागत किया गया।

# शिक्षा सेवा प्रदाता को वेतन का जल्द होगा भुगतान

## स्थानांतरित संगठन छग व्याख्याता एलबी ने ने उच्च कार्यालय का कराया ध्यानाकार्षण

पायनियर संवाददाता ◀ धमतरी
www.dailypioneer.com

शिक्षा विभाग में जैसे ही नए सत्र शुरू होता है शिक्षकों की मांग को लेकर कलेक्टर व उच्च कार्यालय को शाला समिति द्वारा ज्ञापन व ज्ञापन के बाद भी सार्थक पहल नही करने पर तालाबंदी कर दी जाती है मजबुरी में अधिकारी आनन फानन में शिक्षक की व्यवस्था कर देते है, स्थायी समाधान नही क्योंकि जंहा व्यवस्था की जाती है वँहा कुछ दिन तक समस्या दूर हो तो जाती है लेकिन जंहा से व्यवस्था करते है वँहा समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस मामले पर कई जगह स्कूल में




तालाबंदी को देखते सार्थक पहल करते पूर्व कलेक्टर के निर्देश से जिले के स्कूल में जंहा विषय विशेषज्ञ शिक्षक नही है पढाई प्रभावित न हो, शिक्षा सेवा प्रदाता व्याख्याता ,शिक्षक की नियुक्ति की गई जिसके वेतन का भुगतान शिक्षा कार्यालय के डीएमएफ फंड से हो रहा है सेवा प्रदाता को 8000 से 12000 तक अल्प वेतन मिलता है कलेक्टर के बदलते ही इन शिक्षको का 2 माह का वेतन भुगतान नही हआ था 3 माह हो गया था वेतन भुगतान नही होने के बाद भी आर्थिक समस्या से जूझ रहे शिक्षक पूरी ईमानदारी से अपनी ड्यूटी निभा रहे थे । इस मामले पर प्रांत अध्यक्ष स्थानांतरित संगठन छग व्याख्याता एलबी व समस्त संगठन व संभाग उपाध्यक्ष रायपुर छ ग शिक्षक कांग्रेस लालबहादुर साहू ने सेवा प्रदाता के निवेदन पर कलेक्टर व उच्च कार्यालय के अधिकारी का ध्यानाकर्षण कर अविलम्ब वेतन भुगतान की मांग की थी। डीईओ कार्यालय धमतरी से चर्चा होने पर चेक जारी करने ,जल्द ही 3 माह का सेवा प्रदाता का वेतन भुगतान होगा इस बात की जानकारी होते ही सेवा प्रदाता में खुशी की लहर है अभी वही शिक्षक बोर्ड ड्यूटी में अपने कर्तब्य का निर्वहन कर रहे है।

# छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई क्रांति से जुड़ने को तैयार

## स्वास्थ्य क्षेत्र में ड्रोन उपयोग करने की दिशा में कदम बढ़ाकर चुनिन्दा राज्यों में शुमार

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर और तेज करने की दिशा में छत्तीसगढ़ राज्य देश के प्रमुख राज्यों में शामिल हुआ है। स्वास्थ्य क्षेत्र में ड्रोन की उपयोगिता को देखते हुए यहां ड्रोन के माध्यम से स्वास्थ्य सामग्री और ब्लड सैंपल्स भेजने का सफल परीक्षण किया गया है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के विजनके ड्रोन हेल्थकेयर प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया गया है जिसके तहत देश के 660 मेडिकल कॉलेज में से 25 कॉलेज का चयन किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ के राजमाता देवेन्द्र कुमारी



सिंहदेव गर्वनमेंट मेडिकल कॉलेज, अंबिकापुर का चयन किया गया था।ड्रोन उपयोगिता के इस सफल परीक्षण में भारत की प्रमुख एसएएएस-बेस्ड ऑटोनॉमस लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशस प्रदाता कंपनी स्काई एयर मोबिलिटी इस सफल ट्रायल को संचालित किया। और अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक से छत्तीसगढ़ में हेल्थकेयर डिस्ट्रीब्यूशन में एक नए युग की शुरुआत की एक झलक पेश की।इस अभूतपूर्व पहल का उद्देश्य इनोवेटिव ड्रोन टेक्नोलॉजी के माध्यम से दूरदराज के क्षेत्रों में इमरजेंसी सैम्पलिंग रिपोर्टिंग में बदलाव लाना है। स्काई एयर मोबिलिटी द्वारा ब्लड सैम्पल्स को33 किलोमीटर दूर स्वास्थ्य देखभाल संस्थान तक पहुंचाकर प्रोजेक्ट की अपार क्षमता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया।इसके अलावा, यह ड्रोन पहल महिला सशक्तिकरण के लिए एक प्रमाण के रूप में खड़ी है, जिसमें परिचालन भूमिकाओं के लिए 'ड्रोन दीदियों' का प्रशिक्षण सरगुजा और बस्तर में स्वास्थ्य देखभाल अंतराल को पाटने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। टेक्नोलॉजी और सामाजिक जिम्मेदारी का यह प्रयास एक महत्वपूर्ण प्रगति का उदाहरण है, जो इस क्षेत्र में एडवांस्ड हेल्थकेयर डिलीवरी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का वादा करता है।

## छत्तीसगढ़ 10वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू

**बेमेतरा** ।छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा 2024 में 2 मार्च (शनिवार) से शुरू हो गयी। वहीं, 12वीं की परीक्षा एक मार्च से शुरू हो चुकी है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा 23 मार्च तक चलेगी। वहीं 10वीं बोर्ड की परीक्षा 21 मार्च तक चलेगी। शुक्रवार को 12वीं का पहला पेपर हिंदी का हुआ। वही आज शनिवार को 10वीं का भी पहला पर्चा हिंदी का हुआ । परीक्षा के लिए ज़िले में 77 केन्द्र बनाये गये है। ज़िला शिक्षा अधिकारी अरविंद्र मिश्रा ने बताया कि कक्षा 10 वीं में आज कुल दर्ज 13999 में 13749 प्रविष्ट एवं 250 अनुपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नकल प्रकरण निरंक है, परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सुव्यवस्थित रूप से संचालित हुई। उपसंचालक कृषि एम.डी. डडसना द्वारा परीक्षा केन्द्र टेमरी, नादंघाट, मारो, नवागांव का एस.डी.ओ पी.डब्लू.डी. भावेश सिंह ने परीक्षा केन्द्र आनंदगांव, सरदा, कुसमी, बारगांव का ज़िला खनिज अधिकारी श्रीमती अर्चना ठाकुर द्वारा परीक्षा केन्द्र जनता भिंभौरी, गुघेली, गोड़गिरी निरीक्षण किया। ,

# साढ़े आठ हजार पृष्ठों में लेखक का समग्र प्रदेय, बीस खण्डों वाली 'गिरीश पंकज रचनावली' का आज होगा लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

ज्ञानमुद्रा पब्लिकेशन भोपाल एवं सामाजिक संस्था वक्ता मंच के तत्वावधान में देश के प्रख्यात साहित्यकार रायपुर निवासी गिरीश पंकज की बीस खण्डों में प्रकाशित समग्र रचनावली का लोकार्पण समारोह रविवार 3 मार्च को प्रातः 11 बजे वृंदावन सभागृह में आयोजित है द्य उल्लेखनीय यह है कि संपूर्ण देश में हिंदी साहित्य जगत में किसी भी जीवित लेखक की अब तक बीस खण्डों की रचनावली अब तक प्रकाशित नहीं हुई है। 8500 पृष्ठों वाली इस




रचनावली में गिरीश पंकज की अब तक की संपूर्ण साहित्यिक यात्रा का समावेश है । इसमें उनके व्यंग्य,गीत-गजल, लघुकथा, कहानी, उपन्यास , बाल साहित्य ,नाटक एवम समसामयिक लेखों का संग्रह है। वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि संभाग आयुक्त डॉ संजय अलंग होंगे । अध्यक्षता डॉ सुशील त्रिवेदी एवं डॉ चितरंजन कर संयुक्त रूप से करेंगे द्य विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कुमार प्रजापति, राउरकेला, राजेश पारेख, नागपुर, डॉ रमेंद्रनाथ मिश्र, शशि वरवंडकर, राजीव अग्रवाल, जी. स्वामी,नर्मदा प्रसाद मिश्र 'नरम' उपस्थित रहेंगे द्य कार्यक्रम परिचय प्रियंका कौशल द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा एवं संचालन उर्मिला देवी 'उर्मि' करेगी । दो सत्रों में आयोजित इस कार्यक्रम में अपरान्ह 2 बजे से रचना पाठ एवं काव्य गोष्ठी रखी गई है द्य इसमें राजधानी व आसपास के रचनाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे द्य इस सत्र के मुख्य अतिथि भारती बंधु होंगे एवं अध्यक्षता डॉ स्नेहलता पाठक व डॉ सुधीर शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से की जायेगी द्य राजकुमार धर द्विवेदी एवं आशीष राज सिंघानिया इस सत्र के विशिष्ट अतिथि होंगे द्य आयोजक संस्थाओं द्वारा समस्त प्रबुद्धजनों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने का निवेदन किया गया है ।

# मोदी सरकार ने शुरू की सस्ती भारत दाल योजना

## सांसद चुन्नीलाल साहू, विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सामाग्री वैन को हरी झंडी दिखाया

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय पर सांसद चुन्नीलाल साहू, बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने केंद्र सरकार की भारत दाल योजना की सामग्री वैन को हरी झंडी दिखाया। केंद्र सरकार ने लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सस्ती दाल उपलब्ध कराने की



योजना शुरू की है। भारत दाल योजना के तहत यह 60 रुपए किलो के भाव दिया जा रहा है। उपभोक्ता खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यह उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कलेक्टर प्रभात मलिक, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

# 12 मार्च को 1 लाख 49 हजार किसानों के खाते में आएगी 681 करोड़ 96 लाख अंतर की राशि

## सीएम साय की घोषणा के बाद किसानों के चेहरे खिले

पायनियर संवाददाता ◀ बालोद
www.dailypioneer.com

धान की अंतर राशि पाने का इंतजार अब अन्नदाताओं का खत्म होने वाला है। मुख्यमंत्री विष्णु द्रव साय ने धान के अंतर राशि देने की तारीख का ऐलान कर दिया है। शनिवार को जशपुर दौरे पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि 12 मार्च को किसानों को धान की अंतर राशि का भुगतान कर दिया जायेगा। शनिवार को जशपुर जिले के तामाकुंडा में आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ऐलान किया है कि किसानों को धान के एमएससी के अतिरिक्त जो अंतर की राशि दी जानी थी वह राशि 12 मार्च को केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा के माध्यम से सभी किसानों के खातों में हस्तांतरित कराई जाएगी। विधानसभा चुनाव के समय मोदी गारंटी कार्ड याने बीजेपी के घोषणा पत्र में



किसानों को धान का समर्थन मूल्य 3100 रुपए दिए जाने का वायदा किया गया था। एसएसपी के अतिरिक्त यह राशि प्रति क्विंटल 917 रुपए होती है। इस राशि का इंतज़ार किसानों को था दरअसल किसान धान की अंतर राशि के भुगतान का इंतजार कर रहे थे। अब मुख्यमंत्री ने तारीख का ऐलान कर किसानों का इंतजार खत्म कर दिया है।

**अंतर की राशि 12 मार्च को होगी अंतरित**

सीएम साय की घोषणा से बालोद जिले के एक लाख 49 हजार 160 किसानों के चेहरे खिल गए हैं। जिले में उन्नति योजना के अंतर्गत एक लाख 49 हजार 160 किसानों के खाते में अंतर की राशि 681 करोड़ 96 लाख 85 हजार 482 रुपये आएगी। बता दे की जिले में इस खरीफ वर्ष 2023-24 में रिकार्ड धान कि खरीदी हुई हैं। एक लाख 49 हजार 160 किसानों ने 74 लाख 87 हजार 146 क्विंटल धान बेचा हैं। जिसमें मोटा धान 29 लाख 16 हजार 40 क्विंटल, पतला धान 23 लाख 1 हजार 370.80 क्विंटल और सरना धान 22 लाख 69 हजार 736 क्विंटल हैं। मोटा एवं सरना धान की कीमत प्रति क्विंटल 2 हजार 183 और पतला धान प्रति क्विंटल 2 हजार 203 किसानों के खाते में धान बेचने के उपरांत ही सीधे खाते में अंतरित कर दी गई हैं। कुल 1639 करोड़ 4 लाख 68 हजार 880 रुपये किसानों के खाते में भेजे गए हैं। अब जो अंतर की राशि है, मोटा एवं सरना धान की 917 रुपये प्रति क्विंटल और पतला धान की 897 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों के खाते में 12 मार्च को हस्तान्तरित की जाएगी।

### कृषक उन्नति योजना के तहत दी जाएगी अंतर की राशि

राज्य सरकार ने मोदी गारंटी कार्ड में धान ख़रीदी में 3100 रुपए समर्थन मूल्य की घोषणा की थी। इस समय केंद्र सरकार ने ख़रीफ़सीजन के लिए धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। अतिरिक्त राशि को किसानों को दिए जाने के लिये विष्णु देव सरकार ने कृषक उन्नति योजना लागू की। यह योजना पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के किसान न्याय योजना के रोड मैप पर ही बनी है। लेकिन कृषक उन्नति योजना में किसानों को चार किश्तों में नहीं बल्कि एक मुश्त भुगतान होना है। इसी योजना के तहत विष्णु देव साय सरकार अंतर की राशि किसानों को देने जा रही है।

### लोकसभा चुनाव के ठीक पहले भुगतान

छत्तीसगढ़ में मतदाता के रुप में किसान बेहद प्रभावशाली आँकड़ा रखने वाला वर्ग है। 2018 में बीजेपी के पंद्रह साल के कार्यकाल को समाप्त करने में इस वर्ग की अहम भूमिका थी। माना जाता है कि 3100 रुपए समर्थन मूल्य के ऐलान ने 2023 के चुनाव में किसान को एक बार फिर बीजेपी की ओर मोड़ा। विष्णु देव साय सरकार जबकि यह भुगतान करेगी तो लोकसभा चुनाव बिल्कुल सामने होगा, ज़ाहिर है इस भुगतान के सकारात्मक असर से बीजेपी के पक्ष में वोट के रुप में तब्दील होगी ऐसी बीजेपी की सोच है, जो शायद बहुत गलत भी नही हैं।

**फैक्ट फाइल (खरीफवर्ष 2023-24)**

0 धान बेचने वाले कुल किसान- 1,49,160
0 मोटा धान खरीदी- 29,16,040 क्विंटल
0 सरना धान खरीदी- 22,69,736 क्विंटल
0 पतला धान खरीदी- 23,01,370.80 क्विंटल

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. / अ-62
वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम दाढ़ी तहसील दाढ़ी जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्पित गुप्ता पि. जीवनलाल गुप्ता नगर पंचायत दाढ़ी के निवासी हैं उनके नाम पर ग्राम पचभैया प.ह.न. 06 रा.नि.म. दाढ़ी तह. दाढ़ी जिला बेमेतरा में कुल खसरा नंबर 5 कुल रकबा 2.87 हे. कृषि भूमि है। उक्त भूमि में से खसरा नंबर 372/1 तथा 583/1 में क्रमशः 2 और 22 कुल 24 सागौन के वृक्ष है जिसके कारण उन्हें कृषि कार्य करने में दिक्कत होती है अतः उक्त वृक्षों को काटने की अनुमति प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वृक्षों को काटने हेतु अनुमति दिये जाने पर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/03/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया। न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. / अ-62
वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम दाढ़ी तहसील दाढ़ी जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सीमा गुप्ता पति जीवनलाल गुप्ता नगर पंचायत दाढ़ी की निवासी हैं उनके नाम पर ग्राम पचभैया प.ह.न. 06 रा.नि.म. दाढ़ी तह. दाढ़ी जिला बेमेतरा में कुल खसरा नंबर कुल रकबा 3.31 हे. कृषि भूमि है। उक्त भूमि में से खसरा नंबर 365/2, 366/2, 367/2, 386/2 तथा 583/4 में क्रमश 1, 16, 2 और 18 कुल 37 सागौन के वृक्ष है जिसके कारण उन्हें कृषि कार्य करने में दिक्कत होती है अतः उक्त वृक्षों को काटने की अनुमति प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वृक्षों को काटने हेतु अनुमति दिये जाने पर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/03/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/03/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)



# ब्रेक मेरे लिए बहुत जरूरी था: नेहा कक्कड

इंडियन आइडल शो की होस्ट रही नेहा कक्कड़ कई दिनों से टीवी शोज से दूर थीं। नेहा ने बताया कि क्यों वह इतने लंबे ब्रेक पर थीं। नेहा ने कहा, यह ब्रेक मेरे लिए बहुत जरूरी था क्योंकि मैं मेंटली और फिजिकली काफी थक गई थी। मैं उनमें से हूं जो जब भी कोई शो करती है तो उसमें अपना 100 प्रतिशत लगा देती है।

एक पॉइंट ऐसा आ गया था कि अब मेरे बस में कुछ नहीं था। मैंने इस इंडस्ट्री में कम उम्र से ही काम करना शुरू कर दिया था इसलिए अपने मेंटल और फिजिकल हेल्थ के लिए मुझे यह करना पड़ा, लेकिन अब मैं बैंग के साथ वापस आ गई हूं। पिछले साल नेहा के तलाक की खबरें आई थीं और उसके बाद कुछ दिनों पहले ही खबरें आईं कि नेहा प्रेग्नेंट हैं। इस पर सिंगर ने कहा, मेरी जबसे शादी हुई है तबसे सिर्फ 2 अफवाहें आ रही हैं। एक मैं प्रेग्नेंट हूं और दूसरा कि मेरा तलाक हो रहा है। बहुत दुख होता है ऐसी बातें सुनकर। लोग गॉसिप के लिए कुछ भी बोलते हैं। लेकिन मैं कोशिश करती हूं इन सब पर ध्यान ना दूं क्योंकि मुझे पता है सच क्या है।

जब पूछा गया कि क्या शादी के बाज उका फोकस काम से हटकर परिवार की तरफ चला गया है तो उन्होंने कहा, मेरा फोकस परिवार और पति की तरफ ज्यादा था कुछ समय से, लेकिन अब मैं वापस काम पर फोकस कर रही हूं। मेरे पति को जो समय और अटेनशन चाहिए था वो मिला और अब क्योंकि हमारी शादी को 3 साल हो गए हैं तो मैंने सोचा कि वापस काम पर फोकस करें ।बता दें कि नेहा ने साल 2021 में रोहनप्रीत से शादी की थी। नेहा के लंबे ब्रेक के बीच कभी उनकी प्रेग्नेंसी की खबर आई तो कभी तलाक की। अब नेहा ने इन अफवाहों से लेकर ब्रेक तक के बारे में बात की।



# सलमान अपने फैंस को अब पेंटिंग के जरिए करेंगे खुश

बालीवुड के सुपर स्टार सलमान खान अब आर्ट कंपनी आर्टफी के साथ हाथ मिलाकर अपने पेंटिंग के जरिए भी दुनियाभर में चाहने वाले अपने फैंस को खुश करेंगे। इंडियन फैन के लिए सलमान खान का ये फैसला खुश करने वाला है ।दरसल, पहली बार, सलमान खान की पेंटिंग्स, जिनमें यूनिटी 1 और यूनिटी 2 नाम के जाने माने डिप्टीच में शामिल हैं। सलमान जैसे वह फिल्मो में अपने किरदार से लोगो को दीवाना बनाते हैं, वैसे ही अब अपनी पेंटिंग के जरिये वह लोगो को दीवाना बनाएंगे ।आर्टफी यूनिटी 1 और यूनिटी 2 को 10,000 भागों में बांटेगा, जिससे हर कोई इनके ओनरशिप में आंशिक रूप से मालिक बन सकेगा। सलमान खान के विचार- मुझे इस कार्यक्रम में आर्टीफी के साथ जुड़कर बहुत खुशी है, जिसके जरिए मेरी पेंटिंग को हासिल करने का मौका दर्शकों को मिल रहा है। सलमान खान ने अपने कोट में कहा है, मैं आर्टीफी के इस कार्यक्रम में आर्टीफी के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं, जिसके जरिए मेरे आर्ट को हासिल करने का मौका मिल रहा है, और मुझे ये देखकर खुशी है कि इससे मेरे आर्ट को दुनिया भर के लोगों के साथ बांटा जाएगा। बता दें कि सलमान खान को न सिर्फ फिल्मो में उनके योगदान के लिए बल्कि उनके परोपकारी प्रयासों और पेंटिंग के प्रति जुनून के लिए भी पहचाना जाता है। बी–टाउन के सबसे चहेते खांस में से एक सलमान खान की दुनिया भर में बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्हें हर उम्र के लोग पसंद करते हैं।



# मैंने एनिमल नहीं देखी, बेटियों ने मना किया : खुशबू


बालीवुड फिल्म एनिमल के कॉन्टेंट पर कई लोग आपत्ति जता चुके हैं। अब एक्टर–पॉलिटीशियन खुशबू सुंदर भी इस पर बोली हैं। जब एक्ट्रेस से एनिमल फिल्म के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इंट्रेस्टिंग बात बताई। खुशबू बोलीं कि उनकी बेटियों ने मना किया था कि वह यह फिल्म न देखें। खुशबू सुंदर टीवी9 की समिट में थीं ।वहां उन्होंने बताया कि रणबीर कपूर स्टारर मूवी एनिमल उन्होंने नहीं देखी है।

खुशबू बोलती हैं, नैशनल कमिशन फॉर विमिन के सदस्य के तौर पर मैंने कई हैरासमेंट, प्रताड़ना, मैरिटल रेप और ट्रिपल तलाक के केसेज देखे हैं जबकि यह गैरकानूनी है। खुशबू बोलती हैं, अगर एनिमल जैसी महिला विरोधी फिल्म कमाई कर रही है, बॉक्स ऑफिस गॉर्सर में से एक है तो हमें उन लोगों के दिमाग के बारे में सोचना चाहिए जिन्होंने फिल्म को सक्सेसफुल बनाया ।खुशबू ने कहा कि इसमें निर्देशक की गलती नहीं है। वह बोलती हैं, हमें कबीर सिंह और अर्जुन रेड्डी से दिक्कत थी ।पर मैं डायरेक्टर को दोष नहीं देती, क्योंकि उनके लिए मैं सोचती हूं कि मूवी की सफलता ही मायने रखती है ।हम फिल्मों में वही दिखा रहे हैं जो फिल्मों में दिख रहा है ।हम महिलाओं के सम्मान की बात करते हैं फिर भी ऐसी फिल्में देखते हैं। खुशबू ने कहा, मैं नहीं चाहती थी कि मेरी बेटियां ये फिल्म देखें। लेकिन उन्होंने देखी क्योंकि जानना चाहती थीं कि फिल्म में आखिर है क्या। फिल्म देखकर आईं और बोलीं, अम्मा, प्लीज आप फिल्म मत देखना ।जब ऐसी फिल्मों को बार–बार देखने वाले लोग मिल जाते हैं तो सोचिए कि हम कहां जा रहे हैं। बता दें कि संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल को रिलीज हुए ढाई महीने से ज्यादा वक्त बीत चुका है लेकिन अभी भी सुर्खियों में है ।मूवी 1 दिसंबर 2023 को रिलीज हुई थी। इसने बंपर कमाई की, अवॉर्ड जीते और कॉन्ट्रोवर्सी में भी रही।

# आदित्य चोपड़ा और रोहित शेट्टी का आभारी हूं: अर्जुन कपूर

बालीवुड एक्टर अर्जुन कपूर का कहना है कि नकारात्मक भूमिकाएँ निभाने की उनकी क्षमता पर विश्वास करने के लिए वह अपने गुरुओं आदित्य चोपड़ा और रोहित शेट्टी के आभारी हैं ।अर्जुन कहते हैं, फ्रमैंने इश्कजादे, औरंगजेब जैसी फिल्मों में नकारात्मक किरदार निभाकर इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू किया और इतने सालों के बाद, मैं सिंघम अगेन में एक खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं। जबकि उस समय आदित्य चोपड़ा ने मुझमें ऐसे किरदार निभाने की क्षमता देखी थी जो त्रुटिपूर्ण हों, अब, मैं इस विश्वास के लिए रोहित शेट्टी का आभारी हूं कि मैं उनकी महत्वाकांक्षी और बहुचर्चित कॉप यूनिवर्स फिल्म में एक खलनायक की भूमिका निभा रहा हूं! रोहित शेट्टी ने मुझमें विश्वास जगाया और हर कदम पर एक मार्गदर्शक रहे है!' अर्जुन कहते हैं, ये दोनों लोग मेरे फिल्मी करियर में सच्चे गुरु रहे हैं और मैं आभारी हूं कि रोहित शेट्टी जैसे हिट–मशीन फिल्म निर्माता का मानना है कि मैं सिंघम अगेन में खलनायक की भूमिका निभाकर लोगों को चौंका सकता हूं। अर्जुन कहते हैं, मैं हमेशा से स्क्रीन पर प्रयोग करना चाहता था और दर्शकों को कुछ अलग देखने को देना चाहता था।

इसलिए, सिंघम अगेन में पुलिस के कट्टर दुश्मन की भूमिका निभाना मेरे लिए एक रोमांचक अवसर है वह आगे कहते हैं, फ्रजैसा कि मैंने कहा, जब मैं सिंघम अगेन के सेट पर होता हूं तो ऐसा लगता है जैसे मेरे करियर का सर्कल पूरा हो गया है। मुझे अपने करियर की शुरुआत में नकारात्मक किरदार निभाकर बहुत प्यार मिला और मैं सिंघम अगेन के साथ भी वैसा ही और अधिक प्यार पाना चाहता हूं ।अभिनेता का कहना है कि रोहित शेट्टी की फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाना उनके लिए रोमांचकारी है क्योंकि इससे उन्हें एक अभिनेता के रूप में भी प्रयोग करने का मौका मिला।





# उर्वशी ने काटा तीन करोड का बर्थडे केक, हुई ट्रोल

विगत 25 फरवरी को एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने अपना 30वां जन्मदिन मनाया। अभिनेत्री द्वारा जन्मदिन समारोह की तस्वीरें साझा करने के बाद नेटिज़ेंस ने टिप्पणियों में दोनों को ट्रोल किया। रौतेला ने अपना जन्मदिन का केक काटकर मनाया, जिसकी कीमत कथित तौर पर सिंह द्वारा उपहार में दिया गया 3–स्तरीय सोने का केक था, जिसकी कीमत कथित तौर पर 3 करोड़ थी। सिंह केक काटने की रस्म में अभिनेत्री के साथ शामिल हुए ।रौतेला ने अपने पोस्ट में लव डोज 2 के सह–कलाकार को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया ।आपके अथक प्रयासों और मेरे लिए सच्ची चिंता ने मेरे करियर में एक शानदार अध्याय तैयार किया है ।वहीं, रैपर हनी सिंह ने कहा, 'मैंने उसे 3 करोड़ रुपये का केक भेंट करके इस विशेष अवसर को एक अनोखे भाव से चिह्नित करने का फैसला किया।

मैं चाहता हूं कि यह सहयोग, केक काटने का यह क्षण इतिहास में सबसे खास चीज के रूप में दर्ज हो जो किसी ने अपने सह–कलाकार के लिए किया हो। वह अपने काम में शानदार है और वह इस तरह के व्यवहार की हर तरह से हकदार है ।हैरानी की बात यह है कि इस घटना पर सोशल मीडिया पर कई मीम्स और मजेदार टिप्पणियां आईं। नेटिज़न्स ने दोनों को जमकर ट्रोल किया। एक ने पूछा, 'इसको खाना है या रखा?'


एक अन्य यूजर ने कहा, 'तो आपके पालतू जानवर में तो सोना ही सोना होगा।' एक तीसरे व्यक्ति ने लिखा, 24 कैरेट असली सोने का केक काटने वाली भारत की पहली महिला ।एक नेटीजन यह जानने को उत्सुक था कि केक कहां है। उन्होंने पूछा, 'काटने के बाद तुमने इस केक का क्या किया है?' एक्ट्रेस के सह–कलाकार यो यो हनी सिंह ने 24 कैरेट सोने के जन्मदिन के केक पर करोड़ों रुपये खर्च किए जिसके बाद इंटरनेट पर सनसनी फैल गई।

# अंजलि तत्रारी को 'वंशज' में अपना नया लुक पसंद आया

शो 'वंशज' में युविका की सरल भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अंजलि तत्रारी अब शो में बोल्ड अवतार में दिख रहीं हैं।

शो 'वंशज' में युविका की सरल भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अंजलि तत्रारी अब शो में बोल्ड अवतार में दिख रहीं हैं। शो में एक साल के लीप और अपने किरदार युविका की चौंकाने वाली मौत के बाद अंजलि ने युविका की हमशक्ल युक्ति मुल्तानी के किरदार में अपनी नई यात्रा शुरू की है। शो में पहले युविका के रूप में अंजलि को एक साधारण अवतार में देखा गया था, जिसमें वह भारतीय परिधान पहनती थीं, लेकिन अब वह इसके विपरीत बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं। वह अब ब्लेजर और कई तरह की एलीगेंट ड्रेस में नजर आती हैं ।अपने नए लुक को लेकर अंजलि ने कहा, 'युक्ति का किरदार निभाना मेरे लिए एक बड़ा बदलाव है ।मैं इसको लेकर बेहद उत्साहित हूं ।युक्ति के रूप में मेरा नया लुक युविका से बिल्कुल अलग है ।युविका का किरदार बेहद साधारण था। मगर युक्ति शो में बोल्ड अंदाज में दिख रही है। वह ट्रेंडी आउटफिट पहन रही है। उन्होंने कहा, 'एक कलाकार के रुप में अलग–अलग लुक को अपनाना अविश ?वसनीय रूप से रोमांचक है। मुझे इसका हर हिस्सा पसंद आ रहा है ।युक्ति का स्वैग और बॉस लेडी वाइब कुछ ऐसी चीजें हैं, जिन्हें चित्रित करने में मुझे मजा आ रहा है।' 'वंशज' सोनी सब पर प्रसारित होता है।





# रणवीर सिंह बनेंगे पिता

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जल्दी ही माता– ?पिता बनने वाले हैं ।उनके घर में जल्द ही नन्हें बच्चे की किलकारियां गूंजने वाली हैं। इस खुशखबरी को अभिनेत्री ने खुद ही पोस्ट के जरिए शेयर किया है। इसे देखते ही दीपिका को ढेरों बधाइयां मिल रही हैं ।जानकारी के मुता ?बिक गुरुवार को दीपिका पादुकोण ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर जारी की। उन्होंने एक फीचर इमेज शेयर करते हुए कहा कि उनका बेबी सितंबर 2024 में आ रहा है। बॉलीवुड स्टार जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपने पहले बच्चे का स्वागत के लिए उत्साह से भरे हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका का सेकंड ट्रिमिस्टर फेज चल रहा है और उनकी डिलीवरी सितंबर 2024 में होने वाली है। इससे पहले कहा जा रहा था कि दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंट हैं और अब खुद ही अभिनेत्री ने इस गुड न्यूज को बता दिया है ।दीपिका की प्रेग्नेंसी को लेकर तबसे लगातार खबरें आ रही थीं जब उनका 77वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म अवाड्‌र्स (बाफ्टा) में रेड कार्पेट पर साड़ी पहने बेबी बंप दिख रहा था।

बता दें ?कि इससे पहले भी दीपिका ने वोग से बेबी प्लानिंग को लेकर कुछ बातें बयां की थी ।तब उन्होंने बताया है कि उन्हें और रणवीर को बच्चे पसंद हैं और वो उस दिन का इंतजार कर रहे हैं, जब अपना परिवार शुरू करेंगे ।एक इंटरव्यू में भी दीपिका ने अपनी प्रेग्नेंसी पर कन्फर्मेशन दे दी थी और अब उन्होंने सोशल पेज पर अनाउंसमेंट किया है। बता दें ?कि दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की मुलाकात संजय लीला भंसाली की फिल्म 'रामलीला' के सेट पर हुई थी। नवंबर 2018 में शादी करने से पहले उन्होंने पांच साल तक डेट किया था और अब वे पेरेंट्स बनने जा रहे हैं।

# शहीद वीर बुधु भगत जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम साय, मनोरा को अस्पताल और कॉलेज भवन की सौगात

## पत्थलगांव में जल्द ही अपर कलेक्टर का लिंक कोर्ट एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की होगी पदस्थाना

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को अपने गृह जिला जशपुर के मनोरा विकासखंड के ग्राम डाड़टोली में शहीद वीर बुधु भगत जयंती समारोह एवं उरांव समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए और उन्होंने ग्राम डाडटोली में सामुदायिक भवन के लिए 30 लाख रूपए की घोषणा की साथ ही मनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सी.एच.सी) में एम्बुलेंस की व्यवस्था, मनोरा के शासकीय कॉलेज के भवन की स्वीकृति एवं पत्थलगांव में अपर कलेक्टर का लिंक कोर्ट एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की पदस्थाना करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने यह भी कहा कि वर्ष 2024-25 की बजट में कुनकुरी में 220 बिस्तरों वाले अस्पताल निर्माण करने का प्रावधान किया गया है। मनोरा के 30 बिस्तर वाले अस्पाल को अच्छा से अच्छा बनाएंगे साथ ही जशपुर में सामुदायिक भवन के लिए भी प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने समाज की मांग पर यह भी भरोसा दिलाया कि डाड़टोली में उरांव समाज के सामुदायिक भवन के लिए जमीन आबंटन की प्रक्रिया भी जल्द पूरी कर ली जाएगी। इसके अलावा समाज की मांग पर मुख्यमंत्री ने मिशल बंदोबस्त में संसारी उरांव राजस्व रिकार्ड में दर्ज है इस कारण अनुसूचित जनजाति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर सीएम साय ने भारत सरकार स्तर पर इस संबंध में उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि देश की राष्ट्रपति एक महिला है जो आदिवासी समाज से है। प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी समाज से मेरे जैसे एक साधारण कार्यकर्त्ता को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के कार्यकाल में आदिवासी समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए जनजातीय कल्याण मंत्रालय का गठन किया गया था। मुख्यमंत्री साय ने विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि 7-8 मार्च को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत् माताओं एवं बहनों के खाते में प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि की प्रथम किश्त अंतरित करने प्रधानमंत्री को समय देने के लिए अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 12 मार्च को प्रदेश के 24 लाख से अधिक किसानों के खाते में धान उपार्जन के अंतर की राशि प्रति क्विंटल 917 रूपए को भी अंतरित कर दिया जाएगा। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत् प्रदेश में 72 लाख 14 हजार आवेदन पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार को अभी ढाई माह ही हुए हैं। इस अल्प अवधि में सरकार ने समाज के सभी वर्गो के उत्थान के लिए अनेक पहल की है। इनमें गरीबों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। इस तरह 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस सुशासन दिवस के मौके पर 12 लाख से अधिक किसानों को उनके अंतर की राशि 3 हजार 716 करोड़ रूपए अंतरित कर दी गई है। प्रदेश में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 145 लाख मैट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी हुई है। सरकार ने युवाओं के हित में यह भी फैसला लिया है कि पी.एस.सी. भर्ती परीक्षा 2021 की सी.बी.आई. जांच कराई जाएगी। तेन्दुपत्ता सीजन आने वाला है प्रदेश सरकार ने 5500 प्रति मानक बोरा के मान से खरीदी करने का निर्णय लिया है। तेन्दुपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका योजना फिर से लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 फरवरी को समाज के क्रांतिकारी वीर बुधु भगत की जयंती थी। उक्त् तिथि को मैं दिल्ली के प्रवास पर रहा। इस कारण नहीं आ पाया। इसके लिए मैं आप सभी से विनम्रता पूर्वक क्षमा चाहता हूं।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल के जन्मदिवस पर हुए अनेक कार्यक्रम, लगा रहा बधाई देने वालो का तांता

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल का जन्मदिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। आयोजित कार्यक्रमों में वृद्धाआश्रम में भी पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने जन्मदिवस पर अवसर पर केक काट वृद्धजनों को उपहार दिया। सुबह से रात्रि तक जयसिंह अग्रवाल के जन्मदिवस के अवसर पर विभिन्न संगठनों, समाजसेवी संस्थाओं और पार्टी पदाधिकारियों की ओर से विभिन्न कायक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पूरे दिन शुभकामनाएं व्यक्त करने वाले लोगों का हुजूम उनके निवास स्थान में उमड़ता रहा। जयसिंह अग्रवाल के जन्मदिवस के अवसर पर सुबह से ही कार्यक्रमों का सिलसिला आरंभ हो गया था। सर्वप्रथम सुबह 7 बजे कोरबा अंचल के सीतामणी क्षेत्र स्थित गऊ माता चौक में आयोजित कोरबा कराटे अकादमी के होनहार खिलाड़ियों के साथ अपना जन्मदिवस केक काट कर मनाया। इस मौके पर उपस्थित खिलाड़ी, बच्चों के साथ हर आयुवर्ग के विशाल समूह द्वारा जयसिंह अग्रवाल को बधाईयां देते हुए स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर जयसिंह अग्रवाल ने खिलाड़ी बच्चों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सुबह 8 बजे प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज् ईश्वरीय आश्रम के सदस्यों के साथ अग्रवाल ने केक कटा जहॉ समस्त सदस्यों द्वारा स्वस्ति वाचन के साथ मंगल कामनाएं करते हुए उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया गया। जयसिंह अग्रवाल को आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद भेंट किया गया। ब्रह्मकुमारीज कोरबा इकाई के सभी प्रमुख पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। कोरबा निज निवास पर लोकप्रिय, ऊर्जावान नेता जयसिंह अग्रवाल को जन्मदिवस के अवसर पर आज सुबह से ही बधाईयां और शुभकामनाएं देने वाले लोगों का तांता लगा रहा। सुबह से ही जन्मदिवस की बधाईयां देने के लिए कोरबा के सभी समाज के प्रमुख सदस्य, सभी संगठनों, संघ, व्यापारी प्रकोष्ठों व मोर्चा दलों के पदाधिकारियों और सदस्यों, विभिन्न एसोसिएशनों, क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने व्यक्तिगत तौर पर जयसिंह अग्रवाल के निज निवास पहुंचकर बधाईयां देते हुए उनके स्वस्थ, सुदीर्घ और यशस्वी जीवन की शुभकामनाएं व्यक्त की। बधाई देने वालों में आम से लेकर खास व्यक्ति पहुंचे।

# गोदाम परिसर में जुआ खेल रहे 03 जुआरियों को साइबर सेल व जूटमिल पुलिस ने रेड कर पकड़ा

- जुआ फड से 32,450 व जुआरियों की आल्टो कार और दो मोटर सायकल को किया जप्त, थाना जूटमिल में जुआ एक्ट की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीती रात साइबर सेल व जूटमिल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गोदाम परिसर में जुआ खेल रहे 03 जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने जुआरियों के पास से नगदी रकम, ताशपत्ती के अलावा कार को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात गस्त दौरान मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में साइबर सेल और जूटमिल पुलिस द्वारा गढ़उमरिया केआईटी कॉलेज के सामने गोदाम परिसर में लाइट की रोशनी में कुछ लोगों के जुआ खेलने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा जुआ रेड कार्यवाही किया गया। कुछ जुआरी पुलिस की घेराबंदी को देख भाग गये, मौके पर पुलिस पार्टी ने तीन जुआरी रौनक अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल उम्र 32 वर्ष साकिन मिटठुमुडा कालिंदी कुंज थाना जूटमिल रायगढ, प्रकाश बेरिवाल पिता सुरेश बेरिवाल उम्र 36 वर्ष गांधीगंज थाना कोतवाली रायगढ, प्रशांत मिश्रा पिता सुखदेव मिश्रा उम्र 22 वर्ष गोपालपुर थाना चक्रधरनगर रायगढ को पकड़ा जिनके पास और फड से 32450 रूपये तथा जुआ फड के पास जुआरियों की खड़ी दो मोटरसाइकिल और एक अल्टो कार की जप्ती की गई है। जुआरियों पर थाना जूटमिल में जुआ के तहत कार्यवाही किया गया है। जुआ रेड कार्यवाही में टीआई जूटमिल मोहन भारद्वाज, आरक्षक धनुर्जय चंद बेहरा, बंशीलाल रात्रे तथा साइबर सेल के आरक्षक पुष्पेंद्र जाटवर, प्रताप बेहरा, सुरेश सिदार शामिल थे।

# लूटपाट की नियत से पेट्रोल पंप के आफिस में घुसकर पंप के संचालक पर जानलेवा हमला करने वाला हमलावर गिरफ्तार

## घरघोड़ा थाना क्षेत्र के गोमती फ्यूल में देर रात घटी थी घटना

- पेट्रोल पंप संचालक पर हमला कर आरोपी आनन-फानन में खाली बैग को रूपयों से भरा समझ उठा ले गया

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रात थाना घरघोड़ा क्षेत्र अंतर्गत गोमती फ्यूल (पेट्रोल पंप) के ऑफिस में घुसकर रूपयों की लूटपाट करने की नीयत से एक युवक द्वारा पेट्रोल पंप के मालिक पर धारदार हथियार से हमला कर ऑफिस में रखें खाली बैग को रूपयों से भरा समझ कर लेकर फरार हो गया था। घरघोड़ा पुलिस सीसीटीवी की फुटेज और सक्रिय सूचनातंत्र पर आरोपी युवक की पहचान कर घटना के 24 घंटे के भीतर हिरासत में लिया गया जिसे रिमांड पर भेजा गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए तड़ाके एसपी दिव्यांग पटेल स्वयं मौके पर पहुंचे जिन्होंने घटना की संपूर्ण जानकारी लेकर सीसीटीवी फुटेज देखे और जांच में लगी टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। घटना को लेकर पेट्रोल पंप के कर्मचारी राज कुमार यादव ने बताया कि 28 फरवरी की रात्रि लगभग 8 बजे पेट्रोल पंप का संचालक खीरूराम राय 02 टेंकर डीजल लेकर आया। टेंकर को पेट्रोल पंप में खडी करा कर खीरूराम राय आफिस के कम्प्युटर में काम कर रहे थे। पेट्रोल पंप बंद करने के बाद आफिस में सोने के लिये राज कुमार और उमेश राम यादव आफिस में जमीन में बिस्तर बिछाकर लेटे हुए थे कि रात करीबन 12.30 बजे एक युवक आफिस के अंदर घुसा जिसे देखकर पंप संचालक खीरूराम तुम कहां अंदर जा रहे हो कहने पर युवक बिस्तर में रखा काला रंग का बैग को उठाकर भागने लगा और पकड़े जाने के डर से खीरूराम पर पास रखे धारदार वस्तु (चाकू) से हमला किया, खीरूराम राय के पेट में चोटआई है। वहां मौजूद राजकुमार और उमेश यादव कुछ समझ पाते इतनी में अज्ञात युवक वहां से बैग लेकर भाग निकला था।

# हाईवे किनारे गांजा बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों से 3 किलो गांजा और मोटरसाइकिल जप्त

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा रायगढ़-खरसिया हाइवे पर अपेक्स हॉस्पिटल के सामने गांजा बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया है। थाना प्रभारी जूटमिल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर में गांजा लेकर रायगढ़ की ओर बिक्री के लिए निकले हैं। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर थाने के स्टाफको विभिन्न स्थानों पर आरोपियों पर निगाह रखने लगाया गया। जूटमिल पुलिस की एक टीम द्वारा दोपहर करीब 03 बजे काले रंग के मोटर सायकल में पिट्ठू बैग लिए बैठे दो संदिग्ध युवकों को अपेक्स हॉस्पिटल के सामने देखे और पूछताछ किया गया जो अपना नाम आकाश साहू और पीछे बैठा व्यक्ति आफताब हुसैन दोनों निवासी झारसुगुडा ओड़ीसा के रहने वाले बताएं जिन्हें कार्यवाही की जानकारी देकर तलाशी लेने पर संदेहियों के पिट्ठू बैग में तीन किलो गांजा बरामद हुआ। संदेहियों द्वारा अवैध बिक्री के लिए उड़ीसा से गांजा लेकर आना बताए।

# शासकीय कर्मचारियों को शुरू हुआ पुरानी पेंशन का लाभ मिलना

## मृत कर्मचारी की पत्नी को शुरू हुआ पेंशन का भुगतान

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में शासकीय कर्मचारियों के लिए एक बड़ी खबर है. सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक दुबे जिन्होंने हाल ही में वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की थी और उन्हें 80 ऐसे कर्मचारियों की सूची सौंपी थी जिनके परिजन शासकीय कर्मचारी थे और जिनकी मृत्यु हो चुकी है और जिन्होंने पुरानी पेंशन के लिए आवेदन किया है लेकिन प्रक्रिया में देरी हो रही है उन्होंने ही आज आदेश शेयर करते हुए यह जानकारी दी है कि प्रदेश में शासकीय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना धरातल पर आ चुकी है। स्कूल शिक्षा विभाग के एक शिक्षक तुकाराम क्षेत्रपाल का संविलियन 1 जुलाई 2018 को हुआ था और उनकी मृत्यु 2022 में हो गई थी इसके बाद उनकी पत्नी ने पुराने पेंशन विकल्प का चयन कर आवेदन जमा किया था अब उनके आवेदन पर पीपीओ जारी होते हुए उन्हें पेंशन का भुगतान शुरू हो गया है। तुकाराम क्षेत्रपाल की सैलरी मृत्यु के समय 36200 थी अब उनकी पत्नी संध्या क्षेत्रपाल को पेंशन के तौर पर 10800 मिलना शुरू हो चुका है। सर्व शिक्षक संघ के प्रदेश संयोजक विवेक दुबे ने कहा कि हमें इस बात की बड़ी खुशी है कि कुछ देर से ही सही लेकिन पुरानी पेंशन योजना धरातल पर आ चुकी है और अब यह तय हो चुका है कि छत्तीसगढ़ में 2004 के बाद नियुक्त हुए कर्मचारियों के लिए भी पुरानी पेंशन योजना लागू हो चुकी है । मैंने ऐसे ही प्रकरणों की सूची वित्त मंत्री जी को भी सौंपी है ताकि उनमें भी कार्रवाई हो सके। अब हमारा अगला प्रयास शिक्षाकर्मी से शिक्षक बने साथियों के पूर्व सेवा गणना की रहेगी ताकि जो साथी 10 साल से पहले रिटायर हो रहे हैं उन्हें भी पेंशन का लाभ मिल सके वर्तमान में मृत कर्मचारियों के परिजन को तो लाभ मिलेगा लेकिन जो कर्मचारी जीवित रहते हुए रिटायर हो जाएंगे।

# किसान न्याय योजना की चौथी किस्त कृषि मजदूर को न्याय योजना की किस्त एवं युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की बकाया किस्तों का जल्दी भुगतान करे : डॉ रश्मि चंद्राकर

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि साय सरकार किसान न्याय योजना की चौथी किस्त कृषि मजदूर को न्याय योजना की किस्त एवं युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की बकाया किस्तों का जल्दी भुगतान करे। पूर्व कांग्रेस की सरकार में ही इन सभी योजनाओं के लिए बजट में प्रावधान करके राशि की व्यवस्था कर दी गई थी। सरकार बदलने के बाद इन योजनाओं की किस्त अब तक नहीं दिया गया है। किसान योजना के 26 लाख से अधिक किसानों को एवं भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के मजदूरों को एवं डेढ़ लाख से अधिक बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता की किस्त का इंतजार है। उन सभी योजना से प्रदेश के लाखो परिवारों को आर्थिक मदद मिलता है जिसे साय सरकार ने रोक रखा है। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि मोदी की गारंटी के नाम से सत्ता में आये लोगों ने प्रदेश के लोगों को पूर्व से मिल रहे आर्थिक सहायता को रोक रखा है। मोदी की गारंटी में भी मजदूरों को 10000 रु सालाना देने का वादा था लेकिन अब तक इस दिशा में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। पूर्व से जिन हितग्राहियों को वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन और परित्यक्ता पेंशन मिलता था उन्हें भी अब साय सरकार में पेंशन नहीं मिलेगा। महतारी योजना के नाम से पूरे प्रदेश के महिलाओं के साथ धोखा और छल किया गया है। महतारी वंदन योजना की पात्रों की अंतिम सूची में हजारों महिलाओं का नाम नहीं है। भाजपा का चरित्र सिर्फ धोखा देना है। विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं का वोट पाने के लिए भाजपा नेताओं ने जो बड़े-बड़े वादे किए थे सपने दिखाए थे वह अब सिर्फ सपना बनकर रह जायेगा।

## भाजपा शासन में शिक्षा व्यवस्था का बंटाधार : व्यंकटेश

**मनेन्द्रगढ़।** पूर्व न्यायाधीश एवं युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व्यंकटेश सिंह ने एक बयान जारी कर भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया है। अपने बयान में सिंह ने कहा है कि 15 साल तक बीजेपी की सरकार ने प्रदेश में 3000 स्कूल बंद कर दिये थे और शिक्षा व्यवस्था चौपट कर दी थी। प्रदेश में मॉडल स्कूल और मुख्यमंत्री स्कूल नहीं चला पायी थी। बीजेपी सरकार और सरकारी स्कूल केवल भ्रष्टाचार करने के लिए रह गये थे। कांग्रेस ने स्वामी के आत्मानंद स्कूल खोलकर न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ाया बल्कि सभी वर्गों के लिए बेहतर शिक्षा का मार्ग खोला। आज स्वामी आत्मानंद स्कूलों को सरकार बंद करने की साज़िश कर रही है।

# छ.ग. कहरा समाज के निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बने मुकेश कुमार राकेश

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



छ.ग. कहरा समाज के द्वारा प्रत्येक वर्ष मॉघ पूर्णिमा के अवसर पर ग्राम खरौद में उपमहासभा का आयोजन किया जाता है। जिसमें समाज के समाजिक परंपरा का निर्वहन करते हुए मॉघ पूर्णिमा के दिन ही प्रत्येक दो वर्ष में नये प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव भी किया जाता है। जिसमें समाज के पूर्व पदाधिकारियों के द्वारा कार्यकाल समाप्त होने पर उचित चुनाव प्रक्रिया के तहत् नये पदाधिरियों का चयन किया जाता है। इस वर्ष उक्त उपमहासभा में निर्वाचन कार्य के लिए गोरे लाल आदित्य भटगॉव एवं दीपक आदित्य बिलासपुर को निर्वाचन अधिकारी बनाये गये थे। उक्त अध्यक्ष पद के लिए केंवल एक ही आवेदन पत्र निर्वाचन अधिकारी को प्राप्त हुए थे। किसी अन्य ने कोई आवेदन पत्र जमा नही किया। इस कारण निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से ग्राम कटगी निवासी मुकेश कुमार राकेश को निर्विरोध छ.ग. कहरा समाज का प्रदेश अधक्ष चुना गया है। महासचिव के रूप में जॉजगीर निवासी हरिहर आदित्य को चुना गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्य कार्यकारिणी का गठन आगामी एक सप्ताह के अंदर किया जायेगा। छ.ग. कहरा समाज हमेशा समाज कल्याण के लिए लगातार अग्रसर रहता है। इनके द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, सामूहिक विवाह कार्यक्रम, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, कैरियर मार्गदर्शन इस तरह की विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष से भी आशा करते है कि इस प्रकार की समाजिक कल्याणार्थ गतिविधियों को लगातार उत्तरोत्तर गति से निरंतर जारी रखने में अहम भूमिका अदा करेंगें। इस अवसर पर शिवरीनारायण से खिलावन आदिय, कटगी से शुकदेव राकेश, श्याम लाल राकेश, रमेश राकेश, योगेश राकेश, लालमणी राकेश, बिलाईगढ, से भरत लाल राकेश, सारंगढ़ से संतोष कुमार आदित्य, अशोक कुमार आदित्य, गोपाल आदित्य, चिस्दा से भरत लाल कहरा, रामकिशन कहरा, कोरबा परिक्षेत्र से गेंदलाल कटकवार दाताराम, द्वारिका प्रसाद, रतनपुर से गुहाराम कहरा, बिलासपुर से दीपक आदित्य, बलौदा से अमरनाथ आदित्य, जीवधन आदित्य, खरौद क्षेत्र से लक्ष्मी प्रसाद आदित्य, गोपी आदित्य, लक्ष्मण आदित्य सहित अनेक समाजिक बन्धु उपस्थित रहें।

## छत्तीसगढ़ के सबसे बड़ा व ऐतिहासिक माघी पुन्नी मेला शिवरीनारायण पूरे शबाब पर

# शिवरीनारायण महोत्सव बनाम भाजपा मिलन महोत्सव

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com




अनादि कालीन शिवरीनारायण माघी- पुन्नी 15 दिवसीय मेला पूरे शबाब पर है। भारतवर्ष के कोने-कोने से आए दर्शनार्थी, भक्त श्रद्धालु गण अपनी मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु चित्रोत्पला गंगा महानदी का पुण्य स्नान कर भगवान शिवरीनारायण का दर्शन कर धर्म धरा सबरी जन्मभूमि के अन्य सभी मंदिरों का दर्शन कर माघी पुण्य मेले सहित भव्य चौपाटी तथा नौका विहार का लुफ्त उठा रहे हैं। वहीं विश्व विधाता भगवान जगन्नाथ स्वामी की इस कर्मभूमि में लगने वाले ऐतिहासिक-आध्यात्मिक -धार्मिक मेला के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात यहां शिवरीनारायण महोत्सव का प्रारंभ हुआ। इस महोत्सव का आयोजन निरंतर न होकर किसी-किसी वर्ष होता रहा है। कभी पांच दिवसीय तो कभी तीन दिवसीय आयोजन होते रहा है। इस वर्ष 24 फरवरी से यह ऐतिहासिक मेला प्रारंभ हुआ है लेकिन 3 मार्च से 5 मार्च तक तीन दिवसीय शिवरीनारायण महोत्सव का आयोजन इस वर्ष किया जा रहा है। संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से शिवरीनारायण महोत्सव आयोजन समिति के द्वारा आयोजित इस आयोजन समिति के पदाधिकारीगण कौन है इसका अता-पता नहीं है। वही जन चर्चा व्याप्त है कि यह महोत्सव कमोबेश भाजपा महोत्सव बनकर रह गया है। जिसके मुख्य अतिथि सहित कुल 16 अतिथियों में भारतीय जनता पार्टी के 10 विशिष्ट जन, कांग्रेस के 4 और 2 धर्माचार्य हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में जिस तरह से जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का सफाया और कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत ने बीजेपी और जनमानस को चौकाया है। कयास लगाया जा रहा है। कि इस क्षेत्र में भाजपा की स्थिति सुधारने के लिए छत्तीसगढ़ की इस सबसे बड़ा व विशाल मेले के दौरान शिवरीनारायण में शिवरीनारायण महोत्सव बनाम भाजपा मिलन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ताकि इस लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की स्थिति में सुधार आ सके और आगामी लोकसभा चुनाव में यहां भाजपा का प्रदर्शन उनके आशातीत हो। इसीलिए विगत दिवस केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का विशाल आम सभा जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय में हुआ है और इस क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ जनों लगातार प्रवास कर रहे हैं। बहरहाल इस महोत्सव को लेकर जनमानस में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है। इस महोत्सव का आयोजन शबरी चौक से आगे बिलासपुर रोड़ पर स्थित महंत लाल दास महाविघालय के सामने मैदान में होगाइस महोत्सव का आयोजन नगर के शबरी चौक से आगे बिलासपुर रोड स्थित महन्त लाल दास महाविद्यालय के सामने स्थित मैदान में होगा। महोत्सव का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छ.ग. के उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जॉजगीर चॉपा लोकसभा के सांसद गुहाराम अजगल्ले करेंगे। विशिष्ट अतिथि मारूतिधाम देवरघटा के संत गोपालदास महाराज, शिवरीनारायण मठ मंदिर के सर्वराकार महन्त रामसुन्दर दास, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, विधायक शेषराज हरवंश, विधायक राघवेंद्र सिंह, विधायक ब्यास कश्यप, जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, संतोष लहरे, मंडल अध्यक्ष संजीव बंजारे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी तिवारी होंगें। मिली जानकारी के अनुसार 03 मार्च रविवार को शाम चार बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा जिसमें लोक प्रयाग छत्तीसगढ़ी संस्कृतिक कार्यक्रम राजेश साहू राजीम, भारतनाट्यम गणेश स्तुति व शिवस्त्रोतम राजलक्ष्मी केशरवानी शि:ना, जिला मलखम्भ एसोशियेसन पामगढ़ की प्रस्तुति शाम सात बजे होगी। रात आठ बजे से अलका चंद्राकर एवं साथियों द्वारा फुलवारी लोक कला मंच की प्रस्तुति होगी। 04 मार्च सोमवार को शाम चार बजे से स्थानीय स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी नृत्य की प्रस्तुति, लाल चुनरिया लोक नृत्य कुकदा, कंकालीन दाई जसगीत नेगुरडीह व रात आठ बजे से लोकरंग अर्जुन्दा दीपक चंद्राकर की प्रस्तुति होगी। 05 मार्च मंगलवार को शिवरीनारायण महोत्सव का समापन होगा।

# सामुहिक विवाह में उपमुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री ने जोड़ों को दी शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com



कोरबा-पश्चिम में स्थित मां सर्वमंगला मंदिर में आयोजित सामुहिक विवाह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के साथ प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन भी शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री साव ने उन्हें आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए कहा की ÷मां सर्वमंगला के आंचल में आप सभी दाम्पत्य जीवन में बंधे है, आप सभी इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने हैं।जब परिवार में शादी होती है तो सिर्फ़ परिवार का आशीर्वाद मिलता है, जबकि सामुहिक विवाह में पूरे शहर और सर्व समाज का आशीर्वाद मिलता है। अपने उदबोधन में कैबिनेट मंत्री देवांगन ने कहा की ÷ये बहुत शुभ अवसर है की 31 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे है। सर्वमंगला मंदिर परिसर में आप सभी के जीवन का शुभ अध्याय आज शुरू हो रहा है। आप सभी के जीवन में मां सर्वमंगला का आशीर्वाद बना रहे। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ, राजीव सिंह, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, जोगेश लांबा, देवेंद्र पांडे, नेता प्रतिपक्ष हित्तानंद अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, राजेन्द्र पांडे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पायनियर हलचल...


## एक तीर से कई निशाने



राजनीति में हर एक चाल बहुत सोच-समझकर चली जाती है। वैसे तो भाजपा अपने निर्णय से हमेशा लोगों को चौंकाते रही है। लेकिन हर निर्णय के पीछे बीजेपी की एक बड़ी चाल रहती है। सरोज पांडे के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। दरअसल में सरोज पर अरोप है कि उनसे साहू समाज के लोग काफी रुष्ठ रहते हैं। दुर्ग लोकसभा में इस वर्ग का काफी प्रभाव है। यदि सरोज को दुर्ग से टिकट दिया गया तो साहू समाज उन्हें हरा देगा, वहीं यदि कहीं से उन्हें टिकट नहीं दिया गया तो सरोज दुर्ग प्रत्याशी विजय बघेल के लिए मुसीबत खड़ी कर देंगी। ऐसे में भाजपा ने एक तीर से दो नहीं बल्कि कई निशाने साधते हुए सरोज पांडे को कोरबा से लोकसभा प्रत्याशी घोषित कर दिया है। सरोज पांडे को कांग्रेस की कब्जे वाली सीट से प्रत्याशी घोषित किया गया है। अब भाजपा को खोना कुछ नहीं है सिर्फ पाना है। दरअसल में कोरबा सीट से डॉ. चरणदास की धर्मपत्नि ज्योत्सना महंत सांसद हैं। इसके पूर्व महंत भी यहां से चुनाव जीतते रहे हैं। कुल मिलाकर कोरबा सीट कांग्रेस के खाते में रही है। यदि ऐसे में सरोज चुनाव जीतने में कामयाब होती हैं तो उनका केन्द्रीय मंत्री बनना तय है। वहीं यदि हारती हैं, तो यह सीट तो वैसे भी कांग्रेस की प्रभाव वाली सीट है।

## बृजमोहन सांसद, मूणत मंत्री ?






कहते हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत के दिन लौटने वाले हैं। दरअसल में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को भाजपा ने रायपुर से लोकसभा प्रत्याशी घोषित कर दिया है। लोकसभा में बृजमोहन को उतारना मतलब अब राज्य की राजनीति के बाद बृजमोहन केंन्द्र की ओर रुख करने जा रहे हैं। वहीं बृजमोहन के लोकसभा जाते ही मूणत का रास्ता साफ हो जाएगा। मूणत को मंत्रीमंडल में जगह मिल सकती है। दूसरी ओर लोकसभा चुनाव के दौरान राजेश मूणत को जांजगीर-चांपा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मूणत लगातार जांजगीर में पसीने बहा रहे हैं। यह भी डॉ. चरणदास महंत की प्रभाव वाली सीट है। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस सिर्फ इसी बेल्ट में मजबूत होकर उभरी है। ऐसे में मूणत के सामने भी चुनौती कम नहीं है, इस सीट को जीताकर वह अपना मंत्री पद सुनिश्चित करना चाहेंगे।

## 'बी' टीम के एहसान में दबे मंत्री


कहते हैं राज्य के एक मंत्री टीम 'बी' के एहसानों के बोझ तले दबे हुए हैं। शायद इसीलिए उनके गृह जिले के एसपी और कलेक्टर तक को नहीं बदला गया है। यह भी कहा जा रहा है कि पूर्व की सरकार में काम किये हुए एक कांग्रेसी नेता के बिल क्लियर न हो जाने तक यहां पर अफसरों को डिस्टर्ब न करने का मौखिक आदेश है। एक जमाने में धुर विरोधी रहे इन दोनों नेताओं की मिली-जुली कुश्ती को जनता बहुत करीब से देख रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान यहां से कांग्रेसी विधायक की टिकट काट दी गई। क्षेत्र के एक प्रभावी नेता के समर्थक को टिकट दे दी गई, टिकट कटने से कांग्रेसी विधायक 'बी' टीम के रूप में भाजपा प्रत्याशी का भरपूर सहयोग किया। नेता जी चुनाव जीतने में सफल हो गए, आज वह मंत्री हैं। लेकिन एहसान इतना है कि उसे तो चुकाना ही पड़ेगा। 'बी' टीम का एहसान उतारने वह बेहद व्यस्त हैं। मंत्री जी चुनाव जीतने के बाद सिर्फ एक-दो बार ही क्षेत्र पहुंच सके। स्वागत, अभिनंदन के बाद उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र से जो दूरी बनाई कि वह आज दो माह उपरांत तक अपने निर्वाचन क्षेत्र में पांव नहीं रखे। इस बीच जनता फिर उनके स्वभाव के मूल्यांकन में जुट गई है। अन्दरखाने से आवाज आने लगी है कि सत्ता से बाहर रहने के बाद भी सुधार नहीं हुआ। ऐसा ही चलता रहा तो आगे राम ही मालिक हैं।

## वो जल्दी में थे, चले गए

15 साल बाद राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी, मंत्री पद पाते ही नेता अपने काम-धाम में जुट गए। उनके विभागों में खुला भ्रष्टाचार तो हुआ ही, सरकारी जमीनों, मकानों और भवनों को भी मंत्रियों ने नहीं छोड़ा। सत्ता का नशा ऐसा चढ़ा कि सरकार मानो पांच साल के लिए नहीं, पचास साल के लिए



बनी है। एक मंत्री की पत्नी ने निगम क्षेत्र के सामुदायिक भवन को कब्जा कर आलीशान रहवास व अफिस बना दिया। वहीं



एक कांग्रसी मंत्री ने चारागाह की जमीन पर कब्जा कर कुटीर बना दिया। पांच साल पूरा हुआ कि मंत्री के परिवार को कब्जे वाले भवन से बोरिया बिस्तर समेटकर भागना पड़ा। वहीं दूसरे कांग्रेसी मंत्री इतने जबाबदार हैं कि उन्होंने मीडिया में पूरी जबाबदारीपूर्वक बयान दिया कि हमने सरकारी उपयोग के लिए कुटीर बनाया है। उनकी इमानदारी तो देखिए उन्होंने यह भी कहा कि इस पर न ता अवैध कब्जा है, न हमने पट्टा लिया है। सरकार चाहे तो निर्माण तोड़कर जमीन वापस ले सकती है। हालांकि इस भवन का नाम बस कुटीर है, यह करोड़ों की लागत से बनाया गया आलीशान निर्माण है। सवाल यह उठता है कि राज्य के मंत्री संविधान के दायरे से बाहर हैं क्या? वह सरकारी जमीनों का मनमानी उपयोग व कब्जा कर सकते हैं? निर्माण करा सकते हैं क्या? शायद नहीं। खैर वो जल्दी में थे, इसलिए चले गए। अब भाजपा सरकार को तय करना है कि कब्जे वाले कुटीर को तोड़ना है, कि आगे भी अन्य मंत्री ऐसे ही नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सरकारी जमीनों, भवनों को हथियाने का काम करेंगे।

## शराब घोटाले का सच क्या?



राज्य में कई करोड़ रुपये का शराब घोटाला हो गया, कई लोग इस मामले में जेल में बंद हैं। एक राष्ट्रीय एजेन्सी मामले की जांच कर रही है। लेकिन शराब मामले में सरकार के वक्तव्य को पढ़ेंगे या सुनेंगे तो ऐसा लगता है कि आबकारी विभाग से साफ-सुथरा कोई सिस्टम नहीं हैं। दरअसल में विधानसभा सत्र के दौरान एक भाजपा सदस्य के ध्यानाकर्षण में जो जबाब सरकार की ओर से आया है, उससे यह लगता ही नहीं कि यहां पर कोई शराब घोटाला हो सकता है, या किसी घोटाले की कोई गुजांइस है। हालांकि भाजपा सदस्य का ध्यानाकर्षण कुछ स्पेसिफिक विषय को लेकर था। लेकिन सरकार के जबाब के कुछ बिंदुओं को पढ़ेंगे, तो यहां घोटाले की कोई गुजांइस दूर-दूर तक नहीं दिखती । पूरा सिस्टम पारदर्शी है, फिर अवैध शराब कहां से दुकानों में पहुंच गई। और करोड़ों का घेटाला कैसे हो गया? खैर सच क्या है? यह तो जांच एजेन्सी और राज्य सरकार ही जानेगी।

## असली खिलाड़ी कौन?



छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में वसूली के आरोपों के चलते ईडी ने नवा रायपुर स्थित मुख्यालय में दबिश दिया था। कहते हैं यह बोर्ड वसूली का केन्द्र बना हुआ है। आरोप कितना सच, कितना झूठ यह तो जांच का विषय है। लेकिन इस बीच कुछ दस्तावेज सामने आये हैं जिसमें इंड्रस्ट्रियों को हर एक-दो माह के अंतराल नोटिस जारी किया जाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एक माह के भीतर प्रदूषण की स्थिति सुधर भी जाती है। और एक माह बाद फिर बिगड़ जाती है। यह खेल खुले रुप से चल रहा है। एक इंड्रस्ट्री को तकरीबन एक साल में तीन बार नोटिस दी गई है। यह सिलसिला लगातार चलते रहा। इस इंड्रस्ट्री में 06.06.2022 को वायु प्रदूषण की स्थिति पाई गई, विभाग ने नोटिस जारी किया। 05.07.2022 को नोटिस के बाद सुधारात्मक कार्यवाही की गई, अब स्थिति साामान्य हो गई। फिर उसी इंड्रस्ट्री में 26.12.2022 को पुनः प्रदूषण की स्थिति पाई गई। 10.01.2023 को इंड्रस्ट्री की स्थिति फिर सुधर गई। अब 26.12.2023 को एक बार फिर उसी इंड्रस्ट्री में वायु प्रदूषण की स्थिति पाई गई, फिर नोटिस जारी हुआ। 12.01.2024 को फिर स्थिति सुधर गई। हर माह नोटिस और तुरंत सुधारात्मक कार्यवाही को देख लोग आश्चर्यचकित हैं। बहरहाल इस खेल का असली खिलाड़ी कौन है?

## बेजुवानों को न्याय कब

पूरे विधानसभा सत्र के दौरान वन्य जीवों की मौत का मामला गूंजता रहा। सत्र के आखिरी दिन भी चौसिंगाओं की मौत का मामला सदन में गूंजा। नेता प्रतिपक्ष ने सदन में यह भी कह दिया कि मेरी वन मंत्री के प्रति कोई दुर्भावना नहीं। लेकिन इस मामले पर कार्रवाई अध्यक्ष जी के उपर छोड़ता हूं। सत्र के आखिरी दिन स्वयं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कह दिया कि 3-3 साल तक सस्पेंड रहे डाक्टर को जंगल सफारी में रखे क्यों हैं? किसी अच्छे को भेजिए। इतना सब कुछ होने के बाद भी विभाग के अफसर कह रहे हैं कि यह सब होता रहता है। जाओ घूमकर आओ। कहते हैं कि डाक्टर साहब को साउथ अफ्रीका भेजने की तैयारी है। खैर यह कब तक, बेजुवान जानवरों को न्याय कब मिलेगा। मामले में कब कार्रवाई होगी। तीन-चार माह बाद फिर विधानसभा का मानसून सत्र होगा। सवाल फिर खड़े होंगे? नेता प्रतिपक्ष अपनी अर्जी पर फिर अध्यक्ष से गुहार लगाएंगे। कोई वन्य जीव प्रेमी फिर वेजुवान जानवरों के लिए आवाज बुलंद करेगा।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# मुख्यमंत्री ने किया गिरी गोवर्धन पर्वत-तामामुंडा में सांस्कृतिक मंडप का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री ने किया गिरी गोवर्धन पर्वत-तामामुंडा में सांस्कृतिक मंडप का शुभारंभमुख्यमंत्री ने किया गिरी गोवर्धन पर्वत-तामामुंडा में सांस्कृतिक मंडप का शुभारंभमुख्यमंत्री ने किया गिरी गोवर्धन पर्वत-तामामुंडा में सांस्कृतिक मंडप का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने फरसाबहार विकास खंड के अंतर्गत ग्राम तामामुंडा में स्थित गिरी गोवर्धन धाम में निर्मित सार्वजनिक सांस्कृतिक मंडप सहित अखिल भारतीय महाकुल (यादव) समाज के कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय भी उपस्थित रहीं। यहां मुख्यमंत्री ने भगवान कृष्ण की पूजा कर तीन दिवसीय अखंड हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे,हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे कीर्तन एवं अधिवास समारोह का शुभारंभ किया और परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का भी रोपण किया।

## महंगाई को लेकर कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

महंगाई को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजधानी के शास्त्री बाजार आम आदमी और सब्जी विक्रेताओं से मिलकर बढ़ती महंगाई पर चर्चा किया। इस दौरान उन्होंने सब्जियां भी खरीदा। प्रदेश अध्यक्ष ने अदरक, लहसून, मटर, चना, गाजर, टमाटर आदि सब्जियां भी खरीदा। इस अनोखे विरोध प्रदर्शन में प्रदेश भर में जिला कांग्रेस कमेटियों के नेतृत्व में कांग्रेसजन सब्जियां, किराना सामानो को खरीद कर बढ़ती महंगाई का विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि 100 दिन में महंगाई कम करने का वायदा कर सरकार में आये मोदी के राज में महंगाई 50 सालों में सबसे ऊंचे पायदान पर है। जनता की कमर महंगाई से टूट गयी है। आम आदमी के रसोई का बजट बिगड़ गया है। खाने के तेल और दाल की कीमत 70 रु. और 60 रु. प्रति किलो थी, वह 200 रू. प्रति किलो को पार कर गई है। इतना ही नहीं, बीते दिनों जीएसटी की बर्बर मार से दही, पनीर, लस्सी, आटा, सूखा सोयाबीन, मटर व मुरमुरे भी बच नहीं सके, उन पर भी 5 फीसदी जीएसटी लगा दिया गया। होटल के 1,000 रु. के कमरे पर 12 प्रतिशत जीएसटी मोदी सरकार वसूल रही है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 1000 रु. के पार है। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 102.56 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 95.44 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में क्रूड आयल का दाम लगातार कम हो रहे है।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर रायगढ़ विधानसभा के लिए मिली 1 करोड़ 05 लाख रूपए के विकास कार्यों की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



रायगढ़ विधायक एवं छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर रायगढ़ विधानसभा के लिए 1 करोड़ 05 लाख रूपए के 15 विकास कार्यों की मंजूरी दी गई है। वित्तमंत्री ने क्षेत्रीय आवश्यकताओं को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आवश्यक विकास कार्यों के प्रस्ताव की सूची स्वीकृति हेतु भेजी थी। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के प्रस्ताव पर विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण से विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें रायगढ़ विधानसभा के लिए 1 करोड़ 5 लाख रूपए के 15 विकास कार्य स्वीकृत किया गया है। रायगढ़ के ग्राम पंचायत कोयलंगा में बालक राम साहू के घर के पास से चौहान मोहल्ला रोड तक 2.50 लाख रूपए, ग्राम पंचायत सुकुलभठली में घनसुन्दर घर से चौकीदार घर तक 10 लाख रूपए की लागत से, विकास घर से मुख्य मार्ग की ओर 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत नवापाली में शनि मंदिर गबेत शरण घर से गौतम मांझी के घर तक 8.70 लाख रूपए, ग्राम पंचायत आमापाली में मौहापाली बीच बस्ती में 4 लाख रूपए, ग्राम पंचायत कांदागढ़ में बजरंग बली मंदिर से मुक्ति धाम तक 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत नावापारा में चंद्रहास यादव घर से किशोर के घर तक 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत कोड़ातराई में रामनगर कोड़ातराई तक 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत ओडेकेला मे गुरूडीपा में 7.80 लाख रूपए, ग्राम पंचायत उमरिया में गौडियापारा पुरानी बस्ती आनंद प्रधान घर से उदयभोग घर तक 5 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत कोतासुरा में सारथी घर से नंदेली रोड तक 2.60 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायक अमुर्री में सारथी मोहल्ला से मेन रोड तक 2.60 लाख रूपए, ग्राम पंचायत सुखापाली में समारू घर से सुखापाली रोड तक 7.80 लाख रूपए, ग्राम पंचायत बोरिदा में बस्ती से मुक्ति धाम तक 9 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत नदीगांव में नया मोहल्ला में 5 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## महतारी वंदन योजना के आधार सीडिंग की प्रक्रिया के लिए रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे बैंक

**रायपुर।** निदेशक, संस्थागत वित्त निदेशालय छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के खातों में आधार सीडिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की गई। इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी की संयुक्त अध्यक्षता में एसएलबीसी संयोजक और सदस्य बैंकों के साथ महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के बैंक खातों से आधार कार्ड को जोड़ने के मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक की शुरुआत में सचिव, महिला एवं बाल विकास शम्मी आबिदी ने छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के खातों से आधार कार्ड लिंक करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि जिलों में स्टेट बैंक की शाखाएं आधार सीडिंग प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए जिला अधिकारियों के साथ सहयोग करें।

## विकसीत भारत संकल्प पत्र सुझाव अभिन का शुभारंभ आज

**महासमून्द।** भाजपा विकसीत भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में करने जा रही है। इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार (26 फरवरी) को इस अभियान की शुरूआत राष्ट्रीय स्तर पर की है। विकसीत भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान के माध्यम से आम लोगों से सुझाव एकत्रित करने के इस अभियान के तहत 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझाव एकत्रित करने के लक्ष्य के साथ इस अभियान में जुट चुकी है।इसी तात्मय में चुन्नीलाल साहू सांसद राजू सिन्हा विधायक संपत अग्रवाल विधायक ने प्रेस वार्ता ली विकसीत भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभांरभ राष्ट्रीय स्तर पर 26 फरवरी को हुआ तत्पश्चात 27 व 28 फरवरी को प्रदेश स्तर पर इस कार्यक्रम के लाचिग की तारीख के तहत हम छत्तीसगढ़ में इस अभियान की शुरुआत कर रहे है। और इसी कार्यक्रम को जिला स्तर पर आगे बढ़ाते हुए 28 व 29 फरवरी को जिला स्तर पर छत्तीसगढ़ में विकसीत भारत संकल्प पत्र अभियान की लान्चिंग हुई 27 फरवरी से 15 मार्च- विकसित भारत कोहोर्ट मिलन एवं संवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न संस्थाओं के ज्ञापन एवं सुझाव लेना और विभिन्न जनसंपर्क गतिविधियों में हम जुटेंगे और जनता से सीधा संवाद करेंगे। साथ ही एलईडी प्रचार वाहनों के माध्यम से देश भर के 500 लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान चलाया जाएगा। और छोटी सभाएं आयोजित कर जनता से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। घर-घर जनसंपर्क अभियान 08 मार्च से 10 मार्च इस अभियान के तहत हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता बूथ स्तरीय जनसंपर्क अभियान में निकल कर सघन जनसंपर्क करेंगे और जनता से सुझाव एकत्रित करेंगे। प्रकोष्ठों के कार्यक्रम (27 फरवरी से 15 मार्च) हमारे जो विभिन्न प्रकोष्ठ है उनके द्वारा इस अभियान के तहत जिला स्तरीय गोष्ठी एवं विधानसभा स्तर पर छोटी बैठकों के माध्यम से संबंधित कोहोर्ट से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे।

## जिला जेल में परिरूद्ध बंदियों को दिया गया मानसिक तनाव दूर करने के सुझाव

**धमतरी।** जिला चिकित्सालय धमतरी के क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रीति चाण्डक द्वारा बीते दिन जिला जेल में एक दिवसीय शिविर लगाकर जेल में परिरूद्ध 243 बंदियों का मानसिक तनाव दूर करने के सुझाव दिये गये। इस दौरान उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य की स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका, मानसिक बीमारियों के लक्षण की पहचान कैसे करनी है, इस बारे में बताया। उन्होंने बंदियों में होने वाले तनाव के विभिन्न कारक जैसे घर-परिवार से दूर अकेले , अपने द्वारा किए गए काम को लेकर आत्मग्लानि महसूस करना, जेल का परिवेश ,अपनों की चिंता, सजामुक्त होने के बाद भविष्य को लेकर चिंता इत्यादि पर चर्चा करते हुए विभिन्न प्रकार के उपायों के माध्यम जैसे प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल, डिसिजन मेकिंग स्किल असर्टिवनेस टेक्निक, वेंटीलेशन टेक्निक, म्यूजिक थेरेपी इत्यादि द्वारा तनाव को कम करने के बारे में जानकारी दी। सहायैक जेल अधीक्षक एन.के.डहरिया ने शिविर में आत्महत्या से बचाव के उपाय, अवसाद से मुक्ति पाने और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रखने के बारे में विस्तारपूर्वक बताया इस अवसर पर जिला जेल के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403